ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

शारदीय नवरात्र | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | www.rastriyanaveenmail.com

### तृतीय : चंद्रघंटा

**यह** देवी दुर्गा के नौ रूपों में से तीसरा रूप है। नवरात्रि के तीसरे दिन इनका पूजन किया जाता है। नवरात्रि उपासना में तीसरे दिन की पूजा का अत्यधिक महत्व है और इस दिन इन्हीं के विग्रह का पूजन-आराधन किया जाता है। इस दिन साधक का मन 'मणिपूर' चक्र में प्रविष्ट होता है।

पिण्डज प्रवरारूढ़ा
चण्डकोपास्त्रकैर्युता।
प्रसादं तनुते मह्यम् चन्द्रघण्टेति
विश्रुता॥

**मां** का यह स्वरूप शांतिदायक और कल्याणकारी है। इनके माथे पर घंटे के आकार का अर्द्धचंद्र है, इसीलिए इन्हें चंद्रघंटा कहा जाता है। इनका शरीर स्वर्ण के समान उज्ज्वल है। इनके दस हाथ हैं। दसों हाथों में खड्ग, बाण आदि शस्त्र सुशोभित रहते हैं। इनका वाहन सिंह है। इनकी मुद्रा युद्ध के लिए उद्यत रहनेवाली है। इनके घंटे की भयानक चडंध्वनि से दानव, अत्याचारी, दैत्य, राक्षस डरते रहते हैं। नवरात्र के तीसरे दिन साधक का मन मणिपुर चक्र में प्रविष्ट होता है। मां चंद्रघंटा की कृपा से साधक को अलौकिक दर्शन होते हैं। मां चन्द्रघंटा की कृपा से साधक के समस्त पाप और बाधाएं विनष्ट हो जाती हैं।

# सुप्रीम कोर्ट में एक नये युग की शुरुआत

## इतिहास में पहली बार किसी केस की सुनवाई का हुआ लाइव टेलीकास्ट

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट की संवैधानिक पीठों की सुनवाई की लाइव स्ट्रीमिंग मंगलवार से शुरू हो गयी। पिछले सप्ताह देश के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) जस्टिस यूयू ललित के बुलावे पर सर्वोच्च अदालत

**▸▸ 2018 में लाइव स्ट्रीमिंग पर तत्कालीन सीजेआई ने दिया था ऐतिहासिक फैसला**

के सभी जजों की हुई मीटिंग में फैसला हुआ था कि 27 सितम्बर से लाइव स्ट्रीमिंग की जायेगी। फैसले के तहत पहली बार मंगलवार को इतिहास बन गया जब तीन अलग-अलग संवैधानिक पीठों की सुनवाई का लाइव प्रसारण किया गया।

**पहले दिन इन चार मुद्दों पर सुनवाई का लाइव प्रसारण :** मंगलवार को पहले दिन तीन संवैधानिक पीठों की लाइव स्ट्रीमिंग हुई। इनमें एक पीठ ने सवर्ण गरीबों को 10 प्रतिशत आरक्षण के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुनवाई की। वहीं, दूसरी पीठ में केंद्र और दिल्ली सरकारों की शक्तियों और शिवसेना का असली हकदार कौन, चुनाव आयोग को अभी यह तय करने से रोकने लिए उद्धव ठाकरे गुट की याचिका जबकि तीसरी पीठ में ऑल इंडिया बार एग्जामिनेशन के मुद्दे पर सुनवाई हुई। तीनों पीठ की लाइव स्ट्रीमिंग सुप्रीम कोर्ट की आधिकारिक वेबसाइट के साथ-साथ यूट्यूब पर भी की गयी। नेशनल इन्फॉर्मेटिक्स सेंटर पूरी प्रक्रिया का संचालन कर रहा है। सूत्रों ने बताया कि लाइव स्ट्रीमिंग का नया सिस्टम रविवार और सोमवार को परखा गया और सब ठीकठाक रहने पर मंगलवार को तय फैसले के मुताबिक आगाज कर दिया गया।

### चार साल पहले वो ऐतिहासिक फैसला और फिर बना इतिहास



27 सितम्बर 2018 को ही तत्कालीन चीफ जस्टिस दीपक मिश्रा ने महत्वपूर्ण मुद्दों पर अदालतों में चलने वाली सुनवाई के लाइव टेलीकास्ट या वेबकास्ट का ऐतिहासिक फैसला दिया था। तब उन्होंने अपने आदेश में कहा था, 'धूप सर्वोत्तम कीटाणुनाशक है।' उनके कहने का मतलब था कि पारदर्शिता से घपले की गुंजाइश खत्म होती है। चार साल बाद इसी ऐतिहासिक फैसले के दिन संवैधानिक महत्व के मुद्दों पर सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई की लाइव स्ट्रीमिंग शुरू हो गयी। इससे पहले तत्कालीन सीजेआई जस्टिस एनवी रमण के रिटायरमेंट के दिन 26 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट प्रॉसिडिंग्स को लाइव स्ट्रीम किया गया था।

### सुप्रीम कोर्ट का होगा अपना लाइव स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म

**तीन** जजों की बेंच की अध्यक्षता कर रहे सीजेआई जस्टिस यूयू ललित ने सोमवार सुबह को एक वकील से कहा था कि जल्द ही सुप्रीम कोर्ट का अपना लाइव स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म होगा। दरअसल, वकील ने अपील की थी कि अगर यूट्यूब पर सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई की लाइव स्ट्रीमिंग की प्लानिंग है तो उसकी कॉपीराइट की व्यवस्था की जाये। तब सीजेआई ने कहा कि अभी कुछ दिनों तक ही यूट्यूब पर लाइव स्ट्रीमिंग होगी, उसके बाद जल्द ही अपना प्लेटफॉर्म होगा। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस ने कहा है कि सुप्रीम कोर्ट में मामले की सुनवाई की लाइव स्ट्रीमिंग के लिए शीर्ष अदालत के पास अपना प्लेटफॉर्म होगा। चीफ जस्टिस यूयू ललित की अगुआई वाली बेंच के सामने ऐडवोकेट ने मामला उठाया और कहा कि सुप्रीम कोर्ट को लाइव स्ट्रीमिंग को कॉपीराइट के जरिये सुरक्षित रखना चाहिए। इस मामले को एडवोकेट ने अर्जेंट सुनवाई के लिए कोर्ट के सामने उठाया था। बहरहाल, सुप्रीम कोर्ट प्रॉसिडिंग्स की लाइव स्ट्रीमिंग को कोई भी व्यक्ति मोबाइल, टैब, लैपटॉप आदि में कहीं भी बिना किसी दिक्कत के देख सकता है।

# राज्यपाल ने रोस्टर क्लीयरेंस की दिशा में तीव्र गति से कार्य करने का दिया निर्देश



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राज्यपाल-सह-झारखंड राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति रमेश बैस ने विश्वविद्यालय में रिक्त पदों पर नियुक्ति करने तथा रोस्टर क्लीयरेंस की दिशा में तीव्र गति से कार्य करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि राज्यपाल का पदभार ग्रहण करने के बाद से ही वे उच्च शिक्षा के विकास के लिए पूर्णतः प्रयासरत हैं। उन्होंने शिक्षण संस्थानों की स्थिति में सुधार लाने हेतु सभी को समर्पित भाव से कार्य करने हेतु कहा। उन्होंने उच्च शिक्षा के विकास के लिए कार्यप्रणाली में गति लाने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि कार्य में शिथिलता शिक्षा जगत एवं राज्य के विकास में बाधक है। राज्यपाल ने मंगलवार को राजभवन में विश्वविद्यालयों के विभिन्न समस्याओं के निदान हेतु किये जा रहे प्रयासों की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में झारखंड लोक सेवा आयोग की अध्यक्ष डॉ. मेरी नीलिमा केरकेट्टा, राज्यपाल के प्रधान सचिव डॉ. नितिन कुलकर्णी, सचिव, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग राहुल कुमार पुरवार, निदेशक, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा सूरज कुमार समेत विभाग के अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

राज्यपाल ने कहा कि झारखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय का स्टैच्यूट निर्माण अभी तक नहीं हुआ है। उन्होंने झारखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के लिए कुलपति की नियुक्ति के संदर्भ में अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त की। राज्यपाल ने राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों में कुलसचिव, परीक्षा नियंत्रक ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

### पुलिसकर्मियों की छुट्टियां रद्द

**रांची।** दुर्गापूजा, दीपावली व छठ पर्व के मद्देनजर पुलिस मुख्यालय ने पुलिसकर्मियों की छुट्टियां रद्द कर दी है। इस संबंध में पुलिस मुख्यालय ने आदेश निर्गत किया है। जिसकी कॉपी सभी जिलों के पुलिसअधीक्षक को भेज दी गयी है। विशेष परिस्थिति में सही कारणों के बाद ही पुलिसकर्मियों को छुट्टी दी जायेगी। सभी जिलों के एसपी को पूजा के दौरान सुरक्षा के विशेष इंतजाम करने के भी आदेश दिये गये हैं ताकि शांतिपूर्वक तरीके से लोग पर्व त्योहारों की खुशियां मना सकें। दुर्गापूजा के दौरान सभी जिलों में अतिरिक्त बल की तैनाती के भी निर्देश दिये गये हैं।

### एनआईए की पीएफआई के कई ठिकानों पर छापेमारी

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) और पुलिस ने मंगलवार को पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के देशभर में कई ठिकानों पर छापेमारी की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि छापेमारी के दौरान कई लोगों को हिरासत में लिया गया है। एनआईए द्वारा मंगलवार सुबह पीएफआई के दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और कर्नाटक सहित आठ राज्यों में स्थित परिसरों पर छापे मारे। अंतिम सूचना मिलने तक छापेमीर जारी थी। दिल्ली में रोहिणी में छापेमारी की गयी। दिल्ली पुलिस ने कहा कि इस 30 लोगों को हिरासत में लिया गया है। एनआईए और प्रवर्तन निदेशालय ने 22 सितम्बर को देश में कई जगहों पर छापेमारी की और 100 से अधिक पीएफआई सदस्यों को गिरफ्तार किया।

# महीनों से पोस्टिंग के इंतजार में तीन आईपीएस अधिकारी

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड पुलिस के तीन आईपीएस अधिकारियों को वेटिंग फॉर पोस्टिंग होने के कारण वेतन नहीं मिल रहा है। जानकारी के मुताबिक, डीआईजी रैंक के अधिकारी सुनील कुमार भास्कर व एसएसपी रैंक के अधिकारी सुरेंद्र कुमार झा को 13 जुलाई के बाद मुख्यालय भेज दिया गया है। इनकी अभी तक कहीं तैनाती नहीं की गयी है, ऐसे में उनके वेतन की निकासी नहीं हो रही है। सुरेंद्र कुमार झा रांची के एसएसपी के पद पर तैनात थे। वहीं, एसपी रैंक के ही अधिकारी धनंजय कुमार सिंह को नौ अप्रैल को देवघर एसपी के पद से हटाया गया था, इसके बाद कहीं



**▸▸ वेटिंग फॉर पोस्टिंग होने के कारण नहीं मिल रहा वेतन**

पोस्टिंग नहीं दी गयी थी। ऐसे में उन्हें भी तब से वेतन नहीं मिल रहा। हालांकि, बाद में डीआईजी सुनील भास्कर को डीआईजी जैप का अतिरिक्त प्रभार दिया गया, लेकिन मूल पोस्टिंग नहीं होने के कारण उनका वेतन निकासी नहीं हो पा रहा।

**एसीबी, सीआईडी, जैप समेत कई जगहों पर पद खाली :** राज्य में एसपी व डीआईजी रैंक के अधिकारियों के कई पद रिक्त हैं। मसलन सीआईडी में एसपी के तीन पद रिक्त हैं, वहीं स्पेशल ब्रांच में सीएम सुरक्षा, एसआईबी एसपी का काम प्रभार पर चलाया जा रहा। वहीं, एसीबी में भी प्रक्षेत्रीय एसपी का पद प्रभार में चलाया जा रहा।

# रोजगार कैम्प में चयनित 822 युवतियां हुसूर रवाना

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा ने मंगलवार को हटिया रेलवे स्टेशन से हुसूर (तमिलनाडु) के लिए एक विशेष

**▸▸ केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने हटिया स्टेशन से स्पेशल ट्रेन को दिखायी हरी झंडी**

ट्रेन (संख्या-08633) को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस विशेष ट्रेन से टाटा समूह की कंपनी टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड द्वारा झारखंड के चार जिलों- खूंटी, सरायकेला, चाईबासा एवं सिमडेगा में आयोजित भर्ती अभियान में कुल 1898 चयनित उम्मीदवारों में से 822 लड़कियों




के पहले बैच को ले जाया गया।

इस अवसर पर हटिया स्टेशन के प्रतीक्षालय में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि जनजातीय क्षेत्र की युवतियों को रोजगार मिलने से न केवल उनके परिवार का बल्कि पूरे भारत का भविष्य स्वर्णिम होगा। सबका साथ, सबका विश्वास के साथ आज जनजातीय कार्य मंत्रालय के प्रयासों की बदौलत रोजगार के नये अवसर इनकी प्रतीक्षा कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समृद्ध भारत की परिकल्पना में यह प्रयास भी एक कड़ी है। श्री मुंडा ने कहा कि आज देश सेवा पखवाड़ा मना रहा है। इस मौके पर मैं यह कहना चाहूंगा कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के साथ उन्हें समान अवसर भी दो। रोजगार भर्ती अभियान में चयनित सभी लोग लर्निंग-अर्निंग के साथ-साथ आगे की उच्चशिक्षा भी प्राप्त कर सकेंगे। हमारे देश की महिलाएं आज किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं, चाहे नावाचार हो या विनिर्माण का क्षेत्र सभी में वे आगे हैं। हम सभी को राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका सुनिश्चित करनी चाहिए। समारोह को रांची विधायक सीपी सिंह, हटिया विधायक नवीन जायसवाल, तोरपा विधायक कोचे मुंडा ने भी संबोधित किया।

# ईडी के खुलासे पर राज्य में फिर गरमायी राजनीति

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राज्य में एक हजार करोड़ से अधिक के अवैध खनन को लेकर ईडी की चार्जशीट पर लगातार राजनीति

**▸▸ अधिकारियों की संलिप्तता बता भाजपा ने घेरा**

गरमायी हुई है। पूरे मामले में भाजपा ने राज्य की हेमंत सोरेन सरकार व प्रशासनिक अधिकारियों की संलिप्तता बता वर्तमान सरकार को घेरा है। वहीं, निर्दलीय विधायक सरयू राय ने ईडी से मांग की है कि ईडी पूरे मामले में वर्तमान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ साथ पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास को भी समन करे।

### क्या कहा नेताओं ने

**हेमंत से हो पूछताछ :** भाजपा विधायक दल के नेता व पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा



है कि साहिबगंज खानलूट का माल पंकज मिश्रा से प्रेम प्रकाश, प्रेम से अमित अग्रवाल और अमित उसे हेमंत सोरेन के लिए नामी-बेमानी निवेश करते थे। बाबूलाल ने कहा है कि अमित से पूछताछ हुई। अब ईडी को हेमंत सोरेन को बुलाकर एके-47, चेक-पासबुक के राज और उन पैसों के निवेश की पूछताछ करनी चाहिए। बालूलाल मरांडी ने कहा है कि सिर्फ साहिबगंज जिले में एक हजार करोड़ का घोटाला, वह भी सिर्फ एक पत्थर अवैध खनन से, यह सिर्फ माफिया-गुंडे व सत्ताधारी के बस की बात नहीं। इसमें साहिबगंज से लेकर रांची तक बैठे कुछ अधिकारियों की संलिप्तता है। बाबूलाल मरांडी ने ईडी व आयकर विभाग से जांच की मांग की है।

**प्रशासनिक अधिकारियों की भूमिका की जांच हो :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा है कि हेमंत सरकार में हुए खनन घोटाले में सीधे तौर पर



मुख्यमंत्री और उनके करीबी प्रतिनिधियों के नाम तो अब जग जाहिर हो ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

### झामुमो ने नये सिरे से बनाया मीडिया पैनल

**रांची।** झामुमो ने पार्टी के निर्णयों, कार्यक्रमों व समसामयिक विषयों पर मीडिया में पक्ष देने के लिए नये सिरे से पैनल बनाया है। इस पैनल में साहिबगंज के लिए सांसद विजय हांसदा, दुमका के लिए विजय कुमार सिंह, सुनीता सोरेन, गिरिडीह के लिए विधायक सुदिव्य कुमार सोनू, सरफराज अहमद, बोकारो के लिए योगेंद्र प्रसाद, रांची के लिए सांसद महुआ माजी, मनोज कुमार पांडेय, तनुज खत्री, पूर्वी सिंहभूम के लिए विधायक समीर मोहंती, मोहन कर्मकार, प्रो. अशोक कुमार सिंह, धनबाद के लिए डॉ. नीलम मिश्रा को अधिकृत किया गया है। पार्टी के महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने आदेश निर्गत किया है कि अपने आचरण से पार्टी की मर्यादा रखते हुए ये अपना वक्तव्य मीडिया को देंगे।

# अक्टूबर से बदल जायेंगे कई नियम

\- ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** अक्टूबर से कई नये नियम लागू हो जायेंगे। अब आयकर देनेवाले अटल पेंशन योजना में निवेश नहीं कर सकेंगे। वित्त मंत्रालय की ओर से जारी किये गये एक नोटिफिकेशन के अनुसार एक अक्टूबर 2022 के बाद से अटल पेंशन योजना के तहत करदाता नहीं जुड़ सकेंगे। वहीं, अगर पोस्ट ऑफिस में आपका बचत खाता है तो आप अटल पेंशन योजना के तहत आवेदन दे सकते हैं। हालांकि, यदि आपने पहले ही इस योजना को ले चुके हैं, तो आप पर नये बदलाव का कोई असर नहीं होगा। वहीं, अगर एक करदाता होते हुए भी आपने इस योजना को सब्सक्राइब किया है, तो ऐसी स्थिति में खाता बंद कर आपका पैसा लौटा दिया जायेगा। इस योजना के तहत सब्सक्राइबर को पांच हजार रुपये तक पेंशन लाभ देने का प्रावधान है।

**म्यूचुअल फंड में निवेश के लिए नॉमिनेशन जरूरी :** अगर आप भी म्यूचुअल फंड्स में निवेश करते हैं या भविष्य में करने की इच्छा रखते हैं, तो ऐसे में आपके लिये एक अक्टूबर के बाद से नॉमिनेशन की जानकारी देना अनिवार्य हो जायेगा। नॉमिनेशन डिटेल नहीं देनेवालों को एक डिक्लेरेशन देकर यह बताना होगा कि उन्हें नॉमिनेशन की सुविधा नहीं चाहिए। यह नियम बीते एक अगस्त से ही लागू होने वाला था, लेकिन फिर इसे बढ़ाकर एक अक्टूबर से लागू करने का निर्णय लिया गया। ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

### बदलेंगे डेबिट और क्रेडिट कार्ड से भुगतान के नियम

**रिजर्व** बैंक ऑफ इंडिया के निर्देशों के अनुसार एक अक्टूबर से डेबिट और क्रेडिट कार्ड से भुगतान की प्रक्रिया में टोकनाइजेशन की व्यवस्था लागू हो जायेगी। यह लागू हो जाने के बाद से मर्चेंट, पेमेंट एग्रीगेटर और पेमेंट गेटवे ग्राहकों के कार्ड से जुड़ी जानकारी अपने पास सेव नहीं रख पायेंगे। आरबीआई की इस गाइडलाइन का उद्देश्य कार्ड से खरीदारी के दौरान धोखाधड़ी पर रोक लगाना है।


**कृषि योजना** ○ अबतक 19.50 लाख से अधिक केसीसी स्वीकृत, मार्च 2023 तक 25.50 लाख का लक्ष्य

# किसानों के लिए खेती की राह आसान कर रहा केसीसी


## अतिरिक्त तीन प्रतिशत ब्याज में मदद कर रही राज्य सरकार

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखण्ड के किसानों को अनवरत किसान क्रेडिट कार्ड से आच्छादित करने की प्रक्रिया चल रही है। जिसका प्रतिफल है कि 15 सितम्बर 2022 तक 19,18,511 केसीसी धारक राज्य में हो गये हैं। जबकि सितम्बर 2021 के बाद 5,34,331 नये केसीसी को स्वीकृति दी गयी है। यह किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) राज्य के किसानों के लिए वरदान साबित हुआ है। केसीसी के माध्यम से किसानों को खेती के लिए आसान ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। इससे जहां किसानों को खेती में सहायता मिल रही है, वहीं उन्हें साहूकारों के चंगुल से भी मुक्ति मिल रही है। वर्तमान सरकार के प्रयास से कृषि ऋण में लगातार सुधार हो रहा है। यही वजह है कि राज्य गठन के बाद से दिसम्बर 2019 तक मात्र 409 करोड़ रुपये किसानों के बीच वितरित किये गये। जबकि वर्तमान सरकार द्वारा 900 करोड़ रुपये से अधिक स्वीकृत किया गया।




> मुख्यमंत्री के आदेश पर युद्ध स्तर पर किसानों को केसीसी मुहैया कराया जा रहा है। कृषक मित्र, एटीएम, बीटीएम एवं वीएलडब्लू टोला-टोला घूम कर किसानों से केसीसी फॉर्म भरवा रहें हैं। फलस्वरूप वर्ष 2021 के बाद से अप्रत्याशित रूप से सबसे अधिक केसीसी आवेदन भरवाये गये हैं।
> – निशा उरांव, निदेशक, कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग।




**केसीसी के लिए सतत बढ़ते कदम :** केसीसी के तहत जून 2021 में 420.74 करोड़, अगस्त 2021 में 581.53 करोड़, अक्टूबर 2021 में 685.16 करोड़, दिसम्बर 2021 में 914.2 करोड़ एवं अप्रैल 2022 में 1313.36 करोड़ की राशि बैंक द्वारा स्वीकृत की गयी है। वहीं, अप्रैल 2022 में 17.76 लाख, सितम्बर 2022 में 19.50 लाख किसानों को केसीसी प्रदान किया गया। दिसम्बर 2022 तक 22.50 लाख एवं मार्च 2023 तक 25.50 लाख किसानों को केसीसी प्रदान करने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

**क्या है केसीसी :** किसान क्रेडिट कार्ड ऋण किसानों को सात प्रतिशत ब्याज ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

# पीएम मोदी एक अक्टूबर को करेंगे देश में 5जी का शुभारंभ

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक अक्टूबर को देश के पांचवी पीढ़ी की दूरसंचार सेवा 5जी को लांच करेंगे। राजधानी के प्रगति मैदान में एक अक्टूबर से चार अक्टूबर तक चलनेवाले इंडिया मोबाइल कांग्रेस (आईएमसी) के उद्घाटन के अवसर पर श्री मोदी इस सेवा को शुरू करनेवाले हैं। हालांकि, इस संबंध में आधिकारिक तौर पर कोई जानकारी नहीं दी गयी है लेकिन दूरसंचार मंत्रालय के सूत्रों का कहना है कि प्रधानमंत्री उस दिन देश में 5जी इंटरनेट सेवा की शुरुआत कर सकते हैं। आईएमसी के उद्घाटन के अवसर पर संचार, इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी और रेल मंत्री



अश्विनी वैष्णव भी मौजूद रहेंगे। इसका आयोजन दूरसंचार विभाग और टेलीकॉम सेवायें देनेवाली कंपनियों के शीर्ष संगठन सीओएआई मिलकर करता है। इस वर्ष आईएमसी का छठवां संस्करण है। उल्लेखनीय है कि गत अगस्त में सम्पन्न हुई 5जी स्पेक्ट्रम नीलामी में कंपनियों ने 1.50 लाख करोड़ रुपये से अधिक के स्पेक्ट्रम खरीदे थे। कंपनियों ने 150173 करोड़ रुपये में 51236 मेगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम खरीदे थे।

# न्यूज गैलरी

## रावण दहन कार्यक्रम में हिस्सा लेगे बाबूलाल मरांडी

नामकुम। श्री श्री दुर्गा पुजा समिति सिदरौल जोड़ा मंदिर का प्रतिनिधि मण्डल पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के आवास में मुकात कर नवमी व रावण दहन कार्यक्रम में शामिल होने हेतु निमंत्रण दिया। इस मौक पर नामकुम प्रशासनिक सांसद प्रतिनिधि एवं नवनियुक्त रावण दहन के अध्यक्ष अशोक नायक, समिति के उपाध्यक्ष शत्रुधन बड़ाईक, ईश्वर दयाल साहू, राजू लकड़ा, सुनील साहू सहित शमिल हुए।

## अश्लील गाना नहीं बजाएंगे व साउंड सिस्टम का समय निर्धारित : थानेदार

नामकुम। नामकुम थाना परिसर में मंगलवार को पंडाल संचालकों एवं साउंड बॉक्स तथा डीजे संचालकों के साथ बैठक संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए थानेदार इंस्पेक्टर सुनील तिवारी ने कहा कि सरकार एवं प्रशासन के द्वारा जारी दिशा निर्देश से अवगत कराते हुए एक प्रतिलिपि सौपी गई। इस दौरान डीजे वाले से बांड भरवाने के साथ-साथ उन्हें गाइडलाइन का पालन करने संकल्प लिया। पालन करेंगे किसी तरह का अश्लील गाना नहीं बजाएंगे और साउंड सिस्टम वाले निर्धारित समय एवं तय मानक के अनुसार ही साउंड बॉक्स को बजाएंगे। इसके साथ ही चार पंडाल धारक दिनांक 5 एवं दो पंडाल धारक दिनांक 6 एवं चार पंडाल धारक दिनांक 7 अक्टूबर को विसर्जन करने पर राजी हुए हैं। रावण दहन एवं दशमी के दिन सदाबहार चौक पर बृहद पैमाने पर प्रसाद वितरण को लेकर भी उपस्थित व्यक्ति के साथ विचार विमर्श किया गया। इस मौके पर खरसीदाग ओपी प्रभारी शाहा, सब इंस्पेक्टर रवि केशरी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## अमन ग्रुप वेल्फेयर ट्रस्ट का एक प्रतिनिधिमंडल मृतक के परिवार से मिला

मांडर। मंगलवार को मांडर थाना के कंजिया गांव में मृत शाहबाज अंसारी के परिवार से मुलाकात किए। ज्ञात हो कि कल कुछ लोगों ने शाहबाज अंसारी की हत्या कर शव लेकर ऑटो में घुमा चल रहा था। बाद में परिजन पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। सुशांत नायक, ओमप्रकाश महतो औरशाहबाज के बीच दोस्ती थी, तीनों आपस में खाया पिया और माथे में रॉड घोपकर बेरहमी से हत्या कर दिया। अमन ग्रुप इस हत्या का कड़े शब्दो में निन्दा करता है, तथा कोयल कारो डीएसपी अनिमेश नेथानी से मिलकर दोनों लड़कों को सख्त सजा दिलाने का मांग किया।आज के प्रतिनिधिमंडल में संरक्षक शमीम बड़ेहार , अध्यक्ष अता उल्लाह अंसारी, सचिव अमन राज ,कार्यकारी अध्यक्ष बबलू अंसारी ,कोषाध्यक्ष सामी अंसारी ,हाजी शरीफ अंसारी नियाज उल खान, मोहसिन खान ,हसन अंसारी, शमशाद अंसारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## दो नवयुवकों की बज्रपात से हुई मौत

मांडर। प्रखंड के करकरा गांव के दो नवयुवकों की दोपहर लगभग 4 :30 बजे हुए बज्रपात से मौत हो गई।मृतकों में तफेजुल अंसारी 19 वर्ष व रकीब अंसारी 18 वर्ष है। इनकी असामयिक मौत से पूरा गांव एवं मांडर मर्माहत है।घटना के बाद दोनों को ग्रामीणों की मदद से मांडर रेफरल अस्पताल लाया गया जहाँ डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।मांडर पुलिस ने दोनों के शव को अंत्यपरीक्षण के लिए रिम्स भेज दिया है। तजेफुल अंसारी प्रसिद्ध नागपुरी आधुनिक, ठेठ व उरांव गीत के गायक तानिश अख्तर का पुत्र था।

## दर्जनों विद्यालयों के सैकड़ों छात्र छात्राओं का बैंक में खाता नहीं

लापुंग। लापुंग प्रखंड के दर्जनों विद्यालयों के सैकड़ों छात्र छात्राओं का बैंक में खाता नहीं रहने के कारण स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के द्वारा लापुंग प्रखंड संसाधन केंद्र में एचडीएफसी बैंक के द्वारा खाता खोलने के लिए कैंप लगाया गया था। लेकिन खोदा पहाड़ और निकली चुहिया वाली कहावत चरितार्थ हो गई। सैकड़ों आशान्वित छात्र छात्राओं को उस समय निराशा हाथ लगी जब एचडीएफसी बैंक के अधिकारियों के द्वारा बताया गया कि उनके पास केवल 40 ही उपलब्ध है। छात्र छात्राओं के अभिभावकों ने कैंप के दौरान हंगामा कर दिया कहा कि जब केवल 40 बच्चों का ही खाता खोलना है तो सैकड़ों की संख्या में बच्चों को आमंत्रित करने की क्या जरूरत थी ? भारी हंगामा के बीच एचडीएफसी के बैंक के अधिकारी भीम कुमार ने कहा कि वे उच्चाधिकारियों के निर्देश पर यहां पहुंचे हैं उनके पास केवल 40 फार्म ही उपलब्ध है ऐसे में वे कुछ नहीं कर सकते। उनकी बात सुनते ही बच्चों और अभिभावकों में आक्रोश की लहर दौड़ गई।

# रांची से गिरफ्तार हुआ शातिर साइबर अपराधी,गुड़गांव पुलिस का भी था वांटेड

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची पुलिस ने एक शातिर साइबर अपराधी को रांची के जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार साइबर अपराधी राजकुमार सिंह गुड़गांव पुलिस का भी वांटेड था। गिरफ्तार साइबर अपराधी के पास से पुलिस ने एक दर्जन से अधिक पासबुक, चेक, एटीएम कार्ड और पैन कार्ड बरामद किया है।

> मामले को लेकर रांची पुलिस के द्वारा गुड़गांव पुलिस से जब संपर्क साधा गया तब यह जानकारी मिली कि राजकुमार सिंह एक शातिर साइबर अपराधी है और उसमें लगभग एक दर्जन लोगों से ठगी की घटना को अंजाम दिया है। गुड़गांव थाने में 7 लाख की ठगी का एक मामला भी राजकुमार सिंह के खिलाफ दर्ज है।

कैसे हुई गिरफ्तारी : रांची के जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के पास रहने वाले एक बुजुर्ग व्यक्ति का खाता अचानक गुड़गांव पुलिस के द्वारा फ्रिज करवा दिया गया। मामले को लेकर जब बुजुर्ग व्यक्ति ने बैंक से संपर्क किया तो नया जानकारी दी गई कि आपके खाते को गुड़गांव पुलिस के आग्रह पर फ्रिज किया गया है। इसके बुजुर्ग ने गुड़गांव पुलिस से संपर्क किया तो वहां की पुलिस ने उन्हें यह बताया कि आपके खाते में हाल में ही फोन पे के माध्यम से 50 हजार रुपये ट्रांसफर किये गए है जो साइबर अपराधी के खाते से गये है। जानकारी मिलने पर बुजुर्ग रांची के जगन्नाथपुर थाना पहुंचे और पुलिस को पूरे मामले की जानकारी दी। बुजुर्ग ने पुलिस को यह बताया कि उनके पड़ोस में ही रहने वाले राजकुमार सिंह नामक व्यक्ति ने उनसे नगद पैसे मांगे थे। उस समय उनके पास 50 हजार नगद थे जो उन्होंने राजकुमार सिंह को दे दिए थे ,उसके बदले राजकुमार सिंह ने फोन पे के माध्यम से उनके अकाउंट में 50 हजार डाल दिये थे। मामले को लेकर रांची पुलिस के द्वारा गुड़गांव पुलिस से जब संपर्क साधा गया तब यह जानकारी मिली कि राजकुमार सिंह एक शातिर साइबर अपराधी है और उसमें लगभग एक दर्जन लोगों से ठगी की घटना को अंजाम दिया है। गुड़गांव थाने में 7 लाख की ठगी का एक मामला भी राजकुमार सिंह के खिलाफ दर्ज है।

**जाल बिछा कर दबोचा :** राजकुमार सिंह को लेकर रांची के सीनियर एसपी किशोर कौशल को भी कई जानकारियां हाथ लगी थी, जिसके बाद साइबर डीएसपी यशोधरा और जगन्नाथपुर थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिंह को राजकुमार सिंह की गिरफ्तारी का टास्क दिया गया। बुजुर्ग की मदद से पुलिस ने जाल बिछाकर मंगलवार की शाम राजकुमार को धर दबोचा। गिरफ्तार साइबर अपराधी के पास से पुलिस ने कई बैंकों के पास बुक ,चेक बुक अलग-अलग पहचान पत्र एटीएम कार्ड बरामद किए हैं।

**गूगल में डाल रखा था अपना नम्बर :** गिरफ्तार साइबर अपराधी राजकुमार सिंह ने गूगल में अपना कई फोन नंबर कुरियर डिलेवरी हेल्पलाइन के नाम से डाल रखा था , इन्हीं नंबरों के जरिए वह अपने शिकार को जाल में फंसाया करता था। गुड़गांव में भी एक व्यक्ति से उसने इसी माध्यम से 7 लाख की ठगी की घटना को अंजाम दिया था। पूछताछ में साइबर अपराधी राजकुमार सिंह ने पुलिस को यह जानकारी दी है कि उसने एक दर्जन से ज्यादा लोगों को से लाखों रुपए की ठगी की है।

## बेड़ो के रोगो गांव के ग्रामीणों को जुलाई माह में नहीं मिला राशन,पहुंचे प्रखंड कार्यालय

**नवीन मेल संवाददाता**



**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के रोगो गांव के दर्जनों कार्डधारी मंगलवार को प्रखंड कार्यालय पहुंच कर राशन वितरण में भारी अनियमितता की शिकायत किया। जहां बेड़ो प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अवनि कुमार झा से रोगों गांव के दर्जनों कार्डधारी ने राशन डीलर पर अनाज नही दिए जाने का आरोप लगाया है, कि गांव के ही अमित महिला मंडल के जनवितरण प्रणाली दुकानदार मुनिता तिर्की ने जुलाई महीने का राशन नहीं दिया है। इस माह में लाभुकों ने कहा जब राशन की मांग की गई तो डीलर ने कहा कि आप लोगो का राशन दूसरे डीलर के पास चला गया है। कार्डधारी लाभुकों ने आरोप लगाया कि उन्हें झारखंड सरकार द्वारा कम दामों में दी जाने वाली धोती साड़ी भी नही मिला हैं। दुकानदार के इस रवैया से सभी कार्डधारी परेशान हैं। गांव के राधा भगत, पार्वती भगत, महावीर देवी, सुशीला खलखो, पूनम खलखो, ऐची कोया, कोयली उराईन, बिगी उराईन, नूतन उराव, बिरसी उरांव, प्रभा खलखो, ऑगस्टिन तिग्गा, पूनम टाना भगत, सनिया टाना भगत सहित कई कार्डधारकों का कहना है कि जनवितरण दुकानदार द्वारा राशन की काला बाजारी कर कार्डधारी लाभुकों का शोषण किया जा रहा है। वहीं ग्रामीणों ने कहा कि उन्हें अंगूठे लगाने के बाद बिल मिला है लेकिन राशन नही मिला है। इसकी शिकायत जिला के पदाधिकारियों से भी की गई है। परंतु कालाबाजारी व अनियमितता पर अंकुश नही लगा है। इधर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ने कहा कि जिन्हें बिल मिलने के बाद राशन नही मिला है उन्हें राशन उपलब्ध करा दिया जाएगा।

## दुर्गापूजा को लेकर शांति समिति की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**



**मांडर।** मांडर थाना परिसर में दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक इंस्पेक्टर संजीव कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई ।बैठक में प्रखंड के सभी दुर्गा पूजा समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य,जनप्रतिनिधि,शांति समिति के सदस्य शामिल हुए। सभी ने एक श्वर में कानून के गाईड लाईन का पालन करते हुए नवरात्र, दुर्गा पूजा, प्रतिमा विषर्जन एवं रावण दहन का आयोजन का प्रशासन को आश्वासन दिया।थाना प्रभारी विनय कुमार यादव ने सभी को पूर्व की भांति हर पर्व त्योहार की तरह इस त्योहार को भी आपसी सौहार्द व शांति बनाते हुए मनाने की अपील की साथ ही उन्होंने नवरात्र, दुर्गा पूजा, दशहरा एवं रावण दहन को ससमय अपनी समिति के सदस्यों को सजग रहते हुए व्यवस्थित तरीके से मनाने को कहा।पंडाल में माता रानी के दर्शन के लिए महिलाओं एवं पुरुषों के अलग अलग प्रवेश तथा निकास द्वार की व्यवस्था, ध्वनि पर नियंत्रण, आगजनी से सुरक्षा व्यवस्था आदि बातों पर भी ध्यान रखने को कहा। माँ दुर्गा थाना क्षेत्र में अमन, चैन, शांति, खुशहाली , सभी को स्वस्थ एवं हर सुख से परिपूर्ण रखे इसकी कामना भी किया।मांडर सीओ बिजय हेमराज खलखो ने मांडर की जनता को सदा की तरह इस बार भी सर्वधर्म समभाव का उदाहरण देते हुए दुर्गा पूजा मनाने को कहा।मांडर प्रमुख फिलिप सहाय एक्का, उप प्रमुख अमानत अंसारी आबिद अंसारी,तबारक खान, हाजी इस्माईल, रामबालक ठाकुर, भुनेश्वर सिंह, मनोज सिंह, भूषण सिंह,जगदेव गोप आदि ने अपने पूजा समिति के कार्य की रुपरेखा एवं विधिव्यवस्था की जानकारी देते हुए प्रशासन की समय पर उपस्थिति की मांग रखी।मंच संचालन अनूप राम ने तथा धन्यवाद ज्ञापन इंस्पेक्टर संजीव कुमार ने किया।

## नल-जल योजना का विधायक ने किया भूमि पूजन

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के दीघिया पंचायत के दीघिया व टेंगरिया और डोरंडा पंचायत के वैद खिजरी,पतरा टोली व बिल्टी गांव मे मंगलवार को विधायक शिल्पा नेहा तिर्की ने हर घर जल नल योजना निर्माण के लिये भूमि पूजन किया। इस दौरान विधायक शिल्पा नेहा तिर्की ने सम्बोधित करते हुए जल नल योजना के बारे में ग्रामीणों को बताया कि कैसे इस योजना के तहद आपको अपने घर में नल के माध्यम से स्वच्छ पेय जल का लाभ मिलेगा, साथ ही गांवों में सरकार द्वारा चलायी जा रही जन-कल्याणकारी योजना के बारे भी ग्रामीण को जानकारी दिया। इन योजनाओ का लाभ सभी ग्रामीण को उठाना चाहिए। मौके पर पीएचईड़ी के सहायक अभियंता डीएन सिंह, जिला परिषद बेरोनिका कुजूर, मुखिया प्रबला केरकेट्टा, अजित उरांव, रुस्तम अंसारी, पतरास उरांव, विरसा उरांव उपस्थित थे।

## शारदीय नवरात्र के दूसरे दिन मां दुर्गा के द्वितीय स्वरूप मां ब्रह्मचारिणी का आह्वान

# पूरी आस्था और भक्ति के साथ वेदी पूजन किया गया, महाआरती के बाद प्रसाद का वितरण

**नवीन मेल संवाददाता**



**लापुंग।** लापुंग प्रखंड के प्रखंड मुख्यालय स्थित मां दुर्गा पूजा समिति के पंडाल में नवरात्र के लगातार दूसरे दिन मां दुर्गा के द्वितीय स्वरूप मां ब्रह्मचारिणी का षोडशोपचार पूजन के साथ देर शाम महाआरती और प्रसाद का वितरण किया गया। लापुंग प्रखंड के प्रसिद्ध पुजारी आचार्य राजकुमार पाठक के नेतृत्व में मां दुर्गा के द्वितीय स्वरूप द्वितीय ब्रह्मचारिणी के रूप में पूरी भक्ति और श्रद्धा के साथ आह्वान किया गया। इस दौरान मां दुर्गा के मंत्रोच्चार के बीच वेदी पूजन किया गया। स्वस्ति वाचन के साथ संकल्प किया गया। गणेश पूजन के साथ धार्मिक अनुष्ठानों का शुभारंभ किया गया। इस दौरान षोडश मातृका पूजन, नवग्रह पूजन, सर्वतो भद्र मंडल पूजन के दौरान मां की भक्ति की शक्ति देखी गई। यजमान के रूप में पुजारी राकेश पाठक और सिकंदर सिंह ने अनुष्ठान में हिस्सा लिया। धार्मिक अनुष्ठानों के बाद मां के भोग प्रसाद के साथ खीर के महाप्रसाद का भंडारा आयोजित किया गया। इस दौरान दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष अशोक साहु, उपाध्यक्ष सुदामा महली, सचिव विशेश्वर साहु, कोषाध्यक्ष श्यामा प्रसाद सिंह, संरक्षक गोबर्धन जयसवाल, विरेंद्र साहु, कार्यकारिणी समिति के सदस्य चन्द्रमोहन ठाकुर, सोनु साहु,पंकज साहु,जसपाल साहु, संदीप साहु, सौरभ जयसवाल योगेश्वर साहु, चरकु साहु, विजय सिंह, सत्यनारायण पाठक, इंद्रजीत राय, राम प्रसाद साहु, सुजीत कुमार, बिरेंद्र साहु सहित कई लोगों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। उल्लेखनीय है कि पिछले सोमवार को शारदीय नवरात्र के पहले दिन पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ दुर्गा पूजा पंडाल के अंदर कलश स्थापना की गई थी और वेदी पूजा का शुभारंभ किया गया था।

## बीएयू में मशरूम की खेती पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

# बटन मशरूम की खेती से किसान लाखों की कमाई कर सकते हैं : डॉ. एसके पाल

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** बीएयू के कृषि संकाय अधीन पौधा रोग विज्ञान विभाग द्वारा संचालित मशरूम उत्पादन ईकाई में बटन मशरूम की व्यावसायिक खेती पर 28 दिवसीय प्रशिक्षण चलाया जा रहा है। कार्यक्रम में रांची, पाकुड़, गढ़वा, धनबाद एवं अन्य जिले के कुल 16 लोग भाग ले रहे है। उद्घाटन के मौके पर डीन एग्रीकल्चर डॉ एसके पाल ने बताया कि पोषण से भरपूर बटन मशरूम की मांग काफी बढ़ी है। बटन मशरूम उत्पादन उपरांत निर्मित कम्पोस्ट की शहरों में बेहद मांग है। बटन मशरूम की खेती में बड़ी आसानी से दोहरा लाभ कमा सकते है। भूमिहीन किसानों एवं युवाओं के लिए यह रोजगार का सबसे सरल माध्यम है। इसकी खेती से किसान एक माह में लाखों की कमाई कर सकते हैं। मशरूम उत्पादन ईकाई के प्रभारी डॉ एन कुदादा ने बताया कि हाल में रूरल सेल्फ एम्प्लॉयमेंट ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट, खुंटी के 40 ग्रामीण आदिवासी महिलाओं के दल को भ्रमण के दौरान विभिन्न तरह के मशरूम की खेती की जानकारी दी गयी। बटन मशरूम उत्पादन एक जटिल प्रक्रिया है। प्रतिभागियों को बटन मशरूम उत्पादन की दीर्घ अवधि (28 दिनों वाली) तकनीक की व्यावहारिक जानकारी दी जा रही है। प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को बटन मशरूम उत्पादन के लिए खाद तैयार करने की विधि बताया जा रहा है। खाद निर्माण की लंबी अवधि (24-28 दिन) में जैविक और अजैविक पदार्थो को मिश्रित करने की विधि की जानकारी दी जाएगी। इस दौरान मिश्रण का 8 बार पलटाई की जाएगी।

## बेड़ो में नवरात्र के दूसरे दिन मां ब्रम्हचारिणी की पूजा की गई

# हरिकथा सत्संग समिति ने किया जा रहा रामचरित मानस का पाठ

नवीन मेल संवाददाता



बेड़ो। शारदीय नवरात्र के दूसरे दिन मां ब्रम्हचारिणी की पूजा की गई। जहां महादानी मंदिर परिसर स्थित दुगार्बाड़ी के साथ खत्री खटंगा, पाकल मेड़ी मुरतो, तुको, ईंटाचिल्द्री व घाघरा में शारदीय नवरात्र के दूसरे दिन शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा की दूसरे स्वरूप माता ब्रम्हचारिणी की पूजा व आराधना की गई। इधर श्री श्री दुगार्पूजा महासमिति के तत्वावधान में दुर्गा मंदिर परिसर में शतसती का पाठ पुजारी अशोक पंडा व सोनु पंडा के द्वारा वैदिक मंत्रों के उच्चारण व भक्तिमय वातावरण में सम्प्पन्न कराया जा रहा है। वही शारदीय नवरात्रि पर हरिकथा सत्संग समिति के द्वारा नवाह्न परायण रामचरित मानस का पाठ किया जा रहा है। वही पूजा को लेकर लोगों में उत्साह का माहौल है।

## लगातार हो रही भारी बारिश से कच्चा मकान गिरा

बेड़ो। लगातार बारिश होने से गरीब लोगों का जीना मुहाल हो गया है। खेतों में लगी फसल पूरी तरह डूब गया है जिससे काफी नुकसान होने की आशंका जतायी जा रही है। उसी तरह प्रखंड के नेहालु पंचायत स्थित कपरिया में लगातार हो रही बारिश के कारण इसी गांव निवासी बिनोद उरांव पिता स्व तेम्बा उरांव और लछु मुंडा पिता स्व सोमरा मुंडा का कच्चा मकान गिर कर ध्वस्त हो गया। जिससे घर में रखे घरेलू सामान बर्बाद हो गए। इधर घटना की जानकारी मिलने पर पंचायत के मुखिया बिरेन्द्र भगत उनके घर पहुंचे। साथ ही परिजनों को आश्वासन दिया कि आपदा प्रबंधन के तहत उचित मुआवजा दिलाने की बात कही।

## एकल अभियान के तहत संच स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**बेड़ो।** बेड़ो के महादानी मैदान में मंगलवार को एकल अभियान के तहत अभ्युदय यूथ क्लब द्वारा अंचल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में संच के विभिन्न गांवों के बच्चों ने भाग लिया। जिसमें अंचल व संच समिति एंव सामाजिक कार्यकर्ताओं ने प्रतियोगिता को सफल बनाने में विशेष योगदान दिया। प्रतियोगिता के दौरन लंबी कूद, ऊंची कूद, दौड़, कब्बडी समेत अन्य खेलों का आयोजन किया गया।जहां रातू अंचल संस्कार शिक्षा के अध्यक्ष वाणी कुमार रॉय संच अध्यक्ष रमेश प्रसाद गुप्ता भवानी शरण सिंह व भीखा उरांव ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। इस दौरान वाणी कुमार राय ने कहा कि एकल विद्यालय के बच्चों ने जो हुनर दिखाया है वह काबिले तारीफ है। नियमित खेलकूद से बच्चों का शारीरिक व मानसिक विकास होता है। ग्रामीण अंचल के बच्चों को बेहतर शिक्षा संग खेलकूद में बच्चों को शामिल करने का काम एकल विद्यालय के लोग कर रहे हैं।

## आयोग के सदस्य ने संबंधित जिलास्तरीय अधिकारियों और बीडीओ-सीओ के साथ की बैठक

# जाति व आवासीय प्रमाण पत्र के आवेदनों का त्वरित निष्पादन करने का दिया निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**




**रांची।** राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य राजेन्द्र प्रसाद ने मंगलवार को पिछड़ी जातियों से जुड़े कई मामलों को लेकर राजकीय अतिथिशाला सभागार में जिलास्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने पिछड़ी जातियों के जाति एवं आवासीय प्रमाण पत्र के लिए प्राप्त आवेदनों का त्वरित निष्पादन करने का निर्देश दिया। राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि पिछड़ी जातियों को जाति प्रमाण पत्र के कारण सरकारी नौकरी और शिक्षण संस्थानों में नामांकन से वंचित न होना पड़े इसका अधिकारी ध्यान रखें। उन्होंने पदाधिकारियों से जानना चाहा कि पिछड़ा वर्ग की जनसंख्या का आंकड़ा जिले में संग्रहित है या नहीं। बैठक के दौरान राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य श्री राजेन्द्र प्रसाद ने प्रखंडवार अब तक प्राप्त आवेदन, निर्गत प्रमाण पत्र एवं रद्द किए गए आवेदनों और उसके कारणों के संबंध में जानकारी ली। अंचलाधिकारियों ने माननीय सदस्य को बताया कि जाति और आवासीय प्रमाण पत्र तय समय पर ही निर्गत कर दिया जाता है। अधिकारियों ने राजेन्द्र प्रसाद को जानकारी देते हुए कहा कि आवेदन के समय जरूरी दस्तावेज संलग्न नहीं होने के कारण संबंधित आवेदन को रद्द करना पड़ता है। इस पर राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य राजेन्द्र प्रसाद ने अंचलाधिकारियों को कहा कि राज्य की वास्तविकता और भगौलिक स्थिति को समझना होगा। यहां के लोग काफी सीधे व सरल स्वभाव के हैं। उनके साथ अधिकारी की तरह नहीं बल्कि सेवा भाव से काम करें। राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि जिन आवेदनों में कोई भी दस्तावेज अपूर्ण है, उसके लिए आवेदक से संपर्क कर दस्तावेज की मांग करें और उसका प्रमाण-पत्र निर्गत करें। समीक्षा के क्रम में उन्होंने जानकारी ली कि समय पर आवासीय और जाति प्रमाण पत्र बनता है या नहीं। इस पर अंचलाधिकारियों ने बताया कि जाति प्रमाण पत्र और आवासीय प्रमाण पत्र ससमय निर्गत किया जाता है। सभी अंचल अधिकारियों ने इस बाबत अपनी- अपनी रिपोर्ट भी सौंपी। सदस्य राजेन्द्र प्रसाद ने पिछड़ी जाति से जुड़े जनकल्याणकारी योजनाओं की भी जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि पीएमइजीपी एवं सीएमइजीपी योजना की जानकारी गांव में पिछड़े वर्ग लोगों को नहीं है। सदस्य द्वारा डुगडुगी बजाकर क्षेत्रीय भाषाओं में बाजार हाट में योजना का प्रचार-प्रसार करने का दिया निर्देश दिया गया।


**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग**
**महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान,खूँटी/**
**औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान,फुँदी खूँटी 835210**
Email : witikhunti@gmail.com

Industrial Training Institute

**नामांकन हेतु साक्षात्कार से संबंधित सूचना**

निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण, झारखण्ड, राँची के सं0सं0–5/प्रशि0(प्रशि0)–01/2022–1047 दिनांक 29/08/2022 के अनुपालन में सरकारी महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, खूँटी/औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान,फुँदी में नामांकन हेतु प्राप्त सभी आवेदन पत्रों से मैट्रिक के प्राप्तांक के आधार पर तैयार मेधासूची (मेरिट लिस्ट) के अनुरूप नामांकन हेतु साक्षात्कार दिनांक 29/09/2022 को 10.30 बजे पूर्वाह्न महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, खूँटी (पहुंचने का मार्गः– सुभाश (ऊपर) चौक, खूँटी से लगभग 3 कि0मी0 कर्रा रोड में तूतटोली, एरेण्डा) में साक्षात्कार आयोजित किया गया है, इसमें सभी आवेदक आमंत्रित है।

साक्षात्कार के समय 10वीं कक्षा के प्रवेश पत्र, अंक पत्र, उत्तीर्णता प्रमाण पत्र, स्थानीय निवास प्रमाण पत्र एवं आरक्षण का दावा हेतु अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति एवं अत्यन्त पिछड़ा वर्ग/पिछड़ा वर्ग जाति प्रमाण पत्र/भूतपूर्व सैनिक या उनके आश्रित एवं वीरगति प्राप्त सैनिक के आश्रितों को अंचल पदाधिकारी/जिला उपायुक्त/जिला सोल्जर्स बोर्ड (जो संबंधित प्रमाण–पत्र देने के लिए सक्षम हो) से उक्त वर्ग के होने का मूल प्रमाण–पत्र/ दिव्यांगों को एक फुल साईज का फोटो देना होगा तथा जिला अस्पताल के ऑर्थो–पेडिक्स के विभागाध्यक्ष/जिला के असैनिक भाल्य चिकित्सा (Civil Surgeon) द्वारा प्रदत्त प्रमाण–पत्र (दूसरे किसी चिकित्सकों के प्रमाण–पत्र की मान्यता नहीं दी जायेगी) की मूल प्रति एवं छायाप्रति लाना आवश्यक है।

निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित नहीं होने पर नामांकन का दावा स्वतः समाप्त हो जायेगा। नामांकन समिति के समक्ष उपस्थित होने के समय उपलब्ध सीट पर ओपेन बोर्ड प्रणाली द्वारा मेरिट के आधार पर नामांकन लिया जाएगा।

नामांकन हेतु चयन होने पर उपरोक्त सभी मूल प्रमाण पत्र जमा कर लिये जायेंगे। नामांकन के समय SLC/CLC, Medical Certificate की मूल प्रतियाँ, अभ्यर्थी एवं उनके अभिभावक द्वारा एन्टी रैगिंग भापथ पत्र एवं Passport size colour photographs 6 nos संस्थान में जमा करना अनिवार्य है। नामांकन लेने की अंतिम तिथि 30/09/2022 संध्या 5.00 बजे तक है। इसके उपरांत नामांकन का दावा स्वतः समाप्त हो जायेगा।

नोटः– प्रशिक्षण अवधि तक सभी मूल प्रमाण पत्र महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, खूँटी में जमा रहेंगे। प्रशिक्षण समाप्त होने पर ही वापस किये जायेंगे। अतः भविश्य की आवश्यकता के लिये आवश्यक मात्रा में छायाप्रति सुरक्षित रख लें।

संपर्कः– निम्न नम्बरों पर 8581044701/7903033566 सीधे बात कर या व्हाट्सएप कर जानकारी प्राप्त की जा सकती है या Email ID : witikhunti@gmail.com पर संपर्क किया जा सकता है।

प्रभारी प्राचार्य
महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान,
खूँटी

PR 278710 (Labour Employment and Traning)22-23*D

## न्यूज गैलरी

### वीमेंस कॉलेज में पोस्टर निर्माण व निबंध प्रतियोगिता

रांची। रांची वीमेंस कॉलेज की एनएसएस इकाई की ओर से मंगलवार को पोषण जागरुकता कार्यक्रम के तहत पोस्टर निर्माण व निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया। इसमें 55 छात्राओं ने भाग लिया। पोस्टर निर्माण में जहां छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के लाभदायक फलों व सब्जियों के सहयोग से एक अच्छा पोषण दिखाने का प्रयास किया। वहीं, निबंध लेखन में महिलाओं के लिए आवश्यक खाद्य पदार्थों को समझाते हुए उन्हें अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होने की सलाह दी। प्राचार्या डॉ शमशुन नेहार ने प्रतिभागियों के प्रयास की सराहना की।

### युवक का शव बरामद , पुलिस जांच में जुटी

रांची। मंगलवार की सुबह रांची के जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र स्थित मौसीबाड़ी के पास पेड़ से लटका युवक का शव बरामद किया गया । स्थानीय लोगों ने सुबह देखा कि पेड़ पर किसी युवक का शव लटका हुआ है. जिसके बाद लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गयी.पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से शव को पेड़ से उतारा और पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया । पुलिस हत्या और आत्महत्या दोनों एंगल से मामले की जांच पड़ताल में जुटी है. पुलिस ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही वजह का पता चल सकेगा।

### वार्ड 10 में कई योजनाओं का शिलान्यास



रांची। वार्ड नंबर 10 के अंतर्गत 2 नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास मंगलवार को वार्ड पार्षद अर्जुन यादव ने किया। जिसमें कोकर भट्टी रोड में संजय पासवान के घर से लेकर रंजीत साहू के घर तक का आरसीसी नाली निर्माण 5 लाख 60 हजार की लागत से कराया जायेगा। साथ ही कोकर बजरंग नगर जामुन टोली में भी आरसीसी नाली और रिपेयरिंग निर्माण कार्य का कराया जायेगा। 4 लाख 75 हजार से नाली निर्माण के कार्य किये जायेंगे। अर्जुन यादव ने कहा कि नवरात्र के समय इस पावन पर्व को देखते हुए आप लोग के मोहल्ले में नाली निर्माण का कार्य पूर्ण होने जा रहा है। इससे अबइस मुहल्ले की गिनती स्मार्ट मोहल्ले में होगी। मुहल्ले की सुंदरता बढ़ जायेगी। उन्होंने कहा कि अब आप लोगों को बरसात के दिनों में परेशानी नहीं होगी। इस मोहल्ले में गंदगी इधर–उधर नहीं फेंकें। रांची नगर निगम की कचरा गाड़ी आती है तो कचरा दें। कचरा नहीं उठता है तो रांची नगर निगम के टोल फ्री नंबर में, सुपरवाइजर या वार्ड पार्षद को फोन के माध्यम से सूचना दें। मौके पर सुनील कुमार, मीना देवी, शशि दास, अजय कुमार, मनोज कुमार उर्फ मुन्ना, ओमप्रकाश तिवारी, विकास कुमार, मंटू तिवारी हरिलाल, राजू पासवान और मोहल्ले के लोग मौजूद थे।

### ऑटो चालकों के खिलाफ अभियान छठ तक रोके प्रशासन

रांची। राजधानी में पर्व–त्योहारों के दौरान सड़क जाम लगने से बचाने और गैर परमिट ऑटो की धड़पकड़ अभियान का ऑटो महासंघ ने विरोध किया है। इसने यातायात प्रशासन से दिवाली–छठ तक इस अभियान को रोकने की मांग की है। झारखंड प्रदेश डीजल ऑटो चालक महासंघ रांची झारखंड के अध्यक्ष दिनेश सोनी ने कहा कि ठीक पर्व के दिनों में गरीब ऑटो चालकों की रोजी–रोटी छीनी जा रही है। ऐसे समय पर ऑटो से जुमार्ना लेना उचित नहीं है। कुछ ऑटो चालकों को 10 हजार रुपए जुमार्ने की रसीद भी थमाई गई हैं। गरीब चालक इतन

### लहू बोलेगा संस्था द्वारा रक्तवीर सम्मान समारोह का आयोजन

रांची। लहू बोलेगा संस्था द्वारा मंगलवार को रांची प्रेस क्लब में रक्तवीर सम्मान समारोह–2022 का आयोजन किया गया,जिसमें 81 मानवीय सेवा में समर्पित व्यक्तित्व एवं संगठनों को स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता,विधायक विनोद सिंह,रांची प्रेस क्लब के अध्यक्ष संजय मिश्रा, अंजुमन इस्लामिया रांची के अध्यक्ष मोख्तार अहमद, डॉ सयैद इकबाल हुसैन( पूर्व सीएमओ,अंजुमन इस्लामिया हॉस्पिटल,रांची)पीर साहब सयैद गुलफाम अशरफी, अध्यक्षता डॉ जेड होदा (मशहूर सर्जन, झारखंड हॉस्पिटल, रांची),नदीम खान( संस्थापक/ संयोजक लहू बोलेगा संस्था),रांची आनंद डेविड खलखो, झारखंड आंदोलनकारी प्रभाकर तिर्की,रतन तिर्की द्वारा सम्मानित किया गया।

---

मुंबई में फिक्की के फ्रेम्स 2022 में शामिल हुए सांसद संजय सेठ, राष्ट्र निर्माण में मीडिया की भूमिका पर रखे अपने विचार

# भारतीय संस्कृति व परिवार को लेकर सकारात्मक चीजों की जरूरत

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के तत्वाधान में मुंबई में आयोजित फ्रेम्स 2022 में रांची के लोकसभा क्षेत्र के सांसद संजय सेठ बतौर उद्घाटनकर्ता व वक्ता शामिल हुए। राष्ट्र निर्माण में मीडिया और इंटरटेनमेंट क्षेत्र की भूमिका पर उन्होंने अपना विचार रखा। इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप में भारत के जाने-माने अभिनेता रणवीर सिंह व फिल्म प्रोड्यूसर रमेश सिप्पी भी शामिल हुए। भारत सरकार के आईटी सचिव अपूर्व चंद्रा, अरुण चावला व अन्य अतिथियों के साथ सांसद ने इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस सत्र की अध्यक्षता व्हाट्सएप इंडिया के प्रमुख शिवनाथ ने की, वहीं इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से महाराष्ट्र से राज्यसभा की सांसद




प्रियंका चतुर्वेदी और कर्नाटक से सांसद सुमन लता मौजूद रहे। सांसद श्री संजय सेठ ने इस अवसर पर मीडिया और इंटरटेनमेंट के क्षेत्र में आई विसंगतियों की तरफ भी ध्यान आकृष्ट कराया। भारत सरकार के द्वारा कई यूट्यूब चैनल पर बैन लगाने के कदम का स्वागत किया। सांसद ने कहा कि हर उस चीज पर रोक लगनी चाहिए, जो समाज और राष्ट्र के पक्ष में नहीं हो। जिससे समाज और राष्ट्र पर नकारात्मक असर नहीं पड़े। ऐसी चीजों को रोकने का काम समाज को करना चाहिए। सांसद ने कहा कि इस देश में ओटीटी प्लेटफॉर्म पर, फिल्म जगत के क्षेत्र में ऐसी चीजें बननी चाहिए, जिससे भारतीय संस्कृति का संवर्धन हो। परिवारों का जुड़ाव हो। गुल्लक और पंचायत जैसे वेब सीरीज ने हमारी संस्कृति को समझने का बेहतर अवसर दिया है। इस क्षेत्र से जुड़े निमार्ताओं को ऐसी चीजें बनानी चाहिए, जिसमें लोग परिवार के महत्व को समझ सके। ऐसी चीजें हर प्लेटफार्म पर आनी चाहिए और उनका स्वागत किया जाना चाहिए। किसी भी कीमत पर मनोरंजन के नाम पर भारतीय संस्कृति पर हमला और खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सांसद ने स्पष्ट कहा की अभिव्यक्ति की आजादी और मनोरंजन के नाम पर भारतीय सांस्कृतिक धरोहरों का अपमान, हिंदू देवी देवताओं का अपमान, भारतीय परिवार को खंडित करके दिखाना, यह सारी चीजें समाज में बिल्कुल स्वीकार्य नहीं हो सकती है।

---

मां भवानी सेना की बैठक मंडप प्रांगण में संपन्न

# पूजा पंडालों में पारंपरिक विधि-विधान व शांति से मां की आराधना करने की अपील की




नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मंगलवार को मां भवानी सेना की बैठक संग्राम क्लब दुर्गापूजा समिति के मंडप प्रांगण में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता नीरज वर्मा व संचालन अभिषेक झा ने किया। वहीं धन्यवाद ज्ञापन सचित रंजन ने किया। बैठक में वर्ष 2022 की दुर्गा पूजा उत्सव को लेकर विचार-विमर्श किया गया एवं पूजा के दौरान होने वाले सभी समस्याओं पर बिंदुवार विचार किया गया। इस बार पूरे रांची जिला भर में सभी पूजा पंडालों में पारंपरिक विधि विधान से मां दुर्गा की आराधना कर पूजा करने की अपील की गई है। बैठक में मुख्य रूप से नीरज वर्मा, अभिषेक झा, अभिषेक शुक्ला, सचित रंजन, विकास गुप्ता, प्रतीक टोप्पो, सुरेश भगत, रोहित चौधरी, अरविंद बैठा, सक्षम झा, ऋतिक, विपुल, हर्ष, सन्नी, राहुल वर्मा, अमित, अमन, विक्रांत के अलावा कई सदस्य उपस्थित थे।

---

# राष्ट्रीय खेल के लिए हॉकी झारखंड की टीम राजकोट,गुजरात रवाना

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** गुजरात में आयोजित होने वाले 36 वें राष्ट्रीय खेल में झारखंड से कुल 17 टीमों के 265 एथलीट एवं ऑफिशियल भाग ले रहे हैं। जिसमें हॉकी झारखंड के भी महिला और पुरुष हॉकी टीम के 36 खिलाड़ी एवं 6 ऑफिशियल शामिल हैं । मंगलवार की सुबह झारखंड की 42 सदस्यीय महिला एवं पुरुष हॉकी टीम राष्ट्रीय खेल में भाग लेने के लिए रांची रेलवे स्टेशन से राजकोट ,गुजरात के लिए रवाना हुई। महिला टीम - सोनल मिंज,निक्की प्रधान,सलीमा टेटे,संगीता कुमारी,ब्यूटी डुंगडुंग,दीपिका सोरेंग,महिमा टेटे,काजल बड़ा, सिमता मिंज,सुभासी हेमरोम,प्रमिला सोरेंग,रोपनी कुमारी, दिप्ती कुल्लू,अलबेला रानी टोप्पो,अंजली बिंझिया,रजनी केरकेट्टा, बालो होरो,,बिनिमा धान। कोच बिगन सोय,तारिणी कुमारी मैनेजर मनोज कोनबेगी। पुरुष टीम - अमन दीपक तिग्गा,विजय खेस,अल्बर्ट डुंगडुंग, सुसारण पूर्ति,नोएल टोपनो, जेन सोरेंग,अनुरोध भेंगरा,रोहित बेसरा, लव लाइट कुजूर, असीम



तिर्की,बिरसा ओड़िया,डेनिस केरकेट्टा,नवीन केरकेट्टा,दीपक सोरेंग, सेम मुंडा,सुखनाथ गुड़िया, सिमोन बोदरा,अभिषेक कुमार साहू, कोच - एलेक्सियूस लकड़ा,फिजियो - लव कुमार ,मैनेजर - मनोज प्रधान। इससे पूर्व 27 सितम्बर की शाम को हॉकी झारखंड के कार्यालय में हॉकी झारखंड के एक्सक्यूटिव डायरेक्टर शशिकांत प्रसाद, सीईओ रजनीस कुमार, महासचिव विजय शंकर सिंह, उपाध्यक्ष मनोज कोनबेगी, संयुक्त सविव बिगन सोय, तारिणी कुमारी, जिला खेलकूद विभाग रांची के मुकेश कुमार,सहित खेल विभाग, जेओए और हॉकी झारखंड के पदाधिकारियों ने सभी खिलाड़ियों को खेल किट देते हुए जीत की शुभकामनाएं दी।

---

श्री श्याम मित्र मंडल के स्वर्ण जयंती पर श्री सुंदरकांड व श्री हनुमान चालीसा पाठक का हुआ आयोजन

# बजरंग बली की जय व खाटू नरेश की जय-जयकारों से गूंज उठा दरबार

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल रांची के स्वर्ण जयंती वर्ष के अवसर पर मंगलवार को 19वें श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। मंडल के सदस्य विकास मोदी, रितु मोदी ने परिवार संघ हनुमान जी महाराज की अखंड ज्योत प्रज्ज्वलित कर चना, गुड़, पेड़ा सेव, फल नाशपति, केला का प्रसाद अर्पित किया गया। हरमू निवासी सुनील कुमार वर्मा ने अपने पुत्र कौस्तुभ वर्मा के जन्म उत्सव के मंगल दिवस पर प्रसाद के रूप में चना गुड़ पेड़ा सेव फल की सेवा निवेदित की, इसके बाद पाठ वाचक मनीष सारस्वत, ओम शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में उपस्थित सैकड़ों भक्तों से श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा का पाठ करवाया। बजरंग बली की जय खाटू नरेश की जय से हरमू रोड गूंज रहा था। मंडल के उप मंत्री अनिल नारनोली ने पूजन पावन ज्योति कार्यक्रम संपन्न करवाया। पाठ के बाद श्री हनुमान जी महाराज की आरती की गई भक्तजनों को प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी, महामंत्री, विश्वनाथ नारसरिया, उपाध्यक्ष श्रवण, मंत्री रतन शर्मा, मीरा अग्रवाल, विकास मोदी आदि



उपस्थित थे। श्री श्याम मंदिर में मंगल कलश स्थापित शारदीय नवरात्र के अवसर पर हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में शारदीय नवरात्र का आयोजन चल रहा है। कलश स्थापित किया गया प्रतिदिन मातेश्वरी का पूजन कर आचार्य श्री अशोक पांडेय द्वारा चंडी पाठ किया जाता है वैदिक मंत्रों के गायन व चंडी पाठ से हरमू रोड गूंज रहा था चंडी पाठ के यजमान श्री श्री मुकेश कैलाश जोशी मुंबई निवासी ने मां की पावन अखंड ज्योति प्रज्ज्वलित की शक्ति साधना का पर्व के दूसरे दिन ब्रह्मचारिणी की पूजा की गई। दधाना करम्यांमार मंडल देवी प्रचार ने पाठ के समय भक्त ध्यान मंत्र से इस श्लोक के पाठ के साथ मां से निवेदन कर रहे हैं कि दोनों करवा लो के कमंडल धारण करने वाली मां दुर्गा देवी मुझ पर प्रसन्न हो की प्रार्थना कर रहे हैं।

---

नौ दिवसीय श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव का हुआ समापन

# कोलकाता के नाट्य मंडली कलाकारों ने महाराजा श्री अग्रसेन जी पर आधारित नृत्य नाटिका प्रस्तुत की



**रांची।** महाराजा अग्रसेन भवन में महाराजा श्री अग्रसेन जयंती के अवसर पर अग्रवाल सभा द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कोलकाता से आए नाट्य मंडली कलाकारों द्वारा महाराजा श्री अग्रसेन जी पर आधारित नृत्य नाटिका की प्रस्तुति दी। कलाकारों द्वारा नाटक के माध्यम से अग्रसेन जी की जीवंत चित्रण प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध एवं भाव- विभोर कर दिया। जिसमें दिखाया गया कि महाराजा अग्रसेन जी पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की 34 वीं पीढ़ी में जन्म हुआ था। वे समाजवाद के युगपुरुष रामराज्य के समर्थक तथा महादानी थे तथा महाराजा अग्रसेन जी का विवाह नाग लोक के राजा कुमुद के स्वयंवर में राजकुमारी माधवी से हुआ। इस विवाह से नाग एवं आर्यकुल का नया गठबंधन हुआ। माता लक्ष्मी जी की कृपा से श्री अग्रसेन के 18 पुत्र हुए। इन्हीं 18 गुरुओं के नाम पर अग्रवाल अग्रवाल समाज की स्थापना हुई। जो आज भी अग्रवाल समाज 18 गोत्र के नाम से जाने जाते हैं। अग्रसेन जी धार्मिक शांतिदूत प्रजा वत्सल हिंसा विरोधी बलि प्रथा बंद करने वाले करुणानिधि तथा सब जीवों से प्रेम स्नेह रखने वाले दयालु राजा थे। नृत्य नाटिका के पश्चात महाराजा अग्रसेन जी का प्रकट होने से पूरा परिसर अग्रसेन जी के जयकारा से गूंज उठा।

---

# बिजली कटौती से लोगों को मिलेगी राहत, मरम्मत कार्य आज होगा खत्म

**रांची।** रांची विद्यत आपूर्ति क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से उपभोक्ताओं को बार-बार बिजली कटौती का सामना करना पड़ रहा है। ये कटौती लगभग छह से सात घंटे की हो रही थी। वहीं, लो वोल्टेज की समस्या का भी लोगों को समाना करना पड़ा। बिजली की कटौती जिला में मरम्मत के कारण हो रही थी। लेकिन बुधवार से लोगों को इस समस्या से छुटकारा मिलेगा। जेबीवीएनएल की ओर से जारी बिजली मरम्मत कार्य का बुधवार को आखिरी दिन है। दुर्गा पूजा से लेकर छठ को ध्यान में रखते हुए जेबीवीएनएल की ओर से बिजली मरम्मत कार्य पिछले कुछ दिनों से किया जा रहा है। अलग-अलग इलाकों के एग्जिक्यूटिव इंजीनियर ने बताया कि मरम्मत कार्य आज खत्म हो जायेगा। इस दौरान ट्रांसफार्मर रिपेयरिंग, तार बदलना, फीडर चेंज आदि किया। जिससे त्योहार सीजन में लोगों को निर्बाध बिजली मिल सकें। बता दें रांची विद्युत आपूर्ति क्षेत्र के महाप्रबंधक की ओर से पिछले सप्ताह बैठक की गयी थी। इस बैठक के बाद, अलग-अलग क्षेत्रों के एग्जिक्यूटिव इंजिनियरों को आदेश दिया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में मरम्मत कार्य करायें। हालांकि कुछ इलाकों में काम अभी भी बाकी है। बता दें कि मरम्मत कार्य पिछले पांच दिनों से सुबह ग्यारह बजे से शाम पांच बजे तक किया गया।

# शहर में नये सिरे से नाला बनाने की जरूरत : अजय मारु

**रांची।** राजधानी में जल जमाव से उबरने के लिए राज्यसभा के पूर्व सांसद अजय मारु ने राज्य सरकार से नए सिरे से पूरे शहर में नाले बनाने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा की भीषण वर्षा ने अपर बाजार को डुबो दिया। सड़क के नाले में कई लोग गिर गए, जिसे लोगों ने निकाला। सड़कों पर पानी घुटने तक आ गया। कहीं कहीं घर से निकलने वाली गदंगी सड़कों पर आ गयी। अपर बाजार में सड़कों की मरम्मत तक नहीं की गयी है। श्री मारु ने कहा कि नालों का निर्माण शीघ्र नहीं किया गया तो किसी न किसी की जान भी जा सकती है। उन्होंने कहा कि मेन रोड पर भी पानी जमा हो जाता है लेकिन उसमें गन्दगी नहीं रहती। उन्होंने कहा कि शहर के सौंदर्यीकरण की सख्त जरूरत है। अगर नाली नहीं बनी तो लोगों को बरसात के दिनों काफी परेशानी होगी।

---

# सुरक्षा दस्ता रांची महानगर की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** सुरक्षा दस्ता रांची महानगर की एक महत्वपूर्ण बैठक दस्ता के अध्यक्ष ज्ञान सिन्हा जी के अध्यक्षता में रातु रोड शिव दुर्गा मंदिर लेन स्थित दस्ता के कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए दस्ता के अध्यक्ष ज्ञान सिन्हा ने कहा कोरोना महामारी के वजह से 3 वर्षों से दुर्गापूजा का आयोजन नहीं हो पाया, जिससे श्रद्धालुगण माताजी का दर्शन नहीं कर पाए, लेकिन इस वर्ष मां भगवती जी के आशीर्वाद से भव्य दुर्गापूजा का आयोजन रांची महानगर में हो रहा है, जिससे इस वर्ष भीड़ बहुत ही काफी




संख्या में होगी। अतः रांची महानगर के अंतर्गत आने वाले सभी पूजा पंडालों से आग्रह है कि वह अपने-अपने पूजा पंडालों के पट को पंचमी में ही खोलें जिससे श्रद्धालु आसानी से माता जी का दर्शन कर सकें और भीड़ भी संभाली जा सके। आज के इस बैठक में मुख्य रूप से दस्ता के संयोजक रुपेश कुमार चौरसिया, प्रवक्ता शिव किशोर शर्मा सहित दिलीप गुप्ता, सागर सिंह, नीरज कुमार, अश्वनी कुमार नायक, राजेश वर्मा राहुल सिन्हा, काजू वर्मा, सुभाष राय, आदित्य सिन्हा, रोहित यादव, नवेंदु उपाध्याय, जय श्रीवास्तव, गोविंदा पासवान, रौशन चौधरी, शुभम चौधरी, ऋषभ सिंह आदि उपस्थित थे।

---

# बांग्लादेश ने भारत को पहले टी-20 रॉयल एसएस कप में 18 रनों से हराया, दोय का रहा बेहतर प्रदर्शन

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** भारत एवं बांग्लादेश के बीच दिव्यांगजनों के अंतरराष्ट्रीय टी-20 क्रिकेट मैच सीरीज रॉयल एसएस कप के पहले मैच में बांग्लादेश ने भारत डकवार्थ लुइस मेथड से 18 रनों से पराजित किया। दिव्यांग क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ऑफ इंडिया के तत्वधान में झारखंड डिसएबल क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा मेकॉन स्टेडियम रांची में तीन मैचों की सीरीज के पहले मैच में भारतीय कप्तान सूब्रो जॉर्डर ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। बारिश के कारण मैच 12-12 ओवर का कर दिया गया था। पहले बल्लेबाजी करते हुए बांग्लादेश की टीम ने शरीफ के 38, शकील के 26 और दोय के



तेज तर्रार 15 रनों की मदद से 5 विकेट खोकर 111 रन बनाए। भारत की ओर से शील प्रकाश, कैलाश और राजेश ने एक एक विकेट लिया। जवाबी पारी खेलते हुए भारत के बलराज और सचिन सोनी ने भी शानदार शुरूआत की और क्रमशः 22 और 20 रन बनाए। गुलामुद्दीन ने भी 17 रनों की पारी खेली। लेकिन प्रीथो 2 ओवर मे 5 रन देकर 1 विकेट और दोय के 2 ओवर में 12 रन देकर एक विकेट ने मैच का पास पलट दिया। भारत ने 10 ओवरों में 4 विकेट पर 75 रन बनाया था कि बारिश शुरू हो गई। डकवार्थ लुइस मेथड से बांग्लादेश ने 18 रनों से जीत हासिल की। आज के मैच के लिए शरीफ मैन ऑफ द मैच चुने गए।

सीरीज का उद्घाटन करते हुए सीसीएल के निदेशक कार्मिक हर्ष नाथ मिश्र ने कहा रांची हमेशा से खेलों को प्रोत्साहन का केंद्र रहा है। उन्होंने दिव्यांगजन खेल को बढ़ावा देने के लिए हर संभव मदद देने की बात कही। इस अवसर पर मेकॉन के चीफ जनरल मैनेजर आरएस रमन, नवनीत कुमार, कृष्ण मोहन सिंह, अंतु तिर्की, सुधा लील्हा, पूर्व रणजी खिलाड़ी सह मैनेजर स्पोर्ट्स सीसीएल आदिल हुसैन, पंकज सोनी, मनोज टूडु, आशुतोष कुमार, रिनु पांडे, प्रणव कुमार बब्बू, पूजा, पिया बर्मन, श्रेया तिवारी, सरिता सिन्हा, ब्रजेश द्विवेदी आदि विशेष रूप से उपस्थित थे। मैच के दौरान दीपशिखा के बच्चों सहित सैकड़ों दर्शकों ने खेल का पूरा लुफ्त उठाया। मैच के सफल आयोहन में विपुल सेन गुप्ता, राहुल मेहता, वसीम, आशीष, प्रतिमा तिर्की, संयुक्ता, महिमा।

---

# कृजीवन महतो जिला सचिव मनोनीत

**रांची।** रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष सुरेश बैठा ने पार्टी के प्रति निष्ठता एवं समर्पण की भावना को देखते हुए कृजीवन महतो को जिला सचिव मनोनीत किया है। श्री बैठा ने मंगलवार को पार्टी कार्यालय, रांची में कृजीवन महतो को मनोनयन पत्र सौंपते हुए आशा व्यक्त किया है कि आप अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा एवं सक्रियता के साथ करते हुए संगठन को मजबूती प्रदान करने की दिशा में कार्य करेंगे। कृजीवन महतो के मनोनयन पर पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, मानस सिन्हा, अजय कुमार महतो, लाल प्रेम प्रकाश नाथ शाहदेव, अजय नाथ शाहदेव, अशोक प्रकाश लाल, शहीद अहमद, विनय सिन्हा दीपू, रविन्द्र सिंह, जितेन्द्र त्रिवेदी, सतीश पॉल मुंजनी, महेश शर्मा, ऐनूल हक, फिरोज अंसारी, संजय सरैया, सरफराज अंसारी, धरमू नायक, सुकरा उरांव, हनिफ अंसारी, कुदूस अंसारी सहित अन्य कांग्रेसजनों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

# मां दुर्गा को लेकर आपत्तिजनक पोस्ट, थाने में दर्ज हुआ मामला, पुलिस छानबीन में जुटी

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** एक तरफ जहां दुर्गा पूजा को लेकर हर तरफ उत्सव का माहौल है, वहीं दूसरी तरफ कुछ लोग इस उत्सव में खलल डालने की कोशिश कर रहे हैं। मां दुर्गा को लेकर सोशल मीडिया में एक आपत्तिजनक पोस्ट किया गया है जिसे लेकर लोगों में बेहद नाराजगी है। मामले को लेकर रांची के जगगनाथपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज करने के लिए आवेदन दिया गया है।

**जांच में जुटी टीम :** मामले को लेकर जगन्नाथपुर थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि मां दुर्गा को लेकर बोकारो के एक युवक के द्वारा आपत्तिजनक टिप्पणी की गई है। मामला संज्ञान में आ चुका है और इस पर आगे की कार्रवाई की जा रही है। पूरे मामले में पोस्ट करने वाले युवक की पहचान के लिए साइबर टीम की मदद ली जा रही है। पुलिस को आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले युवक की फेसबुक आईडी का एड्रेस और यूआरएल मिल चुका है उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है। थाना प्रभारी का कहना है कि इस तरह की टिपणी मां दुर्गा के प्रति कभी भी बर्दाश्त नहीं की जायेगी। यह धर्म से बिल्कुल अलग की बात है। जो भी व्यक्ति इस तरह की बात करता है तो उसे किसी भी हाल में बक्शा नहीं जायेगा। पर्व-त्योहार के मौके लोग इस तरह की जो बात करता है वह बाधा पहुंचाने की कोशिश करता है।

### क्या है पूरा मामला

भारतीय जनता पार्टी के युवा महानगर अध्यक्ष रोमित नारायण सिंह ने सोशल मीडिया पर एक युवक के द्वारा मां दुर्गा और महिषासुर को लेकर की गई एक आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर प्राथमिकी दर्ज करने का आवेदन जगन्नाथपुर थाने में दिया है। आवेदन में लिखा गया है कि जिस तरह से फेसबुक के माध्यम से मां दुर्गा को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की गई है उससे सनातन धर्म को मानने वाले और उस पर आस्था रखने वाले लोगों को ठेस पहुंची है। इस से जनमानस में काफी आक्रोश है। ऐसे में जरूरी है कि सोशल मीडिया पर इस तरह के आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए। भारतीय जनता युवा मोर्चा के द्वारा जल्द से जल्द आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की गई है।

## न्यूज गैलरी

### मानगो नगर निगम ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान , 5500 रूपए जुर्माना वसूला गया

**जमशेदपुर।** मानगो चौक के पास से ले कर डिमना रोड में जहां नो पार्किंग जोन मानगो नगर निगम के द्वारा घोषित किया गया है और नो पार्किंग जोन का बोर्ड भी लगा दिया गया है उसके बाद भी लोगों के द्वारा नो पार्किंग जोन में गाड़ी खड़ा किया जा रहा है। जिसके चलते आवागमन में काफी कठिनाई हो रही है एवं जाम की स्थिति बनी रहती है। इससे निजात दिलाने के लिए नगर निगम की टीम के द्वारा मंगलवार को भी अभियान चलाया गया। ट्रैफिक बाधित ना हो एवं सड़क में जाम की स्थिति ना हो, कई पथ विक्रेताओं एवं वाहनों को पीली लाइन दिखाते हुए एवं नो पार्किंग का बोर्ड दिखाते हुए आवश्यक निर्देश दिया गया। कई छोटे-बड़े गाड़ियों को नो पार्किंग से हटवाया गया एवं नो पार्किंग क्षेत्र में गाड़ी नहीं लगाने की सख्त चेतावनी दी गई। कई वाहन मालिकों एवं दुकानदारों से 5500 रूपए जुर्माना वसूला गया। इस अवसर पर नगर प्रबंधक दिनेश्वर यादव राहुल कुमार, निशांत कुमार, कार्यालय कर्मी विनोद कुमार आदि उपस्थित थे।

### कांग्रेसियों ने कस्तूरबा गांधी विद्यालय की समस्याओं पर किया चर्चा

**सिमडेगा।** कोलेबिरा विधायक के निर्देश पर विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद समी आलम एवं कांग्रेस के पदाधिकारियों ने मंगलवार को कोलेबिरा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में आई समस्या को लेकर विद्यालय पहुंचे। जैसा कि विभिन्न समाचार के माध्यम से विधायक को जानकारी प्राप्त हुई कि कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के बच्चियों को अकेले हस्पताल में जांच के लिए भेजा गया है। जिसे सुनकर विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी को बुरा लगा और अविलंब अपने प्रतिनिधियों एवं कार्यकताओं को जानकारी के लिए स्कूल में भेजे। विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद समी आलम और रावेल लकड़ा ने विद्यालय के वार्डेन को बोले कि यह गलत है कि आप लड़कियों को बिना सोचे समझे बाहर भेजते हैं ये गलत है इसको सुधार करें। वार्डेन ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए आईंदा ऐसे गलती नहीं होगी। साथ ही साथ विद्यालय के समस्याओं की भी जानकारी दी। जिस पर विधायक प्रतिनिधि ने आश्वस्त किया कि इस पर पदाधिकारियों से बात करेंगे। विद्यालय में जिला शिक्षा अधिकारी, अनुमंडल शिक्षा अधिकारी भी वहां उपस्थित थे। प्रतिनिधि संग विधायक प्रतिनिधि श्याम लाल प्रसाद, सुलभ नेशनल डुंगडुंग प्रखंड अध्यक्ष कोलेबिरा मोहम्मद जमीर अहमद उर्फ प्रिंस, जमीर हसन, असजद हुसैन, अंजर उपस्थित थे।

### युवा एकता संगठन टेटईटांगर द्वारा मनाया गया स्थापना दिवस

**टेटईटांगर।** टेटईटांगर में युवा एकता संगठन का एक वर्ष होने पर स्थापना दिवस मनाया गया। मौके पर संस्थापक रवि रोशन सोरेंग, प्रखंड कोऑर्डिनेटर असुन्ता सोरेंग ,प्रखंड प्रमुख सह युवा संगठन के सलाहकार विपिन पंकज मिंज सदस्य अमृत चिराग तिर्की ,प्रिंस कुमार, मौजूद रहे ।युवा एकता संगठन के द्वारा संचालित सब्जी दुकान में प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज एवं सदस्य अमित चिराग तिर्की ने मिलकर सब्जी बेचा एवं युवा एकता संगठन के सदस्यों का उत्साह बढ़ाया प्रोत्साहन दिया, जिसमे मार्केट से कम मूल्य पर सब्जियां उपलब्ध कराई जाती है एवं एक वर्ष के वर्षगांठ के अवसर पर एक खरीदार को एक कूपन दिया गया जिस पर की लॉटरी ड्रॉ किया जाएगा और उन्हें पुरस्कार भी दिया जाएगा ।क्योंकि प्रखंड प्रमुख युवा हैं तो युवा एकता संगठन को मजबूती प्रदान कर रहे हैं और अपना भागीदारी निभा रहे हैं ।इस युवा एकता संगठन में बेरोजगार युवा युवतियों को रोजगार मुहैया कराने का यह एक छोटा सा पहल है जिसमें दिन-ब-दिन लोग जुड़ते जा रहे हैं, जिससे कि समाज से बेरोजगारी दूर हो सके।

### हाथी प्रभावित क्षेत्रों में वन विभाग ने बांटा बचाव सामग्री

**टेटईटांगर।** प्रखंड क्षेत्र में जंगली हाथियों का उत्पात लगातार जारी है ।जिससे ग्रामीणों को रात्रि के समय में रातजग्गा करना पड़ता है ।वहीं जंगली हाथियों के द्वारा ग्रामीणों के घर को भी क्षतिग्रस्त कर दिया जाता है। साथ हीं घर में रखे अनाज को भी चट कर दिया जाता है। इधर हाथियों के आतंक से परेशान अलसंगा, अर्जुनढोड़ा,टापूडेगा इत्यादि गांवों में ग्रामीणों के बीच मंगलवार को वन विभाग के द्वारा हांथीयों से बचाव हेतु सामग्री वितरण किया गया। ग्रामीणों के बीच टोर्च,जला मोबिल, जूट का बोरा,किरोसिन इत्यादि सामग्री बांटे गए। मौके पर उपस्थित वन विभाग के कर्मियों ने ग्रामीणों से आग्रह करते हुए कहा कि कोई भी हाथी के नजदीक ना जाएं। साथ हीं उससे छेड़छाड़ ना करें छेड़छाड़ करने के कारण ही हांथी उग्र होकर ग्रामीणों को खदेड़ना शुरू करते हैं और घरों को नुकसान पहुंचाते हैं। इसलिए कोई भी हाथियों छेड़छाड़ ना करें।

### जोहार परियोजना द्वारा संपोषित उत्पादक कंपनी ने तृतीय वार्षिक आमसभा का किया आयोजन

**सिमडेगा।** सिमडेगा नगर भवन में जेएसएलपीएस द्वारा संचालित महिला जागृति प्रोड्यूसर कंपनी की तीसरी वार्षिक आम सभा का आयोजन किया गया इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में अनुमंडल पदाधिकारी महेंद्र कुमार अंचलाधिकारी प्रताप मिंज, जिला कृषि पदाधिकारी, एलडीएम, डीपीएम जेएसएलपीएस उपस्थित रहे जहां पर पारंपरिक वेशभूषा के साथ उपस्थित महिला समूह के सदस्यों के द्वारा उनका भव्य स्वागत किया इसके बाद कार्यक्रम का शुरूआत दीप प्रज्वलित करते हुए की गई। बताया गया सिमडेगा जिले के सदर, कुरडेग और केरसाई प्रखंड के 9603 सखी मंडल सदस्यों ने सामूहिक तौर पर उत्पादक कंपनी महिला जागृति प्रोडूसर कंपनी लिमिटेड का गठन किया है। जिनके माध्यम से समूह बनाकर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का कार्य की जाती है। मौके पर बताया गया इस कंपनी के माध्यम से 155 उत्पादक समूह अपनी संगठित प्रयास के माध्यम से अपने उत्पादों के बाजारीकरण के लिए प्रयासरत हैं ।सखी मंडलों ने इस आमसभा के माध्यम से अपने कंपनी के शेयरधारकों को कंपनी के कार्यविवरणी का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। कम्पनी ने संगठित होने के पश्चात 2 करोड़ 13 लाख का लेन-देन कर किया है ।कार्यक्रम के दौरान दीदियों ने आगे की कार्य विवरणी के बारे में जिक्र करते हुए मौजूदा वित्तीय वर्ष तक 3 करोड़ तक ले जाने का लक्ष्य रखा है और आने वाले दिनों में कुरडेग, करसई और सिमडेगा में जोहार एग्रीमार्ट एवं पशुधन सेवा केंद्र खोलने का लक्ष्य रखा। उन्होंने कहा किस कार्य से दीदियाँ कृषि, मतस्य पालन, लघु-वनोपज एवं पशुपालन के माध्यम से आजीविका संवर्धन के लिए प्रयासरत होंगी।

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिले सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा, समस्याओं को दूर करने की मांग की, कहा

# पूजा में ना हो अनावश्यक बिजली कटौती, व्यवस्थाओं को कराएं दुरूस्त

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा मंगलवार को मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मिलकर जिले के दुर्गा पूजा के दौरान होने वाली समस्याओं सहित जिले के प्रमुख समस्याओं को दूर कराने की मांग की है। विधायक के साथ उनकी धर्मपत्नी सह जिप सदस्य जोसिमा खाखा भी मौजूद थी। विधायक ने सीएम से लचर बिजली व्यवस्था की जानकारी दी। साथ ही कहा कि दुर्गा पूजा के दौरान बिजली की अनावश्यक कटौती न हो। बिजली की कटौती होने से रात के अंधेरे में मां के दर्शन करने पूजा पंडाल पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को काफी परेशानी होती है। विधायक ने कहा कि दुर्गा पूजा के समय सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त किया जाय। उन्होंने बताया कि जिले के बहुत से पूजा पंडालों तक का पहुँच पथ भी काफी जर्जर हो गया है। जिसे जल्द से जल्द दुरुस्त कराया जाय। ताकि आवागमन में मां के भक्तों को कोई परेशानी न हो। विधायक ने



शहर में खराब पड़े लाइटों को भी जल्द से जल्द दुरुस्त कराने की बात कही। वहीं सीएम हेमंत सोरेन ने भी सभी समस्याओं को दुरुस्त कराने का आश्वासन दिया।

**सहारा इंडिया में फंसे पैसे की वापसी कराने की मांग:** विधायक भूषण बाड़ा ने सीएम को बताया कि सहारा इंडिया का सिमडेगा ब्रांच ग्राहकों का 31 करोड़ 76 लाख रुपए दबाकर बैठा है। पता चला है कि सिमडेगा ब्रांच में 7800 ग्राहक है। जिनका कुल 31 करोड 76 लाख रुपए वर्ष 2020 से ही फंसा है। जिसको लौटाने में ब्रांच मैनेजर द्वारा सुस्ती बरती जा रही है। साथ हीं ये भी पता चला कि ब्रांच चुनिंदा ग्राहकों को या जो ग्राहक केस फौजदारी तक पंहुच रहे हैं। उन्हे हीं पार्ट वाइज पैसे लौटा रहा है। बाकि ग्राहकों के प्रति सहारा कर्मी उदासीन बने हुए हैं। सहारा इंडिया सिमडेगा ब्रांच को निर्देश दे कि जल्द से जल्द ग्राहकों को पैसा लौटाये।

### शहर के तर्ज पर अब गांवों को बनाएं स्मार्टः भूषण

विधायक भूषण बाड़ा ने गांव को स्मार्ट बनाने की मांग की है। विधायक ने कहा कि आज के समय मे ज्यादा गरीबी गांव में ही बसता है। शहर के गरीबों तक तो सरकार, प्रशासन, बहुत सारे एनजीओ, समाज सेवी, नेताएँ आदि पहुँच कर सहयोज करते हैं। पर गांव में रहने वाले गरीबों की सुद्ध लेने वाला तक कोई नहीं रहता है। विधायक ने कहा कि अब शहर की तरह गांवों को भी स्मार्ट बनाने की पहल करें। इसके तहत गांव में रहने वाले स्थानीय स्तर पर लोगों को रोजगार उपलब्ध कराएं। महानगरों की ओर पलायन रोकने और ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक विकास को गति देने का कार्य हो। ग्रामीणों को बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा के साथ बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं भी दिया जाय। साथ ही लोगों के लिए कौशल विकास के लिए भी विशेष व्यवस्था कराया जाय।

### स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार करें: विधायक

विधायक भूषण बाड़ा ने बताया हाल ही में चिकित्सकों के तबादले में सिमडेगा जिले को विभाग द्वारा एकदम से दरकिनार कर दिया गया है। विभाग द्वारा किए गए ट्रांस्फार्मर पोस्टिंग में सिमडेगा के कुल 10 चिकित्सक हटाए गए। जबकि मात्र 04 चिकित्सक ही सिमडेगा भेजे गए हैं। दस चिकित्सक हटाए जाने के बाद चिकित्सकों एवं विशेषज्ञों की भी भारी कमी हो गई है। ऐसे में जिलेवासियों को सरकारी अस्पतालों में बेहतर चिकित्सीय सुविधा लाभ मिलने की कल्पना करना समझ से परे है। उन्होंने बताया कि जिले में चिकित्सकों के कुल 114 रिक्त पद हैं। जिनमें मात्र 24 चिकित्सक ही पदस्थापित है। जिस कारण सिमडेगा के मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा का लाभ नहीं मिल रहा है। इसमे जल्द से जल्द सुधार लाया जाय।

## रातू में सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में होगा पूजा-पंडाल

नवीन मेल संवाददाता

**रातू।** थाना क्षेत्र में शांति व सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने के लिए मंगलवार को थाना स्तरीय दुर्गा पूजा पंडाल समिति की बैठक आयोजित की गई। प्रखंड मुख्यालय सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएसपी प्रवीण कुमार ने पूजा को लेकर समितियो को



जरूरी दिशा निर्देश दिये। उन्होंने बताया कि पूजा पंडाल में सुरक्षा की कड़े इंतजाम किये जाएंगे। सीसीटीवी की निगरानी में पूजा अर्चना कराया जायेगा। पूजा पंडाल समितियो के वोलेंटियरो को आईकार्ड भी दिया जायेगा। पूजा के दौरान शराब की बिक्री पूर्ण तरीके से बंद रहेगी। पूजा के दूसरे दिन 5 अक्टूबर को मूर्ति विषर्जन किया जायेगा। झखराटांड़, कटहल मोड व महादेव टंगरा में रावण दहन का कार्यक्रम आयोजित होगा। बैठक में थानेदार आभाष कुमार के अलावे विवेक सिंह, दिल बोधन साहू, विनोद कुमार शिवचरण महतो, संतोष कुमार, दामोदर नाथ मिश्र, मिथिलेश कुमार दुबे, वैभव नाथ शाहदेव व अन्य लोग शामिल थे।

## इंजन ऑयल के प्रमुख ब्रांड मोबिल ने एक्शन थ्रिलर विक्रम वेधा के साथ की साझेदारी

### विक्रम वेधा 30 सितम्बर को दुनिया भर में 100 से अधिक देशों में रिलीज होगी

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** इंजन ऑयल के प्रमुख ब्रांड मोबिल ने बहु-प्रतीक्षित ऐक्शन थ्रिलर फिल्म ह्यविक्रम वेधा के साथ साझेदारी की है। विक्रम वेधा 30 सितम्बर को दुनिया भर में 100 से अधिक देशों में रिलीज होने जा रही है। ऋतिक रौशन, सैफ अली खान और राधिका आप्टे के अभिनय से सजी इस बहु-प्रतीक्षित फिल्म के साथ जुड़कर, मोबिल इंसानों की प्रगति को बढ़ावा देने, उनमें आत्म विश्वामस पैदा करने और




ग्राहकों को उनकी असली क्षमता पहचानने की अपनी ब्रांड वैल्यू पर जोर देना चाहता है। एक्सॉनमोबिल लुब्रिकेंट्स प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ विपिन राणा ने कहा कि ह्यविक्रम वेधा जैसी फिल्मों के साथ सहयोग करना ग्राहकों से जुड़ने और हमारी अलग-अलग ताकतों पर जोर देने की हमारी रणनीति का हिस्सा है। इस फिल्म में मोबिल सुपर मोटो इंजन ऑयल को दिखाया गया है जो टू-व्हीकलर्स के इंजन को शानदार सुरक्षा देने के लिए उद्योग में सबसे अलग पहचान रखता है। इसके अलावा यह साझेदारी मोबिल के मौजूदा अभियान, फरक लाकर देखिये को आगे बढ़ाती है। इसमें इंजन की सुरक्षा के महत्व पर जोर दिया गया है। ग्राहक के पूरे सफर में, मोबिल एक सच्चेग साथी का काम करता है और वाहन मालिकों को यह विश्वास प्रदान करता है कि उन्होंने अपने ऑटोमोबाइल्स के लिए बिल्कु्ल सही विकल्प चुना है।

### स्नातक कला विज्ञान वाणिज्य की नामांकन जारी

**सिमडेगा।** सिमडेगा महाविद्यालय में स्नातक कला विज्ञान और वाणिज्य (सेमेस्टर 1) और स्नातकोत्तर कला और वाणिज्य संकाय( सेमेस्टर 1) में नामांकन हेतु रजिस्ट्रेशन जारी है। उक्त जानकारी प्राचार्य डॉ रामकुमार प्रसाद ने देते हुए बताया कि स्नातक कला में हिंदी, भूगोल, इतिहास और राजनीति शास्त्र विषयों को छोड़कर अन्य विषयों में नामांकन हेतुआगामी 10 अक्टूबर तक चांसलर पोर्टल में पंजीयन कराया जा सकता है। जबकि विज्ञान और वाणिज्य के सभी विषयों में भी नामांकन हेतु रजिस्ट्रेशन जारी है। उन्होने आगे बताया कि स्नातकोत्तर कला और वाणिज्य के विषयों में भी नामांकन हेतु रजिस्ट्रेशन कराने की अंतिम तिथि 10 अक्टूबर निर्धारित है। डॉ प्रसाद ने विद्यार्थियों से अपील की है कि चांसलर पोर्टल पर निर्धारित तिथि तक नामांकन हेतु पंजीयन अवश्य करा लें। चांसलर पोर्टल अभी खुला हुआ है।

### स्वच्छ भारत अभियान के तहत कार्यशाला आयोजित

**रातू।** प्रखंड सभागार में मंगलवार को स्वच्छ भारत मिशन के तहत व जल जीवन मिशन के तहत एक दिवासिय कार्यशाला का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे एसीई रेशमी ने पंचायतो में चल रहे स्वच्छ भारत मिशन अभियान ग्रामीण के तहत जल जीवन मिशन योजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने पंचायतो में चल रहे घरों में नल से जल की आपूर्ति एवं उसकी स्थिति को लेकर मुखिया व जल सहिया को उचित दिशा निर्देश दिया व सभी कार्य जलसहिया व ग्रामीणों की सहभागिता से सुनिश्चित करने की सलाह दी। बैठक में पंचायतो के मुखिया,जलसहिया, ब्लॉक कोड़ेनेटर व मोबलाइजर मौजूद थे।

## महिला का शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस

नवीन मेल संवाददाता

**बसिया।** बसिया थाना क्षेत्र के सुदूरवर्ती इलाके से एक महिला का शव बरामद किया गया है। बरामद शव को देखने पर प्रथम दृष्टया यह समझा जा रहा है कि घटनास्थल हत्या करने के बाद इस महिला के शव को पर लाकर फेक दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आज अहले सुबह कुछ ग्रामीणों के द्वारा आरया- ससिया पथ पर नारोटोली गांव के पास एक अज्ञात शव देखा गया। ग्रामीणों की सूचना पर स्थानीय पुलिस ने इस शव को बरामद कर तत्काल इसकी तहकीकात प्रारंभ की गई। इस तथ्य की पुष्टि करते हुए बसिया के आरक्षी निरीक्षक एस०एन०मंडल ने बताया कि बरामद शव कोनबीर भंडार टोली निवासी सिलवेस्तर बारला की पत्नी सुनीता बारला का है। मृतक महिला के पति से पूछताछ करने पर प्रारंभिक तौर पर यह बात सामने आई कि उसकी अठाईस वर्षीया पत्नी सुनीता बारला



सुबह आठ बजे दुकान जाने की बात कहकर घर से निकली थी परन्तु रात तक घर नहीं लौटी। घरवाले उसकी गुमशुदगी को लेकर तनाव में थे तभी सुबह अज्ञात शव की बरामदगी की सूचना उसे मिली। इस सूचना पर तसदीक करने जब वह बसिया पुलिस के सामने गया तब वहीं पहुंचते ही उसके होश उड़ गए क्योंकि बरामद शव उसकी पत्नी का था।

### सभी पहलुओं पर गहन जांच की जा रही

बताया जाता है कि मृतका मोबाइल लेकर घर से निकली थी परन्तु जब शव बरामद किया गया तब उसके पास से मोबाइल गायब था। इतना ही नहीं, परिस्थिति जन्य साक्ष्यों के आधार पर यह अनुमान लगाया जा रहा है कि यह हत्या का मामला हो सकता है। थाना प्रभारी छोटू उरांव ने बताया कि पुलिस सभी पहलुओं से इस कांड की गहन जांच कर रही है। उन्होंने मृतका के परिजनों को यह भरोसा भी दिया है कि जल्द ही इस हत्याकांड का खुलासा कर लिया जायेगा।

## डायन का आरोप लगाकर अमानवीय व्यवहार की घटना शर्मनाक : रानी

नवीनल मेल संवाददाता

**रांची।** महिला सशक्तिकरण एवं नारी उत्थान के लिए समर्पित संस्था नारी शक्ति सेना (गुलाबी गैंग) ने झारखंड की उप राजधानी दुमका के सरैयाहाट स्थित असवारी गांव में डायन करार देकर एक ही परिवार के तीन महिलाओं समेत चार लोगों के साथ अमानवीय व्यवहार किए जाने की घटना की तीव्र निंदा की है। इस संबंध में गुलाबी गैंग की संस्थापक अध्यक्ष व शहर की लोकप्रिय समाजसेविका रानी कुमारी ने सोमवार को एक प्रेस बयान जारी कर कहा है कि डायन के अंधविश्वास में गांव के ही दबंगों द्वारा तीन महिलाओं समेत चार को मैला पिलाना और गर्म छड़ से शरीर को दागना अमानवीय कृत्य है, इसकी जितनी भी निंदा की जाए, कम होगी।

उन्होंने कहा कि संस्था की ओर से अन्य महिला संगठनों व महिला स्वयं सहायता समूहों के सहयोग से कुप्रथाओं के खिलाफ व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया है। इसकी शुरूआत रांची जिले से की जाएगी। इसके तहत रांची व आसपास के ग्रामीण इलाकों में शिक्षा के प्रचार-प्रसार पर बल देते हुए कुप्रथाओं को समूल नष्ट करने की दिशा में लोगों को जागरूक किया जाएगा।

उन्होंने उक्त घटना के पीड़ित परिवारों को पुलिस-प्रशासनिक संरक्षण देने, पीड़ितों का उपचार करने के अलावा इस प्रकार की अमानवीय घटना को अंजाम देने वाले आरोपियों को अविलंब गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि ऐसी घृणित घटनाएं सभ्य समाज के माथे पर कलंक का टीका है। इस प्रकार की अमानवीय घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इस दिशा में पुलिस-प्रशासन को भी तत्परता से कार्रवाई करने की आवश्यकता है।

### स्वर्गीय जय प्रकाश टेटे स्मृति फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ उद्घाटन

## प्रतिभावान खिलाड़ियों को संवारने की जरूरतः शमी

नवीन मेल संवाददाता

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा प्रखंड के कोम्बाकेरा में तीन दिवसीय फुटबॉल टूनार्मेंट विधायक नमन बिक्सल कोंगाडी के सौजन्य से मंगलवार को शुरू हुई जिसमें 16 टीमों ने भाग लिया ।इस खेल के उदघाटन में मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि मो शमी आलम, विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा नव निर्वाचित कोलेबिरा प्रखंड अध्यक्ष सुलभ नेल्सन डुंगडुंग के द्वारा किया गया।



दर्शकों एवं खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए शमी आलम ने कहा कि सर्वप्रथम आप सभी को बहुत बहुत शुभकामनाएं आप सभी ने अच्छे खेल का प्रदर्शन किया। जो कि सराहनीय है क्योंकि इस सुदूर जंगल देहात में अच्छे खिलाड़ियों का होना निश्चित रूप से दर्शाता है कि सिमडेगा जिला सिर्फ हॉकी ही नहीं फुटबॉल के छेत्र में भी अछे प्रतिभावान खिलाड़ी हैं, जिसे सवारने की आवश्यकता है। इसी सोच के तहत कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र एवं आपके विधायक नमन विक्शल कोनगाडी विधानसभा क्षेत्र के सभी पंचायतों में फुटबॉल क्लब बनाने का सोच पूर्व से ही रखे हुए हैं, जिसमे महिला पुरूष को फुटबॉल, हॉकी, नाच गान कराने का उद्देश्य था और अभी भी है। उनका पहले से स्पष्ट सोच था कि अपने विधानसभा क्षेत्र के खिलाड़ियों की प्रतिभा इसीलिए नहीं निखर पाती है क्योंकि आर्थिक अभाव के कारण सही ढंग का खेल सामग्री उपलब्ध नहीं हो पाता है इसीलिए विधायक नमन विक्शल कोंगाडील खिलाड़ियों के बीच प्रतियोगिता आयोजित कर जर्सी हॉकी स्टिक, फुटबॉल, साड़ी देने का सोच रखें हैं। जिसके लिए आपके कोलेबिरा प्रखंड में कांग्रेस पार्टी के द्वारा बैठक भी पूर्व में ही आयोजित की जा चुकी है। विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा संबोधित करते हुए कहा कि आज कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र के समस्त जनता एवं खाश कर खीस्तीय समाज के समस्याओं को सड़क से लेकर सदन तक आवाज को बुलंद करते हुए संबैधानिक अधिकार दिलाने का काम मात्र अपने तीन साल के कार्यकाल में किया है, ऐसा कार्य आज तक के इतिहास में किसी ने नही किया। मौके पर कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## प्रांतीय महामंत्री पर टिप्पणी के खिलाफ काला बिल्ला लगाकर किया कार्य

नवीन मेल संवाददाता

**बानो।** प्रखंड के जन सेवको ने झारखंड राज्य जनसेवक संघ के समर्थन में 27 सितम्बर को काला बिल्ला लगा कर काम किया। उन्होंने बताया कि संघ के प्रांतीय महामंत्री सह एनएमओपीएस झारखंड के प्रांतीय उपाध्यक्ष लोकेश कुमार पर आत्मा कार्मिक संघ द्वारा व्यक्तिगत टिप्पणी किया था ।इसके विरोध पर बानो प्रखंड के विभिन्न पंचायत के जनसेवक ने काला बिल्ला लगाकर काम किया। उन्होंने बताया कि हमारे प्रांतीय महामंत्री के खिलाफ सार्वजनिक रूप से व्यक्तिगत टिप्पणी करना ना सिर्फ राज्य भर के जन सेवकों का अपमान है बल्कि राज्य के समस्त सरकारी कर्मचारी एवं उनके संगठन का भी अपमान है ।जन सेवक संघ ने मांग किया कि कृषि और किसानों के हित में अभिलंब राज्य के



जनसेवकों का वेतन व अन्य पदाधिकारी का परिवर्तन कर जिला कृषि पदाधिकारी अनुमंडल कृषि पदाधिकारी किया जाए और जन सेवक भर्ती नियमावली 2012 के आधार पर उनकी संपूर्ण सेवा कृषि विभाग को सौंपा जाए । उन्होंने कहा कि राज्य में नियुक्त सेवकों के 10 साल पूरा होने को है उन्हें कालबद्ध प्रोन्नति लाभ दी जाए। इधर जन सेवक आकाश महतो ,अजय कुमार सिंह ,लक्षमण महतो आदि लोगो ने काला बिल्ला लगा कर कार्य किया।

## न्यूज गैलरी

### बाल श्रम, बाल विवाह, व भ्रूण हत्या की रोकथाम को लेकर जागरूकता कार्यक्रम

**कोडरमा।** मंगलवार को कोडरमा प्रखंड अंतर्गत लोकाई पंचायत भवन व जयनगर प्रखंड अंतर्गत पिपचो पंचायत भवन में जिला बाल संरक्षण इकाई, कोडरमा के द्वारा जेएसएलपीएस के सक्रिय महिला सदस्यों के साथ बाल श्रम, बाल विवाह, बाल शोषण एवं भ्रूण हत्या को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर बाल संरक्षण इकाई के कर्मियों द्वारा बच्चों के संरक्षण अधिकार, बाल विवाह, बाल श्रम, बाल शोषण, बाल उत्पीड़न, लिंग जांच, भ्रूण हत्या एवं बाल व्यापार के दुष्प्रभाव तथा स्पॉन्सरशिप योजना के संबंध में बताया गया। साथ ही सभी सक्रिय महिला सदस्यों से अपील करते हुए कहा गया कि गांव स्तर पर बाल शोषण, श्रम की रोकथाम के लिए लोगों को जागरूक करें।

### कुम्हारटोली में इस बार अजंता शैली में रहेंगी मां की प्रतिमाएं

**हजारीबाग।** कुम्हारटोली संकट मोचन मंदिर में इस बार दुर्गा पूजा की तैयारी धूमधाम से की जा रही है। अजंता शैली में यहां प्रतिमाओं को तैयार किया जा रहा है। पारंपरिक तौर पर यहां पूजा होती है। कमेटी के अनिल सिन्हा और सुरेश सहाय बताते हैं कि इस बार अजंता शैली में प्रतिमा का निर्माण अनिल कुमार प्रजापति और सुनील प्रजापति कर रहे हैं। यह अन्य पंडालों से अलग हटकर होगी। कमेटी के अध्यक्ष बालदेव प्रजापति है। वहीं सचिव मनोज गुप्ता है। यहां पर अष्टमी को भतुआ की बलि दी जाती है। नवमी को बुंदिया पूड़ी भोग का वितरण किया जाता है। दशमी को 500 हांडी खिचड़ी का भोग कार्यकताओं और सदस्यों के बीच बांटा जाता है, वहीं आधा दर्जन से अधिक डेग खिचड़ी श्रद्धालुओं में वितरित की जाती है।

### विस्थापित/प्रभावित संघर्ष मोर्चा ने मनायी टेकलाल महतो की पुण्यतिथि

**चरही।** मंगलवार को बहेरा के तापिन साउथ परियोजना चेक पोस्ट के समीप विस्थापित /प्रभावित संघर्ष मोर्चा के बैनर तले धरना-स्थल पर झारखंड आंदोलन के जननायक गिरिडीह के पूर्व सांसद सह मांडू के पूर्व विधायक स्व टेकलाल महतो की 11वीं पुण्यतिथि मनायी गई। इस अवसर पर उनकी तस्वीर पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। वक्ताओं ने कहा कि स्व झारखंड अलग राज्य के अग्रणी दूत थे। इनके द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलकर राज्य और देश के विकास कार्यों में भागीदारी बने। कार्यक्रम में बहेरा पंचायत के मुखिया देवकी महतो, गुलाम रब्बानी, सब्बीर अहमद, बिरसा टूडू, पंचायत समिति सदस्य शक्ति देवी, संतोष राय, रोशनी देवी, मुमताज सफी, अशरफ, नसीम अंसारी, अतिक रहमान, मो नईम अंसारी, मुबारक अंसारी, मोजिम अंसारी, भरथु महतो, किशन कुमार, मतीन अंसारी, जिब्राइल अंसारी, जाहिद अंसारी, नईम अंसारी, जीतू करमाली, हीरा महतो,ओम प्रकाश गिरी, लतीफ अंसारी, महिला मोर्चा के रुखसाना परवीन, शहजादी खातून, लैला खातून, नूरजहां निशा, मकीबून निशा, शहीदों निशा, हसरतउन खातून, कलीउन निशा, लीलावती देवी सहित दर्जनों महिला-पुरुष उपस्थित थे।

### चौपारण अंचल के राजस्व कर्मचारी के हड़ताल से बढ़ रही परेशानी

**चौपारण।** झारखंड-बिहार के सीमावर्ती हजारीबाग जिले का सबसे बड़े चौपारण प्रखंड सह अंचल के राजस्व कर्मचारियों के अनिश्चित कालीन हड़ताल से परेशानियां बढ़ रही है। भू-रैयतों तथा ग्रामीणों का दाखिल-खारिज सहित सभी अंचल से संबंधित कार्य ठप है। ग्रामीण हर दिन कार्यालय का चक्कर लगा रहे हैं। खास कर शिक्षण कार्य से संबंधित प्रमाण पत्र के लिए बच्चे भटक रहे हैं। सीओ और सीआई का पद भी प्रभार में है। ऐसी स्थित में कर्मचारियों के हड़ताल का बड़ा असर दिख रहा है। 26 पंचायत के नौ हल्का के लिए चार राजस्व कर्मचारी कार्यरत हैं, जिसमें एक राजस्व कर्मचारी नंदकिशोर वर्मा सीआई के प्रभार में हैं। जबकि दस राजस्व कर्मचारी का पद है। जिसमें राजस्व कर्मचारी नंदकिशोर वर्मा सीआई का प्रभार में हैं जिन्हें हल्का छह, कर्मचारी विक्रम कुमार को हल्का पांच, आठ और नौ, मयंक कुमार को हल्का एक, तीन और सात तथा बालेश्वर कुमार को हल्का दो और छह का प्रभार है। एक ओर राजस्व कर्मचारी की कमी तो दूसरी और एक राजस्व कर्मचारी को 50 से अधिक गांवों की जिम्मेवारी दी गई है।

### शांति समिति की बैठक में दुर्गापूजा सादगी पूर्वक मनाने की अपील

**इचाक।** दशहरा पर्व में विधि व्यवस्था बनाए रखने के मकसद से शांति समिति की बैठक मंगलवार को थाना प्रांगण में हुई। अध्यक्षता थाना प्रभारी धनंजय सिंह ने की और संचालक सीओ मनोज कुमार महथा ने किया। बैठक में पूर्वी जिप सदस्य रेणु देवी, बीडीओ रिंकू कुमारी उपस्थित हुई। इस दौरान बिजली पानी,आवागमन आदि बिंदुओं पर चर्चा की गई। पूजा समिति के सदस्यों को पूजा पंडालों में सीसीटीवी कैमरा, अग्निशामक यंत्र लगाने तथा महिला-पुरुष श्रद्धालुओं के लिए अलग-अलग बेरेकेटिंग बनाना की सलाह दी गई। पूजा के दौरान शरारती तत्वों द्वारा फैलाए जाने वाले अफवाहों की सूचना तुरंत पुलिस प्रशासन को देने की बात कही गई। थाना प्रभारी धनंजय सिंह ने कहा कि लोग कानून का सम्मान करते हुए प्रशासन को सहयोग करें। किसी को कानून को हाथ में लेने का अधिकार नहीं है। उन्होंने तय समय में प्रतिमा विसर्जन करने पर जोर दिया। बैठक में विधायक प्रतिनिधि सच्चिदानंद अग्रवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुभाष सोनी, उप प्रमुख सत्येंद्र कुमार मेहता, मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष रंजीत कुमार मेहता, मुखिया अशोक कपरदार, सिकंदर प्रसाद मेहता, उमेश प्रसाद, पूर्व 20 सूत्री अध्यक्ष गौतम नारायण सिंह, मुरली मेहता, महेंद्र दास, राम लखन मेहता, शत्रुघन राम, दयानंद मेहता, हरिहर मेहता, मोहम्मद हारुन, मौलाना मुख्तार, मोहम्मद तहकीक, उमेश गिरि, एसआई अभय कुमार के अलावा थाना कर्मी और गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### अमर शहीद नीलांबर पीतांबर का चार दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट आयोजित

**केरेडारी।** केरेडारी प्रखंड के बटुका में अमर शहीद नीलांबर पीतांबर चार दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट मैच का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि किसान बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय संयोजक पंकज महतो ने किया। इसके पूर्व खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त की। उन्होंने कहा कि खेल से आपसी मेल बढ़ती है और शारिरिक तथा मानसिक विकास होता है। ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के खेल का आयोजन से ग्रामीणों को खेल प्रतिभा को निखारने का मौका मिलता है। पर अफसोस है कि बड़कागांव विधानसभा में कहीं भी किसी पंचायत में अच्छा खेल का मैदान नहीं है। झारखंड सरकार को चाहिए कि हर पंचायत स्तर पर खेल का मैदान बनाया जाए। ताकि खिलाड़ी जिला और राज्य स्तर पर खेलें। बटूका पंचायत की सड़क लगभग पंद्रह साल से जर्जर है।

---

शिक्षा विभाग के रामगढ़ जिले में किये जा रहे कार्यों की डीडीसी ने की समीक्षा, कहा

# बहुत जरूरी है कि सभी बच्चों को विद्यालय स्तर पर ही जाति प्रमाण पत्र उपलब्ध करा दिया जाए

नवीन मेल संवाददाता



**रामगढ़।** शिक्षा विभाग द्वारा जिले में किए जा रहे कार्यों को लेकर मंगलवार को उप विकास आयुक्त नागेंद्र कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त ने जिला शिक्षा पदाधिकारी कुमारी नीलम से पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में हुए कार्यों की जानकारी ली। उप विकास आयुक्त ने वैसे विद्यार्थी जिनका अब तक किसी कारणवश बैंक में खाता नहीं खुल पाया है उन पर विशेष ध्यान देते हुए उनका खाता बैंक में खुलवाना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। विद्यालयों को प्राप्त विद्यालय विकास अनुदान के तहत हुए कार्यों की समीक्षा करते हुए उप विकास आयुक्त ने जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारियों आदि को जल्द से जल्द कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। विद्यालय स्तर पर बच्चों को उपलब्ध कराए जा रहे हैं जाति प्रमाण पत्र के तहत कार्यों की समीक्षा करते हुए उप विकास आयुक्त ने कहा कि यह बहुत जरूरी है कि सभी बच्चों को विद्यालय स्तर पर ही जाति प्रमाण पत्र उपलब्ध करा दिया जाए। इस संबंध में उप विकास आयुक्त ने शिविर आयोजित कर योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिया। इन सबके अलावा बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त ने विद्यालय किट, बच्चों को उपलब्ध कराए जाने वाले यूनिफॉर्म, कॉपी किताब आदि के वितरण के तहत हुए कार्यों की प्रखंडवार प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारियों व प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारियों से जानकारी ली। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## श्रीमद्भागवत पुराण सबसे महान पुराण : देवी राधिका

नवीन मेल संवाददाता



**मरकच्चो।** प्रखंड के नावाडीह पंचायत स्थित नावाडीह 1 दुर्गा मंडप परिसर में नवरात्रि के प्रथम दिन से ही भक्ति की बयार बह रही है। श्रीमद् भागवत कथा के आयोजन से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा है। भागवत कथा सुनने के लिए नवरात्र के पहले दिन से ही महिला व पुरुष भक्तों की भीड़ मंदिर परिसर में उमड़ रही है। वृंदावन से पधारी प्रवचन कर्ता देवी राधिका प्रिय वंदा जी ने नवरात्रा के प्रथम दिन श्रोताओं को संबोधित करते हुए कहा कि 18 पुराणों में श्रीमद्भागवत पुराण सबसे महान पुराण है। इस पुराण में भक्ति की प्रधानता है। उन्होंने कहा कि भक्ति के कारण ही श्रीमद् भागवत पुराण कथा सुनने मात्र से राजा परीक्षित को मोक्ष की प्राप्ति हुई थी। मानव जब इस संसार में पैदा लेता है तो चार व्याधि उत्पन्न होते हैं। रोग, शोक, बृद्धावस्था और मौत। मानव इन्हीं चार व्याधियों से घिरकर इस माया रुपी संसार से विदा लेता है। उन्होंने श्रीमद् भागवत के महातम का वर्णन करते हुए कहा कि श्रीमद् भागवत कथा तो सभी सुनते हैं। माता रानी की असीम कृपा से एक बार देवी भागवत कथा का आयोजन हुआ है। जिसमें हम मां की महिमा को जाने। उन्होंने कहा कि मां भगवती की कथा श्रवण करने से बासुदेव और देवकी मां ने अपने पुत्र को सकुशल प्राप्त किया। इस मौके पर सुमित शास्त्री झा वृंदावन, सलेश कुमार, वाद्ययंत्र रमेश कुमार, रामकृपाल, अवनेश कुमार, मुखिया बैजंती देवी, पंसस धनेश्वर यादव, सुरेश साव, पूजा समिति अध्यक्ष बसंत साव, सचिव मुंशी महतो, पूर्व मुखिया नावाडीह सुरेंद्र वर्मा, सदानंद गुप्ता, कौशल गुप्ता, सिकेन्द्र साव, अनुपम हलधर, प्रकाश साव आदि श्रद्धालु गण ने संगीतमय कथा का आनंद लिया।

## स्कूली बच्चों के बीच वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

**हजारीबाग।** स्कूली बच्चो को बैंकिंग वित्तीय साक्षरता के तहत हजारीबाग सदर प्रखण्ड के अमृतनगर स्थित लॉर्ड कृष्णा स्कूल मे बच्चो के बीच वित्तीय साक्षारता शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में आरबीआई, रांची के सहायक महाप्रबंधक अरविंद कुमार एक्का, बैंक ऑफ इंडिया हजारीबाग अंचल के उप-आंचलिक प्रबन्धक राजेश कुमार बैन्स मुख्य अतिथि के रूप मे उपस्थित हुए। कार्यक्रम मे अग्रणी जिला प्रबंधक सुधाकर पाण्डेय, लॉर्ड कृष्णा स्कूल के निदेशक अमिताभ नीरज,बैंक ऑफ इंडिया,अमृतनगर के शाखा प्रबंधक सुबोध कुमार शर्मा,दारू ब्लॉक के सीएफएल के साथ-साथ स्कूल के शिक्षको एवं विधाथीर्यों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम के तहत स्कूली बच्चों ने एक नुक्कड़/नाटक का मंचन किया जिसके माध्यम से बैंक द्वारा दी जा रही विभिन्न सुविधाएं,योजनाओ एवं बैंक के विभिन्न पहलुओ को प्रदर्शित किया गया । कार्यक्रम मे आरबीआई के श्री एक्का ने विधाथीर्यों को बैंकिंग के विभिन्न पहलूओ जैसे डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, डिजिटल बैंकिंग,साइबर सुरक्षा इत्यादि से अवगत कराया। बैंक ऑफ इंडिया, हजारीबाग अंचल के उप-आंचलिक प्रबन्धक राजेश कुमार बैन्स ने रोजमर्रा के जीवन मे बैंक की महत्ता से स्कूली बच्चो को अवगत कराया एवं बचत करने की आदत अभी से डालने की बात कही। अग्रणी जिला प्रबंधक ने भारतीय अर्थव्यवस्था मे बैंक के महत्व एवं जीवन मे इसकी भूमिका पर प्रकाश डाला साथ ही बैंक के वर्तमान परिदृश्य एवं इससे संबन्धित चुनौतियों पर भी अपनी बात रखी। नाटक मंचन मे बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चो को पुरस्कृत किया गया।

विधायक ने ग्रामीणों से किया सीधा संवाद, कई योजनाओं की हुई घोषणा

## नहीं काम करता है किसी भी कंपनी के मोबाईल का नेटवर्क, विधायक से पहल करने की अपील की

नवीन मेल संवाददाता



बरही। बेंदगी पंचायत के पोड़ैया गांव में विधायक सह विस निवेदन समिति के सभापति उमाशंकर अकेला यादव स्थानीय मुखिया सिकंदर राणा व अपने सहयोगियों के साथ ग्रामीणों संग बैठक कर साथ सीधा संवाद किया। जिसमे भारी संख्या में गांव के महिला पुरुष व नवयुवक शामील हुए। उपस्थित लोगों ने विधायक से सीधा संवाद करते हुए गांव की समस्याओं को बताया। बैठक में मुख्य रूप से राशन, पेंशन, ट्रांसफार्मर, नाली व पीसीसी जैसे समस्याये सामने आई। वही युवाओ के द्वारा खेल मैदान को सुंदरी करण की बात कही गई। कुछ लोगो के द्वारा मोबाईल नेटवर्क की समस्याओं पर भी विधायक का ध्यान आकृष्ट करवाया। लोगों के द्वारा बताया गया कि इस गांव में किसी भी कंपनी का नेटवर्क काम नहीं करता है जिससे यहां के ग्रामीण सूचनाओ से कटे-कटे रहते हैं। विधायक ने ग्रामीणों की समस्या को गंभीरता से सुनते हुए सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दिया। मौके पर ही कार्यकर्ताओं को ग्रामीणों की समस्याओं को हर संभव समाधान करने का निर्देश देते हुए जनहीत में कई घोषणाएं भी किया। घोषणा के अनुसार फुटबॉल ग्राउंड का सुंदरीकरण, तिलक नगर मोहल्ला में ट्रांसफर की व्यवस्था, पोड़ैया न्यू देवी मंदिर से किसून गोप के घर तक नाली निर्माण और पोड़ैया के ही नागो महतो के घर से रामस्वरूप सिंह के घर तक पीसीसी पथ निर्माण की घोषणा किया। जिसमें नाली तथा पीसीसी निर्माण कार्य मुखिया कोष से तथा शेष कार्य विधायक कोष से करवाए जाएंगे। टेलीकॉम नेटवर्क के बारे में भी उन्होंने आश्वासन देते हुए कहा कि इसके लिए भी वह प्रयास कर समस्या दूर करने का काम करेंगे। बैठक में कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष डॉ निजामुद्दीन अंसारी, जिला महासचिव विनोद कुमार यादव, ओबीसी जिला सचिव दीपक गुप्ता, विस यूथ अध्यक्ष मनोहार यादव, प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मन्नान वारसी, छठु गोप, विरेंद कुमार यादव, असरफ अली सहित भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। कार्यकर्म का संचालन लालमणि सिंह ने किया।

### बाइक सवार झपट्टामार ने महिला के गले से चेन छीन कर भागे

**इचाक।** पर्व त्योहार के मौके पर क्षेत्र में झपट्टामार उच्चको की गतिविधियां बढ़ रही हैं। बाइक सवार दो झपट्टामार उच्चाकों ने बुढ़िया माता सड़क पर राह चलते एक महिला के गले से सोने की चेन झपट्टकर फरार हो गए। इस बाबत महिला के देवर सच्चिदानंद अग्रवाल उर्फ छोटू ने बताया कि उनके बड़े भाई सुनील अग्रवाल की पत्नी और मेरी भाभी बच्चों को स्कूल बस तक छोड़ने घर से बुढ़िया माता रोड पर गई थी। महिला बच्चों को बस में छोड़ कर अपने घर की ओर जा रही थी। इसी क्रम में एक बिना नंबर के बाइक पर सवार दो युवक पीछे से पहुंचे और महिला के गले से सोने का चेन पीछे से झपटकर निकल गए। झपट्टामारों ने चेन इतनी जोर से खींची की महिला की गर्दन में छिल गयी। वह लड़खड़ा कर सड़क पर गिर गई। पीड़िता ने थाने में आवेदन देकर अज्ञात झपट्टामारों के खिलाफ केस दर्ज कराया है। आवेदन के आलोक में थाना प्रभारी धनंजय सिंह ने सीसीटीवी कैमरे के सीडीआर के सहारे झपट्टामारों तक पहुंचने की कोशिश कर रही है।

### अज्ञात चोरों ने पोकलेन मशीन गैरेज का ताला तोड़ 12 बैट्रियों की चोरी, भुक्तभोगी ने थाना में दर्ज करायी रिपोर्ट

**बरही।** बीते रात्रि जीटी रोड पंचमाधव स्थित पोकलेन मशीन गैरेज का ताला तोड़कर कुल 12 बैट्री चोरी का मामला सामने आया है।



संबधित मामले में भुक्तभोगी गैरेज मालिक अजीत राम नईटांड़ निवासी अजीत राम के द्वारा बरही थाना में मामला आवेदन दिया जा चुका है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार की रात्रि करीब डेढ़ बजे अज्ञात चोरों के द्वारा गैरेज के ताला तोड़कर लगभग दो लाख रुपये के मूल्य के बराबर 6 पोकलेन मशीन की कुल 12 बैट्रियां चोरी कर ली गई है। चोरी गए बैट्री में पोकलेन मशीन मालिक प्रकाश साव, राजकुमार यादव, महेंद्र यादव, मंटु साव, भोला साव और मरम्मती के लिए गैरेज में खड़ा पोकलेन मशीन की दो-दो बैटरियाँ शामील है । गैरेज मालिक के अनुसार सोमवार की रात्रि वेलोग गैरेज में ही सोए थे, परंतु थकान के कारण उनकी गहरी नींद लगी थी चोरी का एहसास नहीं हुआ। पुलिस भुक्तभोगी के आवेदन के आधार पर मामले की छानबीन में जुट गई है।

## बरकट्ठा थाना में दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की हुई बैठक



नवीन मेल संवाददाता

**बरकट्ठा।** थाना परिसर में दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता एसडीओ पूनम कुजुर व संचालन दर्शन सोनी ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में डीएसपी नजीर अख्तर, अंचल अधिकारी श्री कांत लाल मांझी, वीडीओ कृति बाला लकड़ा, पुलिस निरीक्षक अमित लकड़ा, थाना प्रभारी विक्रम कुमार मौजूद थे। मौके पर डीएसपी नाजीर अख्तर ने दुर्गा पूजा त्योहार शांति पूर्वक मनाने की अपील की। एसडीओ पूनम कुजुर ने लोगों से कहा किसी भी तरह की सूचना प्राप्त होने पर थाना को जानकारी दें। आपका नाम गुप्त रखा जाएगा। साथ किसी भी तरह की अफवाह की सीधे जानकारी थाना को दें और कोई भी व्यक्ति शोशल मीडिया पर अफवाह नहीं फैलाए। वहीं थाना प्रभारी ने कहा पूजा पंडाल में भक्ति गाना बजना चाहिए और सीसीटीवी कैमरा के द्वारा निगरानी रखना चाहिए। किसी भी प्रकार की समस्या होने पर थाना से संपर्क करें। बैठक में उप प्रमुख प्रतिनिधि उत्तम महतो, जिला परिषद प्रतिनिधि यमुना साव, झुरझुरी मुखिया, बरकनगांगो मुखिया रामचंद्र साव के अलावे सभी पूजा समिति के सदस्य लोग उपस्थित थे।

## वर्ल्ड फार्मासिस्ट डे पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन




नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़।** राधा गोविन्द विश्वविद्यालय के फामेर्सी डिपार्टमेंट में वर्ल्ड फार्मासिस्ट डे के अवसर पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। तीन दिवसीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कुलसचिव डॉ. निर्मल कुमार मंडल एवं विशिष्ट अतिथि परीक्षा नियंत्रक डॉ. अशोक कुमार ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। फार्मासिस्ट डे के अवसर पर विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कुलसचिव ने कहा कि दुनियाभर में प्रतिवर्ष 25 सितंबर को स्वास्थ्य में सुधार हेतु फार्मासिस्ट की भूमिका को रेखांकित करने के लिए विश्व फार्मासिस्ट दिवस का आयोजन किया जाता है । दुनिया भर में फार्मासिस्ट आम लोगों को बेहतर दवाएं प्राप्त करने में मदद करते हैं और उन्हें स्थानीय स्तर पर चिकित्सीय सलाह प्रदान करते हैं। फार्मासिस्ट यूनाइटेड इन एक्शन फॉर ए हेल्दीयर वर्ल्ड थीम पर विद्यार्थियों द्वारा क्विज, वाद-विवाद, पोस्टर प्रतियोगिता के साथ रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। फामेर्सी के प्रभारी विभागाध्यक्ष साई प्रकाश पाणिग्राही ने एक अच्छे फार्मासिस्ट के विशेषताओं से अवगत कराते हुए यह कहा कि स्वास्थ्य को लेकर हमें सजग रहने की आवश्यकता है और एक अच्छे फार्मासिस्ट पर ही हमें भरोसा करना चाहिए। कार्यक्रम में विज्ञान संकाय की संकायाध्यक्ष डॉ. प्रतिभा गुप्ता, वनस्पति विज्ञान की विभागाध्यक्ष डॉ. पूजा कुमारी जयसवाल, बायोटेक्नोलॉजी से उमा कुमारी फार्मेसी डिपार्टमेंट से सुरोजीत बर्मन, महेश्वर दीप, जोयिता रॉय, झरना पल्लेई, अरूप गोस्वामी, अनिल प्रकाश, सोनाली रॉय, शंभू प्रसाद सिंह समेत छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

# बैंक में चोरी करने के आरोपी को पांच साल सश्रम कारावास की सजा, पांच हजार जुर्माना

जिला और सत्र न्यायाधीश तृतीय की अदालत ने सुनाई सजा

नवीन मेल संवाददाता



**कोडरमा।** जिले के बैंक ऑफ इंडिया चाराडीह मे चोरी करने के दो आरोपियों को सजा सुनायी गयी है। सजा पाने वालों में रजनीश कुमार तुरी उर्फ रजनीश राम (25 वर्ष, पिता मनोज राम, साकिन गोसाईंटोला डोमचांच) एवं सिंटू कुमार मेहता (19 वर्ष, पिता लखन लाल मेहता, साकिन शिव सागर, डोमचांच) शामिल हैं। कोडरमा थाना कांड संख्या 203/2016 दिनांक 12.09.2016 के मामले की सुनवाई के पश्चात अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय तरुण कुमार की अदालत ने मंगलवार को अंडर सेक्शन 25 (1-ए) 35 आर्म्स एक्ट एक्ट के तहत दोषी पाते हुए दोनों को 5-5 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 5-5 हजार रुपए जुर्माना भी लगाया। जुमार्ना नहीं दिए जाने पर आरोपियों को 1-1 वर्ष अतिरिक्त सश्रम कारावास की सजा भुगतनी होगी। वही अंडर सेक्शन 26/ 35 आर्म्स एक्ट के तहत दोषी पाते हुए 3-3 साल सश्रम कारावास व 2 हजार जुर्माना लगाया गया। जुमार्ना की राशि नहीं देने पर छह-छह माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। सभी सजाएं साथ-साथ चलेगी।

### क्या है मामला

कोडरमा के तत्कालीन थाना प्रभारी आनंद मोहन सिंह को सूचना मिली थी कि बैंक में चोर घुस आया है। सूचना के आधार पर रात्रि करीब 11 बजे बैंक ऑफ इंडिया को कोडरमा थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस द्वारा घेर लिया गया। बैंक ऑफ इंडिया के मैनेजर एवं कर्मचारी को सूचना देकर चाबी लेकर आने को कहा गया। गवाहों की उपस्थिति में जब बैंक मेन गेट को खोला गया और जांच की गई तो आरोपियों को बैंक के अंदर पकड़ा गया जबकि दूसरा बाहर में पकड़ा गया। अभियोजन का संचालन लोक अभियोजक पीपी मंडल ने किया. इस दौरान सभी गवाहों का परीक्षण कराया गया। लोक अभियोजक पीपी मंडल ने कार्रवाई के दौरान न्यायालय से अभियुक्तों को अधिक से अधिक सजा देने का आग्रह किया। वही बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता सुधीर कुमार ने दलीलें पेश की। अदालत ने सभी गवाहों और साक्ष्यों का अवलोकन करने के उपरांत दोनो अभियुक्तों को दोषी पाते हुए सजा मुकर्रर की और जुर्माना लगाया।

### आजीविका महिला संकुल संगठन का वार्षिक आमसभा हुआ सम्पन्न

**जयनगर।** प्रखंड के सांस्कृतिक भवन में मंगलवार को आजीविका महिला संकुल संगठन वार्षिक आमसभा का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि जिला परिषद उपाध्यक्ष निर्मला देवी और प्रखंड प्रमुख अंजू देवी ने संयुक्त रुप से फीता काटकर उद्घाटन किया। वही जिप उपाध्यक्ष निर्मला देवी ने बताया कि देश में नारी शक्ति की पूजा होती है यहां सदा नारी शक्ति सर्वोपरि रहती है। पहले की अपेक्षा आज महिलाएं जागरूक हुई है तथा स्वावलंबी बनकर हर क्षेत्र में सफलता का परचम लहरा रही है। प्रखंड प्रमुख ने बताया कि देश में महिलाओं को स्थान पूजनीय है, हमें महिलाओं का सम्मान करना चाहिए, महिलाएं समूह बनाएं और अपने विकास का मार्ग प्रशस्त करें। इस मौके पर महिलाओं को सराहनीय कार्य के लिए सम्मानित भी किया गया। मौके पर मुखिया राजकुमार यादव, सीमा देवी आदि मौजूद हुए।

## महाराष्ट्र स्टेट कबड्डी टीम में पड़िरमा के करण गिरी का हुआ चयन



नवीन मेल संवाददाता

**बरही।** बसरिया उर्फ पंचमाधव पंचायत के पड़िरमा निवासी करण गिरी पिता अजय गिरी का महाराष्ट्र स्टेट कबड्डी टीम में चयन हुआ है। जानकारी देते हुए पंचायत के पूर्व मुखिया कामेश्वर रविदास ने बताया कि उक्त युवक मुंबई में रहकर अपना शिक्षा प्राप्त कर रहा था। साथ ही मुम्बई के तारापुर से खेल प्रशिक्षण ले रहा था। इसी क्रम में महाराष्ट्र स्टेट टीम की ओर से बतौर कबड्डी खिलाड़ी चयन किया गया। जो आगामी 10 अक्टूबर को दिल्ली के साथ होने वाले मैच में अपना पहला जौहर दिखायेगा। गाँव का युवा स्टेट टीम का प्रतिनिधित्व करेगा इससे ग्रामीण युवाओ में खुशी का माहौल है। अपने पंचायत के युवक के चयन से गौरवान्वित पंचायत के मुखिया नीलम देवी, पंसस सुमिया देवी, पूर्व मुखिया कामेश्वर रविदास, हरेंद्र रविदास, यूवा नेता मनोहर यादव सहित कई लोगों ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गांव में प्रतिभाओं की कमी नहीं है सरकार को इस ओर विशेष ध्यान देनी चाहिए।

## न्यूज गैलरी

### बोलबा प्रखंड मुख्यालय से आलिंगुड तक श्रमदान में बनाया गया सड़क



**बोलबा।** बोलबा प्रखंड मुख्यालय से आलिंगुड तक तीन किमी सड़क श्रमदान में पुलिस प्रशासन, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणों ने मिलकर श्रमदान में बनाया। ग्रामीणों ने बताया कि बोलबा प्रखंड मुख्यालय से आलिंगुड होते हुए कुंदुरमुण्डा -टाकबहाल उड़ीसा राज्य को जोड़ने वाली महत्वपूर्ण सड़क है यह सड़क 1988 में एक बार बना था इसके बाद 2000 ई0 में मरम्मत सरकार की ओर से हुई थी। वर्ष 2018 में यह सड़क प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत आरसीपीएलडब्यूई के अंतर्गत पथ प्रमंडल सिमडेगा के द्वारा ठेकेदार कौशिक कंस्ट्रक्शन के द्वारा निर्माण कराया जा रहा था। किन्तु बताया जा रहा है कि वन विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं लिए जाने के कारण काम रोक दिया गया। ठेकेदार द्वारा कहीं-कहीं काम कराया गया था किंतु वन विभाग के काम रोके जाने से सड़क पर गिराया गया मेटल, चिप्स भी उठा लिया गया। काफी दिनों से सड़क का मरम्मत नही होने के कारण सड़क पर कई स्थानों में बड़े -बड़े गढ़े हो गए थे ग्रामीणों ने थाना प्रभारी बोलबा मनीष कुमार के पास जाकर सहयोग की माँग किया थाना प्रभारी के पहल पर जनप्रतिनिधि, ट्रैक्टर मालिक एवं ग्रामीणों ने मिलकर बोलबा से आलिंगुड तक एक दर्जन से अधिक ट्रैक्टर लगाकर मोरम मिट्टी, पत्थल का डस्ट आदि डाल कर मरम्मत किया गया गया ।थाना प्रभारी मनीष कुमार पाण्डे ने बताया कि जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणों ने मिलकर पुलिस से सहयोग मांगा की बोलबा से आलिंगुड तक कि सड़क की मरम्मत में आपकी सहयोग चाहिए। पुलिस के सहयोग से सड़क बन गया। इससे पुलिस गाड़ी ले जाने में भी परेशानी होती थी। ग्रामीणों ने बताया कि पुलिस एवं जनप्रतिनिधियों ने मिलकर जनहित के लिए एक अच्छा काम किया है। इस मौके पर थाना प्रभारी मनीष कुमार पाण्डे, मुखिया सुरजन बड़ाईक, मुखिया बिनोद बड़ाईक, उप मुखिया सियाबर सिंह, किशोर सिंह, बिजय सिंह, अजय जायसवाल सहित कई लोग मौजूद थे।

### राहगीरों और दुकानदारों के लिए मुसीबत बन गई अधूरा पड़ा सड़क निर्माण कार्य



**कैरो/लोहरदगा।** जिले के कुडू-चट्टी मुख्य पथ पर कैरो में पेट्रोल पंप के पास किया जा रहा पुल निर्माण कार्य हजारों राहगीरों समेत आसपास के दुकानदारों के लिए मुसीबत बन गया है। इस सड़क पर पुल का निर्माण कार्य महीनों पहले शुरू हुआ था, जो अब बनकर तैयार हो गया है। लेकिन पुल तक पथ का निर्माण नही होने से राहगीरों को काफी परेशानी हो रही है। हल्की बारिश में भी सड़क तालाब में तब्दील हो जाती है, जिसके कारण यहां के कई दुकानदार काफी परेशानी झेल रहे है। राहगीरों को भी आने-जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही पुल निर्माण कार्य के दौरान पानी सप्लाई का पाइप छतिग्रस्त हो गया था जिसका खामयाजा ग्रामीण को भुगतना पड़ रहा है। निर्माण कार्य करा रहे लोगों से सप्लाई पाइप को ठीक कराने को लेकर कई बार कहा गया लेकिन आज महीनों बीत जाने के बाद न तो पाइप को ठीक कराया गया है न ही पुल तक सड़क का निर्माण कराया गया है। खास बात यह है कि पुल के लिए खोदी गई मिट्टी, व निर्माण कार्य के लिए रखे छरी सड़क पर बेतरतीब ढंग से पड़ी हुई है। दुकानदार निखिल साहू, आनंद उरांव, गुलमोहमद खान आदि का कहना है कि निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद भी पुल तक सड़क निर्माण की ओर ध्यान नहीं दे रहे है जिससे हम दुकानदारों समेत वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। निर्माण कब होगा यह बताने के लिए कोई तैयार नहीं है।

### नेहरू युवा केंद्र ने पोषण माह के तहत पोषण रंगोली बनाकर किया जागरूक




**सिमडेगा।** नेहरू युवा केंद्र सिमडेगा के तत्वावधान में जिले भर में 1 सितम्बर से 30 सितम्बर तक चल रहे पोषण माह के अन्तर्गत पोषण रंगोली बनाकर लोगों को पोषण के प्रति जागरूक किया गया। इस वर्ष राष्ट्रीय पोषण माह : 'महिला और स्वास्थ्य' और 'बच्चा और शिक्षा' पर मुख्य ध्यान देने के शुरू किया गया है। कार्यक्रम राष्ट्रीय युवा स्वंयसेवक चंद्रकांता कुमारी के द्वारा आयोजित की गई। चंद्रकांता कुमारी ने बताया कि पोषण रंगोली में विभिन्न प्रकार की दालें, हरी सब्जी, फलें इत्यादि विटामिनों युक्त आहारों को शामिल कर पोषण रंगोली बनाई गई और साथ ही प्रत्येक आहार से मिलने वाले पोषण और इसकी आवश्यकता के बारे में महिलाओं को विस्तृत जानकारी दी गई। देशभर में पोषण माह के द्वारा 2022 तक 'कुपोषण मुक्त भारत' के लक्ष्य को हासिल करने और पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों में उचित शारीरिक विकास में गड़बड़ी एवं जन्म के समय कम वजन को सालाना 2 प्रतिशत और एनीमिया (खून की कमी) को 3 प्रतिशत कम किया जाना है। सभी ने कुपोषण मुक्त भारत बनाने का शपथ ली। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि शंकर सिंह, संतोषी कुमारी, सुनीता देवी, रेखा देवी, शिमला देवी तथा युवा मंडल के सदस्य उपस्थित रहे।

### भाजपा ने कुडू में वोकल फॉर लोकल कार्यक्रम का आयोजन

**लोहरदगा।** 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक पीएम नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के मौके पर शुरू हुए 'सेवा पखवाड़ा' कार्यक्रम के तहत मंगलवार 27 सितंबर को कुडू बस स्टैंड में कुडू भाजपा मंडल अध्यक्ष सुदामा प्रसाद की अध्यक्षता में 'वोकल फॉर लोकल' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे उपस्थित कार्यकर्ताओं ने दुकानदारों से मिलकर बताया कि आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने के उद्देश तथा लोकल उत्पादों व व्यवसाय को बढ़ावा देने के लिए सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल नही करने और लोकल उत्पाद का उपयोग करने की अपील की गई। सुदामा प्रसाद ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत का सपना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में पूरा हो रहा है। मौके पर कार्यक्रम के संयोजक अनिल उरांव, जिला उपाध्यक्ष नवीन कुमार टिंकू, अमरेश भारती, राजेश प्रसाद, संजय चौधरी, शशि प्रसाद, विनोद राम उपस्थित रहे।

### उपायुक्त की अगुवाई में जिला समन्वय समिति की बैठक आयोजित, कहा

# नीलांबर-पीतांबर जल समृद्धि योजना में लक्ष्य के अनुसार योजनाएं शत-प्रतिशत प्रांरभ कराये जाने का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की बैठक समाहरणालय सभागार में हुई। बैठक में मनरेगा अंतर्गत मानव दिवस सृजन, योजनाओं की पूर्णता, दीदी बाड़ी योजना, वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना, नीलांबर-पीतांबर जल समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), मिशन अमृत सरोवर, कृषि विभाग द्वारा अनुदान पर खरीफ/रबी बीज का वितरण का लक्ष्य व उपलब्धि, पीएम कुसुम योजना, झारखंड राज्य फसल राहत योजना अंतर्गत निबंधन/ई-केवाईसी, कल्याण विभाग की योजनाओं, विशेष केंद्रीय सहायता अंतर्गत ली जाने वाली योजनाओं, पीएमईजीपी की योजना, जेएसएलपीएस द्वारा किये गये क्रेडिट लिंकेज आदि की समीक्षा की गई। मानव दिवस सृजन की समीक्षा में निदेश दिया गया कि ज्यादा से ज्यादा योजनाएं गांवों में ली जाय ताकि मानव दिवस का सृजन अधिक से अधिक हो सके। जिन प्रखंडों में योजनाओं की पूर्णता अधिक संख्या में लंबित है उनकी योजनावार समीक्षा करने का निदेश संबंधित प्रखंड के वरीय प्रभारियों को दिया गया। दीदी बाड़ी




योजनाओं में स्वीकृत सभी योजनाओं पर कार्य प्रारंभ कराने का निदेश दिया गया। वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना में कुडू प्रखंड को एक सप्ताह के अंदर छूटे हुए पंचायतों में खेल के मैदान का चयन कर कार्य प्रारंभ कराने का निदेश दिया गया। इसी प्रकार लोहरदगा सदर, पेशरार, सेन्हा को भी छूटे हुए पंचायतों में खेल मैदान का चयन कर कार्य प्रारंभ कराये जाने का निदेश दिया गया।

संबंधित प्रखंडों के वरीय प्रभारियों को निदेश दिया गया कि एक सप्ताह के अंदर लक्ष्य के अनुसार सभी खेल के मैदानों में कार्य शुरू हो जाना चाहिए। नीलांबर-पीतांबर जल समृद्धि योजना में लक्ष्य के अनुसार योजनाएं 100 प्रतिशत प्रांरभ कराये जाने का निदेश दिया गया। मिशन अमृत सरोवर अंतर्गत नये तालाब निर्माण और तालाब जीर्णोद्वार के प्रगति की समीक्षा की गई और आवश्यक निदेश दिये गये। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) वर्ष 2021-22 में आवासों के पूर्णता की समीक्षा की गई ओर आवास निर्माण का लक्ष्य पूर्ण करने का निदेश दिया गया। कृषि विभाग अंतर्गत खरीफ फसल आच्छादन, बारिश की स्थिति की समीक्ष की गई। जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा इस वर्ष रबी के बीज की मांग की जानकारी दी गई और बताया गया कि इस वर्ष 2450 क्विंटल रबी बीज की मांग की गई जिसमें गेहूं, चना, मसूर, राई, सरसों, तोरिया, तीसी शामिल है। उपायुक्त द्वारा बिरसा बीज उत्पादन विनिमय, वितरण 2022-23 (फसल वितरण योजना) की भी समीक्षा की गई। रबी फसल बीज का वितरण के लिए किसानों का निबंधन अभियान चलाकर कराये जाने का निदेश जिला कृषि पदाधिकारी को दिया गया। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (टपक सिंचाई) की समीक्षा में उपायुक्त द्वारा जिला कृषि पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि टपक सिंचाई के लिए लक्ष्य के अनुसार लाभुकों का चयन करने के लिए आवेदन सृजन का निदेश दिया गया।

किसानों को इस संबंध में जागरूक करने का भी निदेश दिया गया। बिरसा हरित ग्राम योजना के किसानों को भी जोड़ने का निर्देश दिया गया। भूमि संरक्षण पदाधिकारी को सिंचाई पंप वितरण योजना के लिए प्रखंडवार लाभुक चयन हेतु प्रखंड विकास पदाधिकारियो को विवरण भेजने का निर्देश दिया गया। झारखंड राज्य फसल राहत योजना में ई-केवाईसी का कार्य जल्द पूर्ण कराये जाने का निदेश दिया गया। कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजना मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के लिए सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निदेश दिया गया कि वे संबंधित एमओआईसी के साथ बैठक करें और एसटी वर्ग के आवेदन जेनरेट करायें। एसटी वर्ग में लक्ष्य पूर्ण नहीं हो पाया है। प्रत्येक प्रखंड 30-40 आवेदन एसटी वर्ग के सृजित कर जिला में भेजें। एससीए अंतर्गत किस्को और पेशरार में कल्याण आवासीय विद्यालय की मरम्मति का कार्य, जिला स्तर पर एक और प्रखण्ड स्तर पर तीन पुस्तकालयों के लिए फर्नीचर व पुस्तकों की आपूर्ति, जिला अस्पताल में ओपीडी भवन का निर्माण कार्य, चेक डैम में लिफ्ट सिंचाई और टपक सिंचाई योजना का चयन किये जाने का निदेश जिला योजना पदाधिकारी को दिया गया। सभी अंचल अधिकारियों को सक्सेशन म्युटेशन के लिए सप्ताह में न्यूनतम एक शिविर आयोजित करने का निदेश दिया गया।

पीएमईजीपी के 11 आवेदनों को भंडरा स्थित बैंक ऑफ इंडिया के द्वारा जिला उद्योग केंद्र को वापस किये जाने के मामले की समीक्षा करने का निदेश एलडीएम, लोहरदगा को दिया गया। 10 अक्टूबर तक आवेदन स्वीकृत हो जाएं। जेएसएलपीएस को व्यक्तिगत क्रेडिट लिंकेज पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया गया। बैठक में वन प्रमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार, उप विकास आयुक्त गरिमा सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, सभी प्रशिक्षु आईएएस अफसर, सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी, कार्यपालक अभियंता, सभी प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, मनरेगा परियोजना पदाधिकारी, जिला समन्वयक पीएमएवाई (ग्रामीण), जेएसएलपीएस डीपीएम समेत अन्य उपस्थित थे।

### अवैध बालू खनन व परिचालन की सूचना पर प्रशासन ने किया एक ट्रैक्टर जब्त



**सेन्हा-लोहरदगा।** सेरेंगहातू दक्षणी कोयल नदी से अवैध बालू खनन की सूचना पर परिचालन करते हुए एक ट्रैक्टर को पुलिस जब्त कर संबंधित विभाग को किया सूचनार्थ। सेन्हा थाना क्षेत्र के लोहरदगा भंडरा मुख्य पथ में अवैध बालू उठाव की सूचना पर सेरेंगहातू दक्षिणी कोयल नदी से अवैध बालू का खनन एवं परिचालन करते जेएच 08 जे 7011 ट्रैक्टर एवं इसमें लगा टोली नम्बर जे एच 08 एच 9760 को थाना प्रभारी ऋषिकांत एवं सीओ विजय कुमार ने छापामारी कर जब्त किया। ट्रैक्टर को सेन्हा थाना में जब्त कर रखा है। सीओ विजय कुमार ने कहा की बालू परिवहन एवं राजस्व क्षति के तहत होगी कारवाई। उन्होंने कहा कि सेन्हा अंचल क्षेत्र में अवैध बालू ढोलाई की सूचना पर लगतार प्रशासन के द्वारा कारवाई किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सेन्हा अंचल क्षेत्र के सेरेंगहातु कोयल नदी से बालू उठाव की गुप्त सूचना प्रशासन को प्राप्त हुआ था। ट्रैक्टर को अवैध बालू परिवहन करते हुए सरेंगहातु से पकड़ा गया। जब्त ट्रैक्टर की सूचना खनन विभाग को अग्रेतर कारवाई हेतु सूचनार्थ किया गया है। ट्रैक्टर मालिक एवं चालक पर प्राथमिकी दर्ज भी किया जाएगा।

## आम रास्ते में मकान निर्माण करने को लेकर अतिक्रमण के खिलाफ चला बुलडोजर

**न्यायालय के आदेश पर पुलिस प्रशासन के मौजूदगी में चला बुलडोजर**

**नवीन मेल संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा।** मन्हे ग्राम में आम रास्ता पर मकान निर्माण करना पड़ा भारी। न्यायालय के आदेश पर चला बुलडोजर अंचलाधिकारी व पुलिस बल के सहयोग से अतिक्रमण हटाया गया। गैर मजरूआ में हुआ था निर्माण। सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के मन्हे ग्राम में यासीन अंसारी के पूत्र सेराजुल अंसारी ने खाता नंबर 114 प्लाट नंबर 814 रकबा 3 डिसमिल भूमी में मकान बना कर रह रहा था ग्रामीणों ने सड़क पर मकान नही बनाने को लेकर पूर्व ग्रामीणों द्वारा मना किया गया था। परंतु नही मानने पर लोगों ने एक वर्ष पूर्व सेन्हा अंचल में ग्रामीणों ने आवेदन देकर रोकने को बोला लेकिन सेराजूल अंसारी द्वारा मकान बना लिया। तब सेन्हा अंचल में अतिक्रमण वाद संख्या 7/21-22 में मामला लेकर सुनवाई किया गया। सुनवाई को अनुमंडल पदाधिकारी लोहरदगा अरविंद कुमार लाल ने सेन्हा अंचल पत्रांक 633 दिनाक 20 सितंबर 2022 को अग्रसारित किया गया जिसपर अनुमंडल पदाधिकारी लोहरदगा के पत्रांक 975 दिनांक 22 सितंबर को आदेश जारी किया की 27 सितंबर को अतिक्रमण हटाकर शांति व्यवस्था कायम रखेंगे। जिसपर अंचलाधिकारी ने कारवाई करते हुए अतिक्रमण हटाया। सीओ विजय कुमार ने कहा की ग्रामीणों के आवेदन पड़ा था की रास्ता में मकान बना दिया था जिसको हटाया गया रास्ता में आम लोग चलेंगे। अतिक्रमण अभियान में अंचलाधिकारी विजय कुमार,पुलीस निरीक्षक चंद्र मोहन हांसदा थाना प्रभारी ऋषिकांत एवं पुलिस बल के जवान उपस्थित थे।

## लोहरदगा में चिकित्सक की लापरवाही से महिला व उसके नवजात शिशु की मौत, परिजनों ने किया हंगामा

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिले के एक मात्र बड़े सरकारी सदर अस्पताल का हाल बेहाल है। यहां कार्यरत डॉक्टर और नर्स सभी लापरवाह है। इनकी लापरवाही की सजा गरीब मरीजों को अपनी जान देकर चुकानी पड़ रही है। सदर अस्पताल के डॉक्टर और नर्स की लापरवाही का एक मामला सोमवार रात को सामने आया। जहां एक महिला और उसके नवजात शिशु की मौत हो गई। महिला के परिजन खून लेकर नर्स और डॉक्टर से इलाज का गुहार लगाते रहे। लेकिन डॉक्टर की ओर से समय नहीं है कह कर खून चढ़ाने में टाल मटोल करते रहे। इसी बीच गर्भवती महिला और उसके नवजात बच्चे की मौत हो गई। मौत के बाद परिजनों ने



सदर अस्पताल में जमकर हंगामा किया और नर्स और डॉक्टर पर घोर लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग करने लगे। वही घटना के बाद परिजन लोहरदगा सदर थाना में लिखित आवेदन देकर कानूनी कार्रवाई करने की मांग कर रहे है। परिजनों ने बताया कि सोमवार को दोपहर 12 बजे गुमला जिला के घाघरा थाना क्षेत्र निवासी सुनील लोहरा की गर्भवती पत्नी सीता लोहरा को प्रसव के लिए सदर अस्पताल लोहरदगा में भर्ती कराया गया था। जहां उसका इलाज शुरू हुआ महिला की तबियत बिगड़ती चली गई । दोपहर करीब 2 बजे के आसपास इलाज कर रहे डॉक्टर परणिता कुजूर ने खून की कमी बताया। परिजनों को खून लाने या मरीज को कही और इलाज के लिए ले जाने की बात कही। इस बीच परिजन खून की जुगाड़ में निकल गए। शाम तक खून लेकर आए और करीब शाम 6 बजे के आसपास प्रसव हुआ। प्रसव के कुछ ही देर बाद नवजात शिशु की मौत हो गई। वही प्रसव के बाद महिला का तेज ब्लीडिंग होने लगा। जिसके बाद परेशान परिजन खून लेकर नर्स और डॉक्टर से खून चढ़ाने को कहने लगे। लेकिन डॉक्टर और नर्स खून चढ़ाने को लेकर आनाकानी करने लगे। उनका कहना है कि हॉस्पिटल में और भी मरीज हैं, उन्हें देखने के बाद खून चढ़ाएंगे। इस दौरान महिला की तबियत बिगड़ती चली गई और अंत में महिला की भी मौत हो गई। जिसके बाद सदर अस्पताल में जमकर हंगामा हुआ और परिजन नर्स और डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए करवाई की मांग करने लगे और सदर थाना में लिखित आवेदन देकर कानूनी कार्रवाई की मांग किया।

## कुरडेग में गीत संगीत व नुक्कड़-नाटक के माध्यम से कलाकारों ने किया लोगों को जागरूक

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** जिला जनसंपर्क कार्यालय सिमडेगा के सौजन्य से चक्रीय विकास संस्थान सिमडेगा के कलाकारों के द्वारा कुरडेग प्रखंड के कुरडेग बाजार और खिंडा पंचायत के खिंडा बाजार टाड़ में नागपुरी लोक गीत व नृत्य एवम नुक्कड़-नाटक के माध्यम से शिक्षा, कुष्ठ रोग, छुआछूत की बीमारियां, सहित डाईन बिसाही, और सरकार की सार्वजनिक पेंशन योजनाओं की जानकारी लोगों को



दिया गया। मौके पर पंपप्लेट का भी वितरण किया गया। मौके पर चक्रीय विकास संस्थान के दल नायक सत्यव्रत ठाकुर ने कहा कि कुष्ठ रोग का लक्षण दिखने पर शीघ्र स्वास्थ्य केंद्र जाकर डॉक्टरों की सलाह से दवा ले सभी स्वास्थ्य केंद्रों में निःशुल्क दवा दिया जाता है। कुष्ठ रोग छुआ छूत की बीमारी नहीं है इससे डरना नहीं है। इसके साथ ही सरकार द्वारा चलाई जा रही सार्वजनिक पेंशन योजनाओं का लाभ लेने के लिए अपने जनप्रतिनिधियों से जानकारी लेने की बात कही मौके पर कलाकारों में खिलेश्वेर सिंह, पुनीत दुबे, दयाल इंदवार, महारथी नायक, गंदुर नायक, सुदामा सिंह, रंथु नगेशिया, अर्जुन नायक, पारसनाथ नायक, उपस्थित थे।

## 33 वां प्रांतीय/क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ उद्घाटन

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** माता अंजनी की भूमि तथा बाबा टांगीनाथ का पवित्र धाम खेल नगरी गुमला में रंगारंग कार्यक्रम के साथ 33 वा प्रांतीय/क्षेत्रीय (तरुण वर्ग) कार्यक्रम का आगाज हुआ। उद्घाटन सत्र में उत्तर पूर्व क्षेत्र के संगठन मंत्री ख्यालीराम, क्षेत्र सचिव नकुल शर्मा, स्थानीय सांसद सुदर्शन भगत, विद्या विकास समिति के प्रदेश सचिव अजय कुमार तिवारी, जिला संघचालक लालचंद अग्रवाल, प्रबंध कारिणी समिति के अध्यक्ष विजय बहादुर सिंह, सचिव एवं कार्यक्रम संयोजक अमृत कुमार मेटे उपस्थित रहे। स्वागत के क्रम में संगठन मंत्री ख्यालीराम को पूर्व छात्र परिषद के अध्यक्ष राजेश सिंह ने सम्मानित किया, क्षेत्र सचिव नकुल शर्मा को समिति कोषाध्यक्ष राम किशोर रजक, विद्या विकास समिति के प्रांतीय सचिव अजय तिवारी को समिति के अभिभावक प्रतिनिधि रंजना साहू, जिला संघचालक को समिति सदस्या रंजना साहू, समिति के अध्यक्ष विजय बहादुर सिंह को सिसई की प्रधानाध्यापिका उषा सिंह, विद्यालय सचिव अमृत मेटे को कृष्ण कुमार ने सम्मानित किया। इस खेल महाकुंभ में विद्या भारती के 8 विभागों के विभिन्न विद्यालयों से भैया बहनों की उपस्थिति रही। इस विद्यालय के पुरातन छात्र भैया बहनों की उपस्थिति रही जिनका इस विद्यालय के लिए हमेशा महत्वपूर्ण योगदान रहा है। विभिन्न संगठनों से जुड़े कार्यकर्ता इस खेलकूद के कार्यक्रम में शामिल रहे। सांसद सुदर्शन भगत के द्वारा अपने संबोधन में विद्या भारती सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के के कार्यकलापों की प्रशंसा की।

# अग्रकुल प्रवर्तक महाराजाधिराज भगवान अग्रसेन की 5146 वीं जयंती भव्य तरीके से मनी



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** स्थानीय अग्रसेन भवन में अग्रवाल सभा, अग्रवाल यूथ सोसाईटी एवं अग्रवाल महिला कमेटी के संयुक्त तत्वाधान मे आयोजित अग्रकुल के प्रवर्तक महाराजा अग्रसेन की 5146 वीं जयंती भव्य समारोह के बीच मनाया गया। जयंती समारोह का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार, अग्रवाल सभा के अध्यक्ष प्रो0 परमानंद अग्रवाल, चंद्रशेखर अग्रवाल, अजय मितल समेत अन्य अतिथियो ने महाराजा अग्रसेन जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया। इसके बाद गणेश बंदना व कुलदेवी माता महालक्ष्मी जी की बंदना समाज की युवतियों ने किया। इस दौरान अग्रवाल सभा के पदाधिकारियो ने महाराजा अग्रसेन की जीवनी का संक्षिप्त परिचय उपस्थित अतिथियों व समाज के लोगो को कराया। बताया कि महाराजा अग्रसेन अग्रवालो के देवता है। उन्हे अग्रकूल के प्रवर्तक भी कहा जाता है। उन्होने अपने राज्य अग्रोहा में एक रुपया एक ईट का संदेश लोगो को दिए थे। उनके शासनकाल में समाज में सुख शांति का वातावरण व्याप्त था। उनके अठारह पुत्र थे जिनका विवाह नाग कन्याओ के साथ हुआ था। वे सभी समुदाय के लोगो को मार्गदर्शन देकर समाज में एक स्थान दिए। मंच का संचालन नीति भारतीय और राजेश कुमार अग्रवाल ने किया। इस मौके पर ज्ञानचंद प्रसाद अग्रवाल, शशिधर अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, अनील अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, अनीस मितल, अविनाश कुमार, राहुल कौशल, नंदन कुमार, राहुल अग्रवाल, कुमार नीरव, कंचन अग्रवाल, आरती गोयल, प्रीति अग्रवाल, रंजना देवी, राखी अग्रवाल समेत बड़ी संख्या में अग्रवाल समाज के महिलाएं, पुरुष व बच्चे मौजूद थे।

### महाराजा अग्रसेन जी के विचार आज भी प्रासंगिक : डीसी



**जयंती** समरोह के मुख्य अतिथि उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि महाराज अग्रसेन जी ने मानव समाज को एक नई दिशा और आयाम देने का कार्य किया। जिसका अनुशरण करने से अग्रवाल समाज के साथ साथ पूरे देश व राष्ट्र का विकास होगा। उनके बताए मार्ग और सिद्धांत का अनुशरण वर्तमान में सभी समुदायो द्वारा प्रत्यक्ष और परोक्ष रुप से किया जा रहा है। आज के युवाओं को अग्रसेन जी की विचारों व सोच से प्रेरणा लेने की जरूरत है। कहा कि अग्रसेन जी ने अकाल का प्रकोप से जनता को उबारने के लिए राज्य में एक रुपया एक ईट देकर लोगो को आश्रय देकर पुर्नउत्थान के लिए प्रोत्साहित किया था। यह उनके समाजवादी सोच को दशार्ता है। महाराज अग्रसेन के विचार और सिद्धांत समाज में आज भी विद्यमान है। महाराज अग्रसेन जी के विचारो को सभी समुदाय के लोगो को आत्मसात करने की जरुरत है। आज की युवा पीढ़ी उनके विचारों को आत्मसात कर रही है यह सराहनीय है। डीसी ने दुर्गा पूजा त्योहार की शुभकामनाएं देते हुए समाज के लोगो से पूजा को आपसी तालमेल,सद्भाव व शांति से मनाने का आग्रह किया।

### अग्रसेन जी ने मानव समाज को उर्जा व उत्साह से परिचय कराया : प्रो. परमानंद अग्रवाल

**अग्रवाल** सभा के अध्यक्ष प्रो0 परमानंद अग्रवाल ने कहा कि अग्रसेन महाराज ने मानव समाज को उर्जा और उत्साह से परिचय कराया था। इसे अपनाने से समाज का कल्याण और उत्थान होगा। कहा अग्रवाल समाज के लोगो का देश की उन्नति और तरक्की में महत्वपूर्ण भागीदारी रही है। अग्रवाल समाज पूरे देश में फैले है। समाज में फैले त्रुटियो और विसंगतियो को सामुहिक प्रयास से दूर करना उनके प्रति हमारी निष्ठा होगी। समाज में व्याप्त अनेकता को एकसूत्र में बांधकर एकता का मंत्र देनेवाले अग्रसेन जी वास्तव में पूजनीय है।

### सांस्कारिक समाज से ही संस्कारयुक्त समाज का निर्माण होता है : एसपी



**अग्रकुल** प्रवर्तक महाराजा अग्रसेन जयंती के विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार ने कहा कि अग्रकुल के प्रवर्तक महाराजा अग्रसेन एक महान व्यक्ति थे। कहा कि समाज के विकास के लिए महिलाएं आगे बढ़े। सांस्कारिक समाज से ही संस्कारयुक्त समाज का निर्माण होता है। उन्होने महाराजा अग्रसेन को समाजवाद का वैज्ञानिक कहा। कहा अग्रवाल समाज एक ऐसा महान समाज है जिसका अनुशरण करने से देश में एक बेहतर समाज का निर्माण पूरी होगी। उन्होंने कहा कि महिला सुरक्षा व सशक्तिकरण के लिए हमेशा प्रयासरत है। किसी भी प्रकार की कोई भी बात होती है तो पुलिस को सूचना दे पुलिस आपकी सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर है।

### समाज के मेधावी छात्र-छात्राएं व वृद्धजन हुए सम्मानित



**जयंती** समारोह में अग्रवाल सभा द्वारा आयोजित नृत्य, भाषण समेत अन्य प्रतियोगिताओं के सफल प्रतिभागियो को अतिथियो द्वारा खुले मंच से पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया गया। प्रतिभागियो की उत्कृष्ट कला के लिए उनकी सराहना की गई। कक्षा शिशु से उच्चतर शिक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर समाज और जिले का नाम रौशन करने वाले बच्चो को सभा द्वारा मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी जयंती कार्यक्रम में सम्मानीय अतिथियो एवं पांच वृद्धो को समाज की ओर से सम्मानित किया गया। जिनमे कृष्ण लाल अग्रवाल, भोला प्रसाद अग्रवाल, देवलता देवी, उर्मिला देवी, रामरथ देवी शामिल हैं। वही फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में प्रथम नित्या मित्तल जो झांसी की रानी बनी थी, द्वितीय पुरस्कार आद्या कुमारी जो करोना वायरस बनी थी, तृतीय पुरस्कार दिव्यांश कुमार जो महाराजा अग्रसेन जी बने थे, को दिया गया। सांस्कृतिक प्रोग्राम में गणेश वंदना में रिया एंड ग्रुप, अग्रसेन भगवान की आरती छवि एंड ग्रुप, स्वागत गान भावना एंड ग्रुप, नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार प्रणम्य मित्तल, द्वितीय पुरस्कार दिव्यांगना गोयल, तृतीय पुरस्कार पूर्वी मित्तल, एकल संगीत में रिया कुमारी कुमारी को पुरस्कृत किया गया।

## न्यूज गैलरी

### मां ब्रह्मचारिणी स्वरुप की पूजा अर्चना की गई

**पांडू।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पांडू ग्राम रतनाग में मां दुर्गा पूजा समिती द्वारा आयोजित उत्सव समारोह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुप्रसिद्ध समाजसेवी सह राजद नेता नरेश प्रसाद सिंह ने पंडाल में मां दुर्गे की मां ब्रह्मचारिणी स्वरुप की पूजा अर्चना की। रामलीला रंग मंच पर श्रीराम मां जानकी एवं महाबली हनुमान जी के प्रतिमा के पास दीप प्रज्वलित कर रामलीला रंगमंच कार्यक्रम का फीता काट कर शुभारंभ की । मौके पर धर्मदेव सिंह यादव, पांडू पूर्व प्रमुख प्रतिनिधि विगन प्रसाद साव , महेन्द्र प्रसाद साहू, कृष्णा प्रसाद साहू एवं ग्राम पंचायत रतनाग के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

### सतबरवा गैंगरेप के दुष्कर्मियों को फांसी की सजा दी जाये : अनुज



**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के रजवाडीह मुखिया सह अधिवक्ता अनुज त्रिपाठी ने कहा है कि पलामू समेत पुरे झारखण्ड में दुर्ष्कम की घटना तेजी से बढ़ रही है। सतबरवा थाना के बकोरिया गांव के भलुवाही पहाड़ी के पास 22 बर्षीय विबाहित महिला के साथ 6 लोगों ने बलात्कार किया। राज्य में महिलाओं की सुरक्षा नहीं है। अपराधी खुलेआम तांडव कर रहे हैं। हेमंत सोरेन सरकार मुकदर्शक बनी है। अपराधी बेलगाम हो गये हैं झारखण्ड में आये दिन अखबारों के पन्नों पर महिलाओं के सुरक्षा को तार तार करने की खबर आ रही है। सतबरवा गैंगरेप की घटना झारखण्ड समेत पुरे देश को कलंकित किया है। हेमंत सरकार बड़ी-बड़ी डिंग हाक रही है। कि राज्य में महिलाएं सुरक्षित है, लुट संस्कृति सरकारी घोषणा को मुंह चिढ़ा रही है। कानून व्यवस्था पूरी तरह फेल है। हेमंत सरकार को थोड़ा भी शर्म हया बचीं है तो इस्तीफा दें । सतबरवा गैंगरेप के दुष्कर्मियों को स्पीडीली ट्रायल कर फांसी की सजा दी जाये।

### मजदूरों का महासम्मेलन संपन्न




**मेदिनीनगर।** मजदूरों का महासम्मेलन बर्मा र्माइंस डनलप मैदान जमशेदपुर में आयोजित हुआ। जिसमें मुख्य रूप से असंगठित कामगार कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद्ध उदित राज, उपाध्यक्ष संजय गांबा और झारखण्ड कामगार के प्रदेश अध्यक्ष शैलेश पाण्डे ,पूर्व सांसद डॉ अजय कुमार ,सांसद् गीता कोड़ा , बेरमो विधायक अनुप सिंह और स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता शामिल हुए। इस महासम्मेलन में डॉ उदित राज ने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में मजदूर ही वापसी करायेगें। संजय गाबा ने कहा कि कांग्रेस मजदूरों के हक की आवाज उठायेगी। इस महासम्मेलन में पलामू प्रमण्डल के कोअर्डिनेटर सह असंगठित कामगार के चेयरमैन अनिल कुमार सिंह को जिम्मेवारी दी गई है। उन्होंने कहा की मजदूरों के कांग्रेस मजदूरों के लिए आवाज उठाया है।

### पंचायत सचिव के अभ्यर्थियों ने कांग्रेस अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा

**मेदिनीनगर।** पलामू सहित राज्य के सभी जिलों से आये सैकड़ो की संख्या में पंचायत सचिव के अभ्यर्थियों ने मंगलवार को सबसे पहले मुख्यमंत्री आवास पहुंचे। जहां मुख्यमंत्री से मिलकर अपनी नियुक्ति की मांग की जानी थी। लेकिन मुख्यमंत्री की व्यस्तता के कारण मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव ने अभ्यर्थियों से मिला। उन्होंने अभ्यर्थियों को आश्वासन दिया कि जल्द की इस प्रक्रिया में बैठक कि जायेगी और नियुक्ति संबंधी सकारात्मक निर्णय लिया जायेगा। इसके बाद अभ्यर्थियों ने कांग्रेस भवन गये और कांग्रेस के अध्यक्ष से मिलकर ज्ञापन सौंपा। अभ्यर्थियों में बताया कि पंचायत सचिव के नियुक्ति में किसी भी प्रकार का अब कोई बाधा नही है। सुप्रीम कोर्ट ने भी नियुक्ति पूरी करने का आदेश दिया है। गौरतलब है कि विगत पांच वर्षों से पंचायत सचिव की नियुक्ति प्रक्रिया चल रही है। सभी प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद भी अभी तक अभ्यर्थियों की नियुक्ति नही हो पाई है। अभ्यर्थियों के द्वारा लगातार धरना,आंदोलन किया जा रहा है। सरकार में शामिल कांग्रेस के कई विधायको में भी पंचायत सचिव के नियुक्ति की मांग सरकार से की है।

### व्यवसाय में उन्नति ही विकास की पहचान है :सोनू सिंह

**मेदिनीनगर।** किसी भी शहर में व्यवसाय में वृद्धि ही विकास की पहचान है। बढ़ता व्यवसाय यह बताता है कि शहर के लोगों की आर्थिक स्थिति में वृद्धि हो रही है। ये बातें इंडियन रोटी बैंक के राष्ट्रीय संरक्षक सोनू सिंह नामधारी ने सैलून और रेडीमेड दुकान के उद्घाटन के बाद कही। सोनू सिंह नामधारी ने कहा कि व्यवसाय में वृद्धि होने से शहर की भौगोलिक क्षेत्र का तो विकास होता ही है साथ ही बाहर के व्यवसायियों को भी व्यवसाय करने के लिये आमंत्रण देता है। जिससे नये नये व्यवसाय से आम लोगों को बेहतर सुविधा मिलती है। सोनू सिंह नामधारी ने स्थानीय महिंद्रा आर्केड में शीतल वर्ल्ड ऑफ ग्लैमनिस सैलून और जेड फैशन मेंस वियर कपड़ा दुकान का उद्घाटन किया। इस अवसर पर जेड फैशन मेंस वियर के जीशान खान,शीतल सैलून की शीतल सोनी,हुसैन खान,शमीम अहमद,गोपाल दास,कमलेश दुबे,प्रमोद सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

### प्राचीन संस्कृति की धरोहर है रामलीला:आनंद

**मेदिनीनगर।** प्राचीन संस्कृति की धरोहर है रामलीला । उक्त बातें श्रीरामचरितमानस नवाह्न पारायण यज्ञ समिति के अध्यक्ष आनंद सिंह ने कहीं । वे सोमवार को पोलपोल बाजार में आयोजित रामलीला कार्यक्रम के उदघाटन के मौके पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि रामलीला के माध्यम से भगवान मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम के चरित्रों का चित्रण किया गया है। उन्होंने कहा कि रामलीला हिन्दू धर्मावलंबियों का प्राचीन संस्कृति है। जो वर्तमान में विलुप्त होती जा रही है। इसे बचायें रखने की जरूरत है। मौके पर रामलीला कलाकारों के द्वारा रामलीला का मंचन किया गया। कलाकारों ने कला प्रदर्शन कर दर्शकों और श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया । मौके पर भगवान भोलेनाथ की झांकी निकाली गई। समिति के शशि सिंह, शिव कुमार सिंह, उमेश प्रसाद ,संजय कुमार सिंह, जेपी सिंह, ललित सिंह,लिलेश्वर सिंह ,संतोष कुमार पांडे, गुड्डू प्रसाद, मनोज कुमार ,सुशील सिंह, अखिलेश सिंह ,उमाशंकर सिंह,विनोद ठाकुर समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे ।विदित हो कि रामलीला का कार्यक्रम नवमी तिथि तक रात्रि 9:00 बजे से आरम्भ होगा ,जो देर रात तक चलेगा।

---

खरौंधी थाना परिसर में शांति समिति की हुई बैठक, बोले थाना प्रभारी

# दशहरा पर्व पर विशेष निगरानी होगी

**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी(गढ़वा)।** थाना परिसर में दुर्गा पूजा तथा दशहरा महापर्व को लेकर मंगलवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमे 20 सूत्री अध्यक्ष राजेश कुमार रजक ने कहा प्रखंड में आज तक किसी भी त्योहार को दोनो समुदाय के लोग मिलजुलकर मानते आए है। किसी त्योहार में कभी कोई बिबाद नही हुआ है। ठीक उसी तरह दुर्गा पूजा तथा दशहरा पर्व को भी प्रखंडवासी मिलजुलकर मनाएंगे।

प्रमुख आभा रानी ने कहा प्रखंडवासी हमेशा किसी भी त्योहार को मिलजुलकर मानते आए है। इस वर्ष भी प्रखंडवासी दुर्गा पूजा तथा दशहरा पर्व को भी शांति पूर्ण मनाएंगे। वही खरौंधी प्रशासन भी इस पर्व पर अतिरिक्त गस्ती निकलकर निगरानी करने का काम करेंगे।

थाना प्रभारी अभय कुमार ने



कहा दुर्गा पूजा तथा दशहरा पर्व पर प्रसासन द्वारा विशेष गस्ती निकलकर निगरानी करेगी। प्रखंडवासी दुर्गा पूजा के दौरान क्षेत्र में किसी भी समस्या के लिए थाना को अवगत कराये। प्रशासन उस समस्या का समाधान समय रहते ऑन स्पॉट करने की काम करेगी। बीडीओ गणेश महतो ने कहा दुर्गा पूजा तथा दशहरा महापर्व पर प्रशासन अतिरिक्त गस्ती निकलकर निगरानी करेंगे। वही प्रखंडवासी भी इस पर्व पर प्रशासन का सहयोग करेंगे। आपके सहयोग से ही सरारती तत्व के लोगो पर अंकुश लगाया जा सकता है। बैठक का संचालन सेवानिवृत शिक्षक राजकेश्वर प्रसाद यादव ने किया। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र प्रसाद यादव, सांसद प्रतिनिधि रामखेलावन पासवान, उपप्रमुख देवदत्त प्रसाद आर्य, पूर्व उपप्रमुख गोरखनाथ चौधरी, चंदनी मुखिया रामगहन मेहता, कूपा मुखिया प्रमोद राम, सिसरी मुखिया पति उदय अलबेला, मझिगावां मुखिया पति सतीश सिंह, राजी मुखिया पति संतोष कुमार सिंह, अरंगी पूर्व मुखिया शिवकुमार यादव, करिवाडीह मुखिया मंशा देवी, एसआई अरुण सिंह, विवेकानंद यादव, रामपृत गुप्ता सहित दोनो समुदाय के लोग उपस्थित थे।

### करिवाडीह में रामायण सीरियल का शुभारंभ

**खरौंधी (गढ़वा)।** प्रखंड के करिवाडीह पंचायत में मुखिया मंशा देवी तथा पंचायत समिति सदस्य विकास कुमार सिंह ने पंचायत के करिवाडीह बस स्टैंड के समीप सोमवार को दुर्गा पूजा तथा सीरियल का शुभारंभ फीता काटकर किया। इसमें मुखिया मंशा देवी ने कहा पंचायत में विभिन्न कमेटी के द्वारा नवरात्रि के शुभ अवसर पर जगह जगह दुर्गा पूजा तथा सीरियल का आयोजन किया जा रहा है। इस तरह के आयोजन से आसपास के क्षेत्रों में भक्तिमय वातावरण तैयार होता है। इस तरह का आयोजन कर कमेटी के लोगो ने सराहनीय कार्य किया है। इस कार्यक्रम में मुझसे जो सहयोग होगा, निश्चित रूप से करेंगे। इस दौरान कमेटी के अध्यक्ष अक्षय कुमार रजक, कोषाध्यक्ष देवाशीष सिंह, अभिजीत सिंह, सचिव शिशु पाल, बबन सिंह, धर्मेंद्र यादव, काजू बैठा आदि उपस्थित थे।

## 15 साल से अधूरे पड़े सामुदायिक भवन का निर्माण पूर्ण करायेंगे मंत्री

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** जिले के मेराल प्रखंड अंतर्गत मेराल पश्चिमी पंचायत में पिछले 15 वर्षों से अधूरा पड़े सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर पूर्ण कराएंगे। मंगलवार को क्षेत्र भ्रमण के दौरान ग्रामीणों ने मंत्री श्री ठाकुर को इस समस्या से अवगत कराते हुए बताया कि दुर्गा मंदिर के समीप स्थित इस सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य पिछले 15 वर्षों से अधूरा पड़ा हुआ है। आसपास में कोई भी सार्वजनिक भवन नहीं होने से गांव के लोगों को शादी, विवाह सहित अन्य समारोह के आयोजन में काफी परेशानी होती है।

इस समस्या की जानकारी मिलने के बाद मंत्री श्री ठाकुर ने तत्काल इस अधूरे पड़े सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य स्वयं पूर्ण कराने की घोषणा किया। साथ ही



मंत्री ने नारियल फोड़ कर कार्य का शुभारंभ भी कर दिया। इसका निर्माण कार्य मंत्री श्री ठाकुर के सौजन्य से किया जाएगा। मंत्री ने कहा कि क्षेत्र में कोई भी समस्या हो उसे प्राथमिकता के आधार पर हर हाल में दूर किया जाएगा। मौके पर झामुमो जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, प्रवक्ता धीरज दुबे, विकास सिंह कुशवाहा, संजय सिंह, आशीष अग्रवाल, दिलीप गुप्ता, नवीन तिवारी, राजेश बैठा सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### मानव जीवन की कृतार्थ के लिए सत्संग जरूरी: डॉ प्रज्ञा

**नावा बाजार।** प्रखंड मुख्यालय स्थित श्री संकटमोचन सिद्धि धाम महावीर मंदिर नावा बाजार में दुर्गा पूजा समिति के तत्वावधान में शारदीय नवरात्र के पावन बेला पर भगवती दुर्गा की नौ शक्तियों का दूसरा स्वरूप ब्रह्मचारिणी का आराधना पुरोहित विरेन्द्र पांडे द्वारा वेद मंत्र उच्चारण के साथ पूजा अर्चना की गई। समिति द्वारा आकर्षक पंडालों का निर्माण बंगाल के कारीगरों द्वारा कराया गया। वही उत्तर प्रदेश कानपुर से पधारे प्रवचन कर्ता डॉ प्रज्ञा मिश्रा द्वारा प्रतिदिन 8 से 12 तक राम कथा कहीं जा रही है एवं विशेष आकर्षक मां दुर्गा की प्रतिमा का अंतिम स्वरूप कारीगरों द्वारा प्रदान की जा रही है। प्रखंड मुख्यालय स्थित श्री संकट मोचन सिद्धी धाम महावीर मंदिर दुर्गा पूजा पंडाल में शारदीय नवरात्र के पावन बेला पर उत्तर प्रदेश के कानपुर जिला से पधारी प्रवचन कर्ता डॉ प्रज्ञा मिश्रा के मुखारविंद से प्रवचन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रवचन कर्ता प्रज्ञा मिश्रा द्वारा श्रीराम चरित्र मानस पर पुष्पांजलि करते हुए भगवान श्रीराम के संकीर्तन से प्रारंभ कर श्रीराम कथा की बखान करते हुए कहा कि मानव जीवन के कृतार्थ के लिए सत्संग जरूरी है । सत्संग के बिना मानव पशु के समान है।

### दुर्गापूजा महोत्सव का 10वां अधिवेशन शुरू

**नवीन मेल संवाददाता**




**मेदिनीनगर।** शिवबेल घोरही में दुर्गा पूजा महोत्सव के 10 वें अधिवेशन की शुरूआत किया गया। जिसमें पोलपोल कला पंचायत के मुखिया पुष्पा देवी ने दीप प्रज्वलित कर व फीता काटकर अधिवेशन का शुरूआत किया। कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि धर्म के मर्म को समझने की जरूरत है। धर्म हमें सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है । जब जब पृथ्वी पर अधर्म बढ़ा है, तब तब भगवान को अवतार लेना पड़ा है । इस मौके पर शिक्षक सह समाजसेवी भरदुल सिंह ने कहा कि कर्म ही धर्म है, मनुष्य कर्म से महान होता है। इसलिए धर्म का सम्मान करना चाहिए। जो सबको अच्छा लगे ,वैसा कार्य करना चाहिए। अधिवक्ता संतोष कुमार पांडेय ने कहा कि श्रीराम का चरित्र अनुकरणीय हैं। रामचरित मानस हमे जीवन जीने की कला सिखाता है। अधिवेशन में स्वामी अरुण शास्त्री महाराज ने श्रीराम कथा का रस्वादन कराया व भगवान श्रीराम के महिमा की बखान की। इस मौके पर नव युवक विकास समिति के अध्यक्ष ध्रुप पाल,सोनू कुमार सिंह, सुभाष सिंह, दीपक सिंह, करण कुमार सिंह ,जोगेंद्र सिंह, अजय कुमार यादव,सोनू प्रजापति ,मोहन सिंह ,उमेश सिंह, रविंदर सिंह ,रामचंद्र सिंह, बिहारी सिंह ,राजनाथ सिंह, मनोज चौधरी ,चंदन चौधरी ,शक्ति सिंह, पिंटू सिंह ,पवन कुमार पाल, राकेश सिंह समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## निगम कर्मियों ने किया दो दिनों का श्रमदान, लोगों से साथ देने की अपील

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। बीते एक सप्ताह से निगम में निगम कर्मियों का राज्यव्यापी हड़ताल चल रहा है। जिससे शहर में चारों ओर गंदगी का अंबार लगा हुआ है। इसी के बीच महापौर अरुणा शंकर, उपमहापौर मंगल सिंह एवं पार्षदों के पहल पर निगम कर्मियों ने आगामी त्योहारों को देखते हुए दो दिन के लिए श्रमदान करने की शुरूआत की है। मंगलवार की सुबह में सभी कर्मियों ने काला बिल्ला लगाकर शहर की सफाई प्रारंभ की। कर्मियों ने बताया कि उनकी मांगे पूरा नहीं होने पर वह दो दिन के बाद पुनः हड़ताल पर चले जायेंगे। निगम के कर्मियों के इस पहल को महापौर एवं उप महापौर ने सराहना किया है। मौके



पर अशोक सिंह ,इशितयाक शाह, वार्ड पार्षद प्रदीप अकेला, धीरेंद्र पांडे, लाल बाबू, मोहम्मद कलाम, सोमेश सिंह, दीपक सिंह, राजन सिंह, जितेंद्र सिंह एवं कई वाडो के वार्ड पार्षद एवं सफाई कर्मी मौजूद रहे। मेयर व डिप्टी मेयर में किया अपील : महापौर अरुणा शंकर एवं उप महापौर मंगल सिंह ने बाजार क्षेत्र के दुकानदारों से अपील की है कि दुकानदार अपनी-अपनी दुकानों में डस्टबिन रखें और निगम की गाड़ी आने पर डस्टबिन में जमा कचरे को इस गाड़ी में डाल दें । कचरे को रोड पर ना फेके। पूजा पंडालों के आसपास एवं मेन रोड की सफाई पर इस दो दिन में विशेष रुप से ध्यान दिया जायेगा । जब तक निगम कर्मी हड़ताल पर हैं । तब तक सभी आम जनमानस से सहयोग की अपील करते हैं ।कचरे को एक जगह जमा करके रखें ,इधर उधर ना फेंके, जिससे कचरा उठाने में परेशानी ना हो।

ठाकुरपारा स्थित राजा मेदनीराय किला में चला स्वच्छता अभियान

## सौन्दर्यीकरण से छेड़छाड़ नहीं करने की अपील

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** सदर प्रखंड के नावागढ़ पंचायत के ठाकुरपारा गांव में स्थित राजा मेदनीराय किला में मंगलवार को लातेहार जिला खेल पदाधिकारी शिवेंद्र कुमार सिंह के आदेशानुसार नावागढ़ पंचायत के मुखिया प्रवेश उरांव एवं राजामेदनी राय किला विकास समिति ठाकुरपारा, नावागढ़ के सचिव हरिओम प्रसाद के नेतृत्व में सफाई अभियान चलाया गया। मौके पर नावागढ़ पंचायत के मुखिया प्रवेश उरांव ने कहा की राजा मेदनी राय किला ठाकुरपारा,नावागढ़ का सौन्दर्यीकरण हो जाने से यहां पर्यटकों का आना-जाना बढ़ा है। वर्तमान में यहां पर सुरक्षा के दृष्टिकोण से चारदीवारी की भी सख्त आवश्यकता है। जिसे संज्ञान में लेकर जिला प्रशासन इस पर पहल करें। साथ ही



पंचायत वासियों से भी अपील करता हूं कि यह धरोहर हम सभी का है। इसकी संरक्षण में मैं सभी का सहयोग का अपेक्षा करता हूं। वहीं भाजपा नेता सह राजा मेदनीराय किला विकास समिति ठाकुर पारा, नावागढ़ के सचिव हरिओम प्रसाद ने कहा की झारखंड सरकार की यह सराहनीय और अच्छी पहल है। ऐतिहासिक धरोहर को संरक्षित करने और इसे सफाई अभियान से जोड़कर युवाओं में एक अच्छा संदेश भी जा रहा है। बसाथ ही मैं नावागढ़ पंचायत समेत आसपास के लोगों से अपील करता हूं कि किला परिसर के सौन्दर्यीकरण जैसे स्ट्रीट लाइट सीढ़ी, कुर्सी आदि से छेड़छाड़ ना करें। यह धरोहर हमारे गांव पंचायत की आन बान शान और यही हमारी पहचान है जिसे संरक्षित रखना हम सबों का कर्तव्य है।

ज्ञात हो कि पूरे झारखण्ड में पर्यटन स्वच्छता पखवाड़ा के तहत 16 सितंबर से 30 सितंबर तक सफाई अभियान चलाई जा रही है। इस सफाई अभियान में सामाजिक कार्यकर्ता हरिओम भाटिया, गफ्फार अंसारी,नजीर अंसारी, अशोक पासवान, अजय भुईयां संदीप भुईयां,दिनेश भुईयां ,बनारसी भुईयां, राजकुमार भुईयां,गोल्डन भुईयां,रणधीर कुमार, प्रभाकर कुमार,गोलू कुमार समेत कई गणमान्य मौजूद रहें।

## गिद्धौर में डांडिया-गरबा नृत्य कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**



**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय स्थित ठाकुरवाड़ी मंदिर परिसर में बीते देर शाम डांडिया गरबा नृत्य का आयोजन किया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन पूजा समिति अध्यक्ष मुकेश कुमार, सह सचिव बबलू कुमार साव, राजेश कुशवाहा, शिक्षक अनिल कुमार व जितेंद्र ठाकुर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान पूजा समिति अध्यक्ष ने कहा कि ठाकुरवाड़ी मंदिर परिसर में पूजा पंडाल का निर्माण गिद्धौर के मेहनत कश किसानों के सहयोग हुवा है। साथ ही छोटी- छोटी बचियां डांडिया गरबा नृत्य की प्रस्तुति से रही हैं, जिसके लिए बच्चियों के माता-पिता का आभार प्रकट किया। जबकि राजेश कुशवाहा ने कहा कि पहले डांडिया गरबा नृत्य गुजरात व महाराष्ट्र में होता था। अब तो लगभग 10 वर्षों से गिद्धौर में हो रहा है, जो सराहनीय कदम है। कार्यक्रम में विकास कुमार, मनोज वर्मा, प्रभात कुमार सहित भरी संख्या में ग्रामीणों के साथ डांडिया गरबा नृत्य की बचियां शामिल थीं।

### दुर्गा पूजा के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

**मनिका।** प्रखंड के रांकीकला पंचायत के ग्राम कुई में दुर्गा पूजा के शुभ अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व जिला परिषद सदस्य महेश सिंह एवं मनिका ब्लॉक प्रमुख प्रतिमा देवी के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर फीता काट कर किया गया। मौके पर जिला सांसद प्रतिनिधि विश्वनाथ राय ,जिला सोशल मीडिया प्रभारी पंकज यादव,जिला परिषद सदस्य बलवंत सिंह , मंडल महामंत्री धर्मजित राय व मनदीप कुमार गुप्ता ,पंचायत समिति सदस्य सह पलामू युवा मोर्चा जिला मंत्री विकाश तिवारी , ओबीसी जिला सोशल मीडिया प्रभारी अमरदीप कुमार ,ओबीसी मंडल अध्यक्ष दिनेश प्रसाद ,पूर्व पंचायत समिति सदस्य दिलीप राम ,अरविंद कुमार सिंह समेत सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

# पेंशन के लिए दर-दर भटक रहे हैं विशुनपुरा प्रखंड के 800 वृद्ध







**नवीन मेल संवाददाता**

**विशुनपुरा।** विशुनपुरा प्रखंड में ऑनलाइन डाटा के अनुसार लगभग 800 बृद्धा पेंशन डिलीट कर देने के कारण बृद्ध लोग दर दर भटक रहे है.

विधवा बृद्ध महिला मानव देवी 10 वर्षो से पेंशन के लिए भटक रही है. तो कोई पेंसन योजना से नाम हट जाने से परेशान है. पेंसन मिलने से वृद्धों को परिवार के सदस्यों का सहारा भी नहीं मिल रहा है. वे दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं. प्रशासन एक ओर पेंशन राशि के माध्यम से वृद्धों को सहायता देने का दावे तो कर रहा लेकिन वास्तविक स्थिति कुछ और ही दिख रही है।

### कोई नही है सहारा

विशुनपुरा पंचायत की 75 वर्षीय वृद्ध महिला मनवा देवी ने बताया कि लगभग 10 वर्षो से पेंशन के लिए प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगा रहे है लेकिन अभी तक पेंशन नही मिल पाई है। इन्होंने बताया कि घर में कमाय वाला कोई नइखे पति के मृत्यु हो गइल बा हमर कोई बाल बाचा नइखे, दस साल से दउड़त ही हमरा पेंसन नइखे मिलत बाबू कोई नइखे सुनत।

मानव देवी ने बताया कि इस बृद्धा काल मे एक पेंशन ही सहारा है वह भी नही मिल पारहि है. मानव देवी के पड़ोस के लोगो ने बताया कि इनके पति की मृत्यु लगभग पांच वर्ष पूर्व हो चुका है। अब इनका कोई सहारा नही है।

वहीं विशुनपुरा पंचायत के संध्या गांव निवासी 71 वर्षीय राजेन्द्र यादव ने बताया कि मेरा और मेरी 66 वर्षीय पत्नी अकली देवी का पेंसन बिना सत्यापित किए डिलीट कर दिया गया। पेंशन डिलीट हो जाने के कारण चार महीना का बकाया पेंसन 8000 हजार रुपये भी नही मिला. उन्होंने बताया कि हम दोनों दम्पति पेंसन के पैसे से अपनी बीमारी का इलाज करवाते थे। घर की माली हालत खराब है। अब हमलोग इलाज कैसे कराएंगे ये सोचकर मेरी पत्नी की तबियत और खराब हो चुकी है. उन्होंने बताया कि इस बार की पेंशन की पैसा से नया चश्मा खरीदना था. लेकिन पेंशन नही आने से टूटे चश्मे को रस्सी से बांधकर पहन रहे है। उन्होंने बताया कि जिंदगी की इस पड़ाव में दुनिया धुंधली ही नजर आ रही है।

### बिना फिजिकल वेरीफिकेशन किये सूची से डिलीट कर दिया गया नाम

मालूम हो कि पिछले दो माह से वृद्धा पेंशन बिना फिजिकल वेरीफिकेशन किये लगभग आठ सौ से अधिक लोगो का पेंसन सूची से नाम डिलीट कर दिया गया है। जिसमें राजेन्द्र यादव व अकली देवी जैसे लोगो का नाम शामिल है. जिला उपायुक्त गढ़वा के निदेर्शानुसार प्रखंड कार्यालय से ब्यक्ति की सत्यता की जांच कर फर्जी पेंशनधारियों को चिन्हित कर वृद्धा पेंसन से वंचित करना था, लेकिन यहां 70 वर्ष की बृद्ध का भी पेंशन डिलीट कर दिया जारहा है। इससे पेंशन के योग्य लाभुक भी वृद्धा पेंसन के लाभ से वंचित हो जा रहे है।

राजेन्द्र यादव की वोटर आईडी व आधार कार्ड में 71 वर्ष है। वहीं ऑनलाइन चेक करने पर 63 वर्ष बता रहा है। वहीं अकली देवी की वोटर आईडी व आधार में 66 वर्ष है, लेकिन ऑनलाइन चेक करने पर 45 वर्ष है. यही कारण है कि ऑनलाइन डाटा के अनुसार लगभग 800 लोगो का पेंसन डिलीट हो चुका है। जिसमे फर्जी लोग भी पकड़े गये है, लेकिन राजेन्द्र यादव व इनकी पत्नी अकेली देवी वृद्धा पेंसन के योग्य लाभुक होते हुए भी ऑनलाइन आईडी डाटा के अनुसार पेंसन रद्द कर दिया गया। वहीं फिजिकल भेरीफिकेसन किया गया होता तो योग्य लाभुकों को वृद्धा पेंसन से वंचित नही होना पड़ता।

### बीएलओ की गलती का दंश झेल रहे वृद्ध

मतदाता सूची (वोटर आईडी) का कार्य बीएलओ द्वारा कराया जाता है। इन्ही लोगो द्वारा व्यक्ति की उम्र और फिजिकल भेरीफिकेसन कर रिपोर्ट तैयार कर विभाग को दिया जाता है. वर्ष 2019 के बाद के रिपोर्ट में बीएलओ द्वारा किसी की उम्र कम तो किसी की उम्र ज्यादा कर दिया गया. इन्ही की गलती का खामियाजा वृद्ध को भुगतना पड़ रहा है।

इस सम्बंध में बीडीओ हीरक मन्ना केरकटा ने कहा कि अगर किसी योग्य लाभुक का पेंशन केंसिल हो गया है तो आधार एवम मतदाता पहचान पत्र लेकर कार्यालय में प्रस्तुत करें, वही मनवा देवी का पेंशन हेतु कागजात लेकर पेंशन स्वीकृति कर दी गयी है।

सम्पादक की कलम से...

## मां का आशीर्वाद..

**कलश** स्थापना के साथ इस वर्ष 26 सितम्बर से शारदीय नवरात्रि का आगाज हुआ है। इस बार मां दुर्गा का आगमन हाथी पर हुआ है और प्रस्थान भी हाथी पर ही हो रहा है जिसे अति शुभ माना जाता है। मातृशक्ति के इस महापर्व में मां दुर्गा के नौ अलग-अलग स्वरूपों की विशेष पूजा-आराधना की जाती है। वहीं, इसका समापन पांच अक्टूबर को होगा। साल में कुल चार बार नवरात्रि का त्यौहार आता है, लेकिन चैत्र और शारदीय नवरात्रि को काफी खास माना जाता है। नवरात्रि का त्योहार संपूर्ण भारत में काफी धूमधाम से मनाया जाता है। इस पर्व की शुरुआत कलश स्थापना के साथ होती है और अष्टमी तथा नवमी तिथि पर कन्या पूजन किया जाता है। जगत जननी मां दुर्गा के आराधना के महापर्व शारदीय नवरात्र पर रांची समेत राज्यभर में विभिन्न पूजा समितियों द्वारा भव्य पूजा पंडालों का भी निर्माण कराया जा रहा है। ऐसे में धर्म के मर्म को समझने की जरूरत है। धर्म हमें सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है । जब- जब पृथ्वी पर अधर्म बढ़ा है भगवान को अवतार लेना पड़ा है। यह बात जानना जरूरी है कि कर्म ही धर्म है। मनुष्य कर्म से महान होता है। इसलिए धर्म का सम्मान करना चाहिए। जो सब को अच्छा लगे वैसा कार्य करना चाहिए। समाज में कटुता बढ़ रही है । इसका एकमात्र कारण लोग धर्म से दूर भाग रहे है। सत्संगति से ही सदज्ञान प्राप्त किया जा सकता है। ज्ञान के मार्ग पर चलने वाले कभी अधर्मी नहीं हो सकते। आज के दौर में राम का चरित्र को अपनाने की जरूरत है। कारण यह अनुकरणीय है। राम चरित्र मानस हमे जीवन जीने का कला सिखाता है। रामचरित मानस की कथा श्रवण से मानव की समस्त ब्यथा दूर हो जाती है। इसमे सम्बन्धों की ब्याख्या की गई हैं। प्रभु श्री राम विपति में भी अपनी मयार्दा नहीं तोड़ते हैं। यह बात हम सब को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। आज देखा जा रहा है कि सभी जगह अत्याचार और अनाचार का बोलबाला है। अभी नवरात्र के पहले दिन पलामू में एक गर्भवती महिला के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। ऐसे सैकड़ो उदाहरण आज देखने को मिल रहे हैं। ऐसे में मां से हम यही विनम्र विनती करते हैं कि वह सभी को बुद्धि दें। समाज में अमन चैन बना रहे। ऐसे में राज्य के मुखिया हेमंत सोरेन और राज्यपाल रमेश बैस ने शारदीय नवरात्र की शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा है कि मां दुर्गा सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि एवं यश प्रदान करें, यही प्रार्थना है। जय माता दी। कारण शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर मां सभी को स्वस्थ, सुखी और समृद्ध रखें, यही कामना मंगलकामना की जा सकती है। आज मंगलवार को नवरात्र का दूसरा दिन है। सभी जगहों पर मां की अराधना में भक्त लीन हैं। ऐसा माना जाता है कि इन मौकों पर की गई प्रार्थना व्यर्थ नहीं जाती है। ऐसे में सारी सृष्टि में प्रेम भाव बना रहे,देश की तरक्की हो। यहां कोई भूखा नहीं सोये। सभी को रोजगार मिले। यही हम माता रानी से आशीर्वाद चाहते हैं। मां आशीर्वाद देने में विश्वास रखती हैं। यह बात सभी को पता है तो आइये मां के चरणों की धूल को अपने माथे पर लगायें।

## आज का इतिहास

**1698 :** औरंगजेब ने आठ साल की घेराबंदी के बाद जिंजी के किले पर कब्जा किया।
**1714 :** पेरिस की संसद ने पोप क्लेमेन्स इलेवन की ह्ययूनिजेनेटसह्ल डिग्री को स्वीकार किया।
**1720 :** द हेग की संधि ने स्पेन, ब्रिटेन, फ्रांस, ऑस्ट्रिया और डच गणराज्य के बीच हस्ताक्षर किए, क्वार्टरल गठबंधन ने युद्ध को समाप्त किया।
**1772 :** पोलैंड के पहले विभाजन पर ऑस्ट्रिया, प्रशिया और रूस द्वारा वियना में हस्ताक्षर किए।
**1776 :** एडवर्ड गिब्बन ने रोमन साम्राज्य की गिरावट और पतन के इतिहास का पहला खंड प्रकाशित किया।
**1807 :** हेनरी क्रिस्टोफर हैती राज्य के पहले राष्ट्रपति चुने गए।
**1827 :** स्विटजरलैंड के बुद्धिजीवी जॉन हेनरी पेस्टलोजी का निधन।
**1865 :** अमेरिका में गृह युद्ध के दौरान कोलंबिया सुप्रीम कोर्ट को जला दिया गया।
**1878 :** सैन फ्रांसिस्को शहर में पहली बार टेलीफोन एक्सचेंज खोला गया।
**1882 :** पहला टेस्ट क्रिकेट मैच सिडनी के क्रिकेट ग्राउंड पर खेला गया।
**1883 :** महान क्रांतिकारी, स्वतंत्रता सेनानी और सामाजिक कार्यकर्ता वासुदेव बल वंत फडके का अदन की जेल में निधन।
**1894 :** अमेरिकी डाकू जॉन वेस्ले हार्डिन को जेल से रिहा किया गया।
**1909 :** अमेरिकी साम्राज्य के खिलाफ संघर्ष छेड़ने वाले अश्वेत अपाचे योद्धा जेरेनिमो का निधन।
**1915 :** महात्मा गांधी ने पहली बार शांतिनिकेतन का दौरा किया।
**1927 :** वीर वामनराव जोशी द्वारा लिखित रणदुंदुभी नाटक का मुंबई में प्रयोग हुआ, इसमें दीनानाथ मंगेशकर ने तेजस्विनी की भूमिका अदा की।
**1931 :** लॉर्ड इरविन ने वायसराय निवास में गांधी जी का स्वागत किया।
**1927 :** हवाई जहाज बनाने वाली विश्व की प्रथम कंपनी की स्थापना विलियम बोइंग और एल्बर्ट हबार्ड द्वारा की गयी।

# भागवत-इलियासी भेंट का अर्थ

> हिन्दुस्तान के अंदर घटने वाली घटनाएं चौंकाती हैं। वे कौन लोग हैं, जो इस्लामी दुनिया में पनपते विरोध के बावजूद कर्नाटक की कन्याओं को हिजाब पहनाना चाहते हैं? याद करें, इससे पहले सबसे बड़ी खबर क्या थी? नूपुर शर्मा। उन्होंने जो कहा, उसके कारण उदयपुर और अमरावती जैसे कांड आकार लेने लगे। हर रोज के इन अफसानों ने सामाजिक एकता के लिए खतरा पैदा कर दिया है। नफरत पैर पसारते वक्त मुल्क और महाद्वीपों की सीमाएं नहीं देखती। इन दिनों इंग्लैंड के मंदिरों के बाहर जैसे प्रदर्शन हो रहे हैं, वे इस दुखद तथ्य की ताकीद करते हैं। इस कुटैव से लड़ने के बजाय हमारे बुद्धिजीवी एक-दूसरे को कोसने में वक्त जाया कर रहे हैं।

**रा**ष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत मस्जिद में? आप चाहें तो चौंक सकते हैं, पर भागवत गये गुरुवार को अपने तीन वरिष्ठ सहयोगियों के साथ नई दिल्ली में कस्तूरबा गांधी मार्ग स्थित अखिल भारतीय इमाम परिषद के अध्यक्ष डॉक्टर उमेर अहमद इलियासी से मिलने पहुंचे और लगभग एक घंटा बंद कमरे में गुफ्तगू करते रहे। गदगद इलियासी ने मुलाकात के दौरान उन्हें 'राष्ट्रपिता' व 'राष्ट्रऋषि' करार दे दिया। संघ प्रमुख ने उन्हें विनम्रतापूर्वक टोका भी, पर बाद में उन्होंने एक समाचार एजेंसी को दी गई 'बाइट' में इसे दोहराने में संकोच नहीं किया। संघ प्रमुख कुछ देर बाद एक मदरसे में भी पहुंचे, जहां बच्चों ने उनका खैरमकदम वंदे मातरम और भारतमाता की जय के नारों के साथ किया। बताने की जरूरत नहीं, मुस्लिमों का एक तबका वंदे मातरम का विरोध करता आया है, पर यह अनायास नहीं हुआ। इससे पहले भागवत सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल जमीरुद्दीन शाह, पूर्व चुनाव आयुक्त एस वाई कुरैशी, दिल्ली के पूर्व उप-राज्यपाल नजीब जंग, पूर्व सांसद-पत्रकार शाहिद सिद्दीकी और दानवीर सईद शेरवानी से मिल चुके हैं। ये वे हस्तियां हैं, जिन्होंने देश की सुरक्षा और प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान किया है। मौजूदा हालात में इस मुलाकात को महत्वपूर्ण मानने में संकोच नहीं करना चाहिए। पिछले तीन दशकों में यह पहला मौका है, जब भारत में बेमतलब के विवाद सुर्खियां बन जाते हैं। हालात कुछ इस कदर बिगड़ रहे हैं कि पिछले महीने आर्थिक रूप से तरक्कीयाफ्ता देशों की सूची में भारत के पांचवें पायदान पर पहुंचने की खबर तक जश्नविहीन रह गई। उन दिनों चर्चा में क्या था? कर्नाटक की स्कूली बच्चियां हिजाब पहन सकती हैं या नहीं! एक तरक्की पसंद मुल्क से कट्टरता की ओर बढ़े ईरान में जहां महिलाएं सरेआम हिजाब उतारकर अपने बाल कतर रही हैं, वहां भारत जैसे खुले लोकतंत्र में इस तरह के गैर-जरूरी विषय विमर्श का हिस्सा क्यों बन रहे हैं? ईरान में ऐसा पहली बार हो रहा है, जब नाराज लोगों ने इस्लामी राष्ट्र के संस्थापक अयातुल्लाह खोमैनी के बोर्ड धूल-धूसरित करने की हिमाकत की है। वहां के लोग महसा अमीनी की पुलिस हिरासत में मौत से गम और गुस्से में हैं। वहां भड़क उठे प्रतिरोध को दबाने के लिए पुलिस तरह-तरह के जुल्म ढा रही है। अब तक वहां 35 से अधिक लोग मर चुके हैं। लोगों को सलाखों के पीछे ठूंसा जा रहा है। धरने, प्रदर्शनों पर लाठीचार्ज हो रहे हैं, आंसू गैस के गोले दागे जा रहे हैं, पर आग रुकने की जगह भड़कती जा रही है। पुलिस हिंसा में एक और महिला जान गंवा चुकी है, लेकिन वहां की औरतों का जज्बा कम नहीं हुआ है। तालिबान के कब्जे वाले अफगानिस्तान में भी महिलाओं की बगावत जारी है। वे आवाज बुलंद कर रही हैं कि हमें जबरन थोपा गया 'परदा' मंजूर नहीं। वे पहले की तरह अपने काम पर लौटना चाहती हैं और सामाजिक हिस्सेदारी का दायित्व निभाना चाहती हैं। ऐसा न हो, इसीलिए कट्टरपंथियों का आका समझे जाने वाले सऊदी अरब तक ने आधी आबादी पर थोपी गई पाबंदियां कम की हैं। ऐसे में, हिन्दुस्तान के अंदर घटने वाली घटनाएं चौंकाती हैं। वे कौन लोग हैं, जो इस्लामी दुनिया में पनपते विरोध के बावजूद कर्नाटक की कन्याओं को हिजाब पहनाना चाहते हैं? याद करें, इससे पहले सबसे बड़ी खबर क्या थी? नूपुर शर्मा। उन्होंने जो कहा, उसके कारण उदयपुर और अमरावती जैसे कांड आकार लेने लगे। हर रोज के इन अफसानों ने सामाजिक एकता के लिए खतरा पैदा कर दिया है। नफरत पैर पसारते वक्त मुल्क और महाद्वीपों की सीमाएं नहीं देखती। इन दिनों इंग्लैंड के मंदिरों के बाहर जैसे प्रदर्शन हो रहे हैं, वे इस दुखद तथ्य की ताकीद करते हैं। इस कुटैव से लड़ने के बजाय हमारे बुद्धिजीवी एक-दूसरे को कोसने में वक्त जाया कर रहे हैं। इतिहास के अंधेरे बंद कोने खंगाले जा रहे हैं, ताकि खोखले तर्कों के तरकश में नये तीर भरे जा सकें। इससे अलगाव बढ़ रहा है। ऐसे में, इन नामचीन मुस्लिम बुद्धिजीवियों की पहल का खैरमकदम किया जाना चाहिए। खुद इनमें से कुछ ने एक टेलीविजन चर्चा के दौरान बताया कि वे मोहन भागवत से मिलकर संतुष्ट हुए। भागवत ने न केवल गर्मजोशी से स्वागत किया, बल्कि उनका हौसला भी बढ़ाया। उन्हें इस सिलसिले में उन सियासतदानों से मिलने तक में संकोच नहीं, जो अब तक अमन की राह में अंगारे बोते आए हैं।

**■ शशि शेखर**

# कढ़ी पत्ते का किस्सा

**ह**र सुख के बावजूद बुढ़ापे में आँसू निकल आना किसी गहरी पीड़ा का सूचक है। मेरी दादी रोये जा रही थी। मैं बार-बार पूछता लेकिन वह हर बार कुछ बताने की जगह घर के गेट की ओर देखती और जोर से रोने लगती। मैं भी गेट की ओर देखने लगा। मुझे कुछ खास नहीं दिखा। बूढ़ी आँखों में अनुभव बसता है। इसीलिए वे हमसे ज्यादा और सही देखती हैं। मैंने फिर जोर देकर पूछा। इस बार दादी उठी और गेट के पास कटे हुए पेड़ की कुछ निशानियाँ ढूँढ़ने लगीं। मुझे याद आया कि एक सप्ताह पहले यहाँ कढ़ी पत्ता का पेड़ हुआ करता था। अब नहीं है। मुझे दादी पर बड़ा गुस्सा आ रहा था। वह जिस पेड़ के लिए रो रही थी उसे उन्होंने ही कटवाया था। बच्चे-जवान गलती करके रोएँ, यह बात हजम होती है। किंतु बूढ़े लोग ऐसा कर रोएँ तो अजीब लगती है। खीझ के साथ-साथ गुस्सा मेरे सब्र के बाँध को तोड़ रहा था। दादी को मेरी कसम दिलाई और पेड़ कटवाने की असली सच्चाई जानने की कोशिश की। दादी रोते हुए कहने लगी - जब अपने ही हाथों लगाये हुए पेड़ को काटने पर मजबूर होना पड़े तो समझ जाना मामला गंभीर है। मेरी यादों में इस पेड़ ने बहुत कुछ साझा किया है। लेकिन मैं कुछ महीनों से परेशान हो चली थी। दोपहर में जब भी थोड़ी-बहुत आँख लगती तो कोई न कोई आकर गेट बेल दबा देता। पूछता - क्या मैं कढ़ी पत्ता तोड़ ले जाऊँ? नहीं पूछूँगा तो कहीं आप पिछली बार की तरह डाँट न दें, इसीलिए पूछकर तोड़ना चाहता हूँ। मुझे लगा यह भी सही है। बिना पूछे तोड़ने के चक्कर में आस-पड़ोस के लोगों ने उसे कसाईखाने वाले गाय की तरह एकदम उसकी हालत नाजूक कर दी थी। पत्ते तो पत्ते शाखाएँ तक तोड़ डाली थी। कढ़ी पत्ता का पेड़ न हुआ सबकी मर्जी का शगल हो गया। जिसे देखो उसे मुँह उठाये इसी के पीछे पड़े रहता था। इसीलिए मैंने सबको चेताया था। अब चेताने का परिणाम यह हुआ कि बुढ़िया को सोने नहीं देते। थोड़ी आँख लगती कि नहीं आ जाते सीने पर धमककाने। यदि गुस्से से मना कर दूँ तो कहने लगते - हाँ-हाँ बड़ी आई हो कढ़ी पत्ता वाली। जमाने भर में सिर्फ तुम्हारा पेड़ ही नहीं है। और बहुतों के हैं। यह दुनिया भी अजीब है जब तक मुफ्त में मिलता है तो मीठी-मीठी बातें करता है, थोड़ा मना कर दिया जाए तो हमारी खामियों का अंबार खड़ा कर देते हैं। यहाँ तक तो सब ठीक था। लेकिन मुझे यह पेड़ बुढ़ऊ के चक्कर में कटवाना पड़ा। मैंने तुम्हें उस दिन झूठ कहा था कि तुम्हारे दादा फिसलकर गिर गये थे। वो तो आस-पास की बूढ़ी औरतों को देखकर लार टपकाने वाले तुम्हारे दादा जी ने उनके लिए पेड़ की ऊँची शाखाओं से पत्ते तोड़ने के चक्कर में फिसलकर गिर गये। बंदर सब कुछ छोड़ सकता है, लेकिन गुलाटी मारना कतई नहीं। और वे तो बंदरों के मुखिया हैं। यह पेड़ न हुआ मेरे लिए सौतनों की पलटन बुलाने का बहाना हो गया। मुझे लगा कि कहीं देर हो गई तो इन्हीं किसी बूढ़ी डायनों में से एक को मेरी सौतन न बना दें। इसीलिए बेटा मैंने इस पेड़ को कटवा दिया। न रहेगी बाँस न बजेगी बाँसुरी। लेकिन मैं गलत थी। जो सुख देने में है, वह डाँट-फटकारकर मना करने में नहीं है। हर रात कढ़ी पत्ता मेरे सपने में आकर अपनी दीनगाथा रो-रोकर सुनाता है। वह सपने में रोता है और मैं हकीकत में।

**■ डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**
**मो. नं. 73 8657 8657**

## धर्म दर्शन

## श्री मद्देवी भागवतमाहात्म्यम्

### अथ प्रथमोऽध्याय:

हे दयानिधे। इस सबका कारण सम्यक रूपसे बताइये। हे मुनिश्रेष्ठ! आप सब कुछ जाननेवाले और पुराणोंके प्रवर्तक है, महापुरुषोंके लिये अपने श्रद्धालु शिष्यसे कुछ भी अकथ्य नहीं होता, इसलिये हे महाभाग ! मेरे सन्देहका निवारण कीजिये ॥ 4-5 ॥

सूतजी बोले- तब राजाके ऐसा पूछनेपर सत्यवतीपुत्र वेदव्यासजी प्रसन्नतापूर्वक उनके प्रश्नोंका क्रमसे उत्तर देने लगे ॥ 6 ॥

व्यासजी बोले- हे नृपश्रेष्ठ! इसका अत्यन्त अद्भुत कारण सुनो श्रेष्ठ तत्त्वज्ञानियोंने संचित, वर्तमान और प्रारब्धके भेदसे कर्मकी तीन गतियाँ बतलायी हैं। अनेक जन्मोंका संचित प्राकन कर्म संचित कर्म कहा गया है; फिर वे कर्म भी सात्विक, राजस और तामस-तीन प्रकारके होते हैं ॥ 7-9 ॥

हे राजन्! बहुत समयके संचित शुभ या अशुभ कर्म पुण्य या पापके रूपमें अवश्य ही भोगने पड़ते हैं। जीवोंके प्रत्येक जन्मके संचित कर्म बिना भोग किये करोड़ों कल्पों में भी नहीं नष्ट होते ॥ 10-11 ॥

जो कर्म किया जा रहा है, उसे वर्तमान कहा जाता है, जीव देह प्राप्तकर शुभ या अशुभ कार्यमें प्रवृत्त होता है। संचित कर्मोंके कारण देह प्राप्त होनेपर काल जीवको पुन: कर्मके लिये प्रेरित करता है ॥ 12-13 ॥

प्रारब्ध कर्म उसे जानना चाहिये, जिसका भोगसे क्षय हो जाता है। प्राणियोंको यहाँ प्रारब्ध कर्म अवश्य भोगना पड़ता है; इसमें सन्देह नहीं है। है राजेन्द्र देवता, मनुष्य, असुर, यक्ष, गन्धर्व और किन्नर- इन सभीको पूर्वकालमें किये गये शुभ अशुभ कर्मों का फल भोगना पड़ता है—यह निश्चित हैं। हे महाराज! सबके देह धारणका कारण उनका कर्म ही होता है। कर्मके समाप्त हो जानेपर प्राणियोंका जन्म लेना भी समाप्त हो जाता है इसमें सन्देह नहीं है ॥ 14-16 ॥

हे राजन् ब्रह्मा, विष्णु, रुद्र, इन्द्र आदि देवता, दानव, यक्ष और गन्धर्व-ये सभी कर्मके वशीभूत हैं, अन्यथा जीवके सुख-दु:खमें भोगका जो कारणरूप देहसम्बन्ध है वह कैसे होता? इसीलिये किसी कालविपाकके योगसे यथासमय अनेक जन्मोंमें किये हुए संचित कमोर्का प्रभाव प्रकट हो जाता है। उसी प्रारब्धकर्मके वशमें होकर ही मनुष्य पुण्य या पाप करता है, उसी प्रकार देवता आदि भी करते हैं ॥ 17-20 ॥

हे राजन! भगवान् विष्णुके अंशसे धर्मपुत्र नर और नारायण ही कृष्ण और अर्जुनके रूपमें प्रकट हुए। मुनियोंके द्वारा इस पौराणिक आख्यानका विवेचन किया गया है ॥ 21-22 ॥

- क्रमशः

# खास से आम कब होगी जीन थेरपी

**'म**न जीनोम प्रॉजेक्ट सन 2003 में पूरा हुआ। इंसान का जनेटिक ढांचा पूरा का पूरा डीकोड कर लिया गया। मानव जीवन के बहुत लंबे, उलझे हुए सॉफ्टवेयर का कौन सा हिस्सा कोई काम कैसे पूरा करता है, इसकी एक मोटी समझ भी बन गई। फिर ऐसे दावों की भरमार देखने को मिली कि छोटी-मोटी चोट-चपेट या वायरल इनफेक्शन के अलावा जल्द ही कोई स्वास्थ्य समस्या शेष नहीं बचेगी। लोग अपनी जीनोम सीक्वेंसिंग कराकर रख लेंगे, डॉक्टर उसी हिसाब से सटीक प्रिस्क्रिप्शन लिख देंगे और अस्पतालों पर ताला पड़ जायेगा। लेकिन व्यवहार में इसका उलटा देखने को मिल रहा है। हेल्थकेयर इंडस्ट्री और इससे जुड़े बीमे पर अब सिर्फ इनके मुनाफे से जोड़कर बातें होती हैं। बीमारी कैसी भी क्यों न हो, उसका इलाज दिनोंदिन टेढ़ा होता जा रहा है। अलबत्ता, इधर इसमें एक नया उछाल यह दिख रहा है कि जीन थेरपी का एक अलग क्लास बन रहा है, जिसमें एक इंसान के इलाज में लाखों डॉलर लगते हैं। दुनिया भर में लगभग 7000 बीमारियों को 'रेयर जनेटिक डिजीज' का दर्जा हासिल है, जिन्हें मेडिकल साइंस के धंधे में जुटे लोग फिलहाल सोने की खान मानकर चल रहे हैं। ये बीमारियां कुछ गिने-चुने लोगों में ही मिलती हैं, लेकिन ये ऐसी असाधारण भी नहीं हैं। ऑटिज्म, डाउन सिंड्रोम, थैलिसीमिया, कम उम्र में नजर गायब होना वगैरह। इनमें कुछेक का जनेटिक इलाज इधर के सालों में खोज लिया गया है, हालांकि यह महंगा ही नहीं, मुश्किल भी है। 2019 में ऐसी लगभग 1000 जीन थेरपीज दुनिया में मौजूद थीं, जो जून 2022 तक 2000 हो गईं। ऐसी सरपट रफ्तार मेडिकल साइंस में शायद ही कभी देखने को मिली हो। धंधे पर आएं तो वर्ल्ड इकॉनमिक फोरम के मुताबिक, जीन थेरपी का ग्लोबल बाजार अभी 5.33 अरब डॉलर का है, लेकिन अगले पांच साल में, यानी 2027 तक इसके 19.88 अरब डॉलर तक पहुंच जाने का अनुमान है। पिछले साल 1308 डिवेलपर जीन थेरपी से जुड़ी तकनीकें विकसित करने में जुटे थे और उनकी कंपनियों ने 22.7 अरब डॉलर का निवेश जुटा रखा था। यह रकम 2019 की तुलना में 57 फीसदी ज्यादा थी। थेरपी सही होने के बावजूद सारे इलाज कामयाब ही होते हों, ऐसा नहीं है। लेकिन जितनी नाकामी किसी नई थेरपी में देखने को मिलती है, उसके बरक्स कामयाबी के मामले यहां इतने ज्यादा हैं कि बीटा थैलिसीमिया के इलाज के लिए बंदे 28 लाख डॉलर लगाने को तैयार हैं। अभी ऐसी बीमारियों का जीवन भर इलाज चलता है। इस थेरपी के साथ एक अच्छी बात यह है कि एक ही बार में इलाज हो जाता है। लेकिन जरा इलाज के खर्चे के बारे में सोचिए। 28 लाख डॉलर यानी लगभग 25 करोड़ रुपये इसके लिए जिस तरह की प्रयोगशाला की जरूरत पड़ती है, वह भी हर जगह नहीं मिलती। इलाज के लिए सिर्फ एक इंजेक्शन काफी होता है, लेकिन इसमें दी जाने वाली दवा मरीज की जेनोम एडिटिंग कर-के बनाई जाती है। ऐसी एडिटिंग के उपकरण हर जगह नहीं मिलते और मरीज का रॉ और एडिटेड जनेटिक मटीरियल बहुत दूर लाने-ले जाने का जोखिम नहीं उठाया जा सकता। मेडिकल इंडस्ट्री की तरफ से अभी कोशिश यह चल रही है कि सरकारों को कन्विंस करके हेल्थ बीमा का कोई ऐसा ढांचा बनाया जाए, जिसमें सरकारें, रिसर्च कंपनियां और बीमा कंपनियां मिलकर करोड़ों रुपये के इलाज की गुंजाइश ठीक तरह बना दें, जैसे अभी लाखों रुपये के इलाज के लिए बनाये हुए हैं। इस काम में जोर-जबर्दस्ती भी नहीं की जा सकती क्योंकि कंपनियों को फायदा नहीं मिलेगा तो वे रेयर जनेटिक बीमारियों का इलाज खोजने में इतनी बड़ी पूंजी क्यों लगायेंगी। लेकिन कुल मिलाकर शोध, निवेश और उपचार की यह दिशा ठीक नहीं लगती।'मन जेनोम प्रॉजेक्ट से दुनिया भर में मेडिकल साइंस को लेकर जो उम्मीदें जगी थीं, वे तो इस रास्ते पर चलकर कभी नहीं पूरी होने वाली। कुछ शोधकर्ताओं का कहना है कि पहला 'मन जेनोम तैयार करने में तीन अरब डॉलर और तेरह साल लगे थे, लेकिन बीस साल भी नहीं हुए और अभी यह गिनती के कुछेक दिन लगाकर 100 डॉलर से भी कम खर्चे में तैयार हो जाता है। यह तो हुई जनेटिक ढांचा पढ़ने की बात। आर्टिफिशल इंटेलिजेंस के जरिये इसकी गड़बड़ियों जल्दी पकड़ में आ सकती हैं। अभी दिखने वाले ऐसे इक्का-दुक्का चमत्कार आगे रोजमर्रा की बात हो जायेंगे। क्रिस्पर-कैस 9, बेस एडिटिंग, प्राइम एडिटिंग जैसी गड़बड़ी दुरुस्त करने वाली तकनीकें अभी बहुत महंगी पड़ती हैं। लेकिन जहां ऐसी बीमारियां ज्यादा हैं, वहां सरकारें कोशिश करें तो अगले दस-पंद्रह सालों में इन्हें सस्ता बनाया जा सकता है।

**■ चंद्रभूषण**

## संपादक के नाम पाठकों की पाती

## गालियों का प्रयोग न करें

**ह**म किसी भी शहर में चले जायें, वहां पर लोग आपस में बातचीत में धड़ल्ले से गाली का प्रयोग करते हैं। यह हमारे लिए काफी शर्म की बात है। कई लोग तो ऐसे हैं जो अपना एक भी वाक्य बिना गाली की नहीं करते हैं। कई शहरों में किसी खास गाली का प्रचलन रहता है। इन गालियों में मां-बहनों को अपमानित किया जाता है। गाली देने से ही हम समझ जाते हैं कि वह व्यक्ति कैसे परिवार से संबंध रखता है। उसमें अच्छे संस्कारों की कमी है। कई जगहों पर तो महिलाओं को भी बेधड़क गाली देते देखा जा सकता है। गाली देने वालों को कभी भी सभ्य नहीं कहा जा सकता है। इस बारे में ना तो सामाजिक संस्था पहल करती है और ना ही सरकारी पहल होती है। अगर हमारी जुबान ही गंदी होगी तो हम अपने शहर व समाज को साफ कैसे रखेंगे? मैं आपके लोकप्रिय हिंदी दैनिक समाचार पत्र के माध्यम से लोगों से अपील करता हूं कि अपनी बातचीत में गाली का प्रयोग नहीं करें। ना ही किसी को करने दें। इस तरह की गाली से हमारे आसपास की महिलाओं को शर्मिंदा होना पड़ता है। गाली देकर हम अपनी बहादुरी प्रकट करने की कोशिश करते हैं जो शर्मनाक है। कई जगहों पर कई तरह की गालियों का प्रयोग किया जाता है,जिसकी चर्चा करना भी शर्मनाक है। इन गालियों के प्रयोग से महानगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र प्रभावित हैं । जिस प्रकार स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है ।उसी प्रकार जुबान की गंदगी को भी साफ करने का अभियान चलाना चाहिए,जिससे की आम बातचीत में लोग गाली का प्रयोग नहीं करें। वहीं कई पढ़े-लिखे लोग भी गाली प्रयोग अंग्रेजी में कर अपने को पढ़ा लिखा साबित करने की कोशिश करते हैं,लेकिन गाली तो गाली है। इनको कहने व सुनने से हमें दूर रहना चाहिए और इसे सामाजिक बुराई मानकर इसे खत्म करना चाहिए।

**■ प्रदीप कुमार, हमीदगंज, मेदिनीनगर।**

# पक्षपात पूर्ण प्रविधानों का परिणाम है आतंक

**दु**निया में नफरत की आग तेजी से फैल रही है। वर्चस्व की जंग हवा देने वाले अब धर्म की आड लेकर सुल्तान बनना चाहते है। गुलामी के इतिहास को दोहराने की कबायत चल रही है। लूट, बलात्कार, हत्या जैसे अपराध, अब आम हो चले हैं। कानून का डर जाता रहा है। कभी मानवाधिकार के नाम पर तो कभी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की दुहाई देकर अपराधियों को उनके आका बचा ले जाते हैं। कानूनी प्रक्रिया का उलझाव भरा रास्ता जहां बेहद लम्बा है वहीं उसकी अस्पष्ट नीतियां भी घातक बनती जा रहीं हैं। जघन्न अपराधियों के लिये देर रात तक न्यायालयों को खोला जाता है। अनेक अदालतों से दोषी करार हो जाने के बाद भी फांसी जैसा दण्ड को टालने की कोशिशें की जातीं हैं। कानून के जानकार न्याय की लचीली व्यवस्था के तहत उलझाव भरे दावपेंच खेलते रहते हैं। ऐसे में अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हो गये हैं कि सार्वजनिक स्थानों पर धड़ल्ले से अपराध घटित होते हैं और अपराधी बेखौफ होकर फरार हो जाते हैं। न्यायालय परिसर हो या पुलिस कार्यालय, प्रशासनिक अधिकारियों का आवासीय क्षेत्र हो या फिर अतिविशिष्ट लोगों का रिहायसी इलाका, कहीं भी सुरक्षा की गारंटी नहीं दी जा सकती। लालबत्ती पर भी रईसजादों के फरार्टे भरते वाहन, एकल मार्ग पर विपरीत दिशा से आने वाले खद्दरधारियों और अधिकारियों की गाडियां, नो पार्किंग में लाल तख्ती वाले दुपहिया-चौपहियों की भरमार जैसे दृश्य देश के कोने-कोने में देखे जा सकते हैं। व्यवस्था के नाम स्थापित विभागों के अधिकांश अधिकारी-कर्मचारी वेतन के अलावा सुविधा शुल्क कमाने या अपनों को लाभ दिलाने में लगे रहते हैं। ऐसे में धर्म के नाम पर वैमनुष्यता परोसकर सत्ता की चाहत रखने वाले षडयंत्रकारियों को राजनैतिक दलों की आंख का तारा बना दिया है। जनबल को वोटबल में प्राप्त करने की चाहत रखने वाला खद्दरधारी समाज पहले असामाजिक तत्वों को बढ़ावा देता हैं, उन्हें क्षेत्र का दबदबेदार बनाता हैं और फिर क्षेत्रवासियों को आतंक के साये में होंठ सिलकर मतदान करने हेतु विवस करता हैं। इतिहास गवाह है कि अमेरिकी संरक्षण में किलकारी मारने वाला लादेन एक दिन उसी का काल बनकर सामने आया चुका है। वर्तमान समय में विश्व का सबसे घातक देश बनकर उभरने वाला ब्रिटेन अपनी नीतियों-रीतियों से समूचे विश्व पर साम्राज्य स्थापित करने की कल भी चाहत रखता था, आज भी रखता है और शायद कल भी रखेगा। दुनिया भर के भगोड़े अपराधियों की शरणगाह के रूप में चर्चित यह गोरों की दुनिया हमेशा से ही फूट डालो-राज करो का सिध्दान्त अपनाती रही। यहां की विभाजनकारी मानसिकता ने मुस्लिम, सिख, ईसाई, बौध्द, यहूदी जैसे धर्मों के कट्टरपंथियों को सहयोग, सहायता और सलाह देकर उग्रवादी बनाया। यही उग्रवादी बाद में आतंकवादी और फिर अलगाववादी बनते चले गये। ब्रिटेन की राह पर ही अमेरिका चल निकला। उसने भी असामाजिक मानसिकता वाले लोगों को अपराधी बनाया। भौतिक संसाधनों की आदत डाली। अघोषित राजा बनाकर गुलामों की फौज के सलाम दिलवाये। लालच की मृगमारीचिका के पीछे दौड़ा दिया। भौतिकता के मोहपाश में न आने वालों को मरने के बाद की किवदंतियों के सहारे सब्जबाग दिखाये गये। गाजी और शहीद की परिभाषायें समझाई गईं। मुस्लिम युवाओं को गुमराह करने के लिए गाजी यानी इस्लाम के नाम पर लोगों की जान लेने वालों तथा शहीद यानी इस्लाम के नाम पर जान देने वालों की जमात तैयार की जा रही है। इन्हें समझाया जा रहा है कि जो मुसलमान सामान्य तौर पर मरता है उसे कयामत तक कब्र में ही अपने गुनाहों के हिसाब का इंतजार करना पड़ता है किन्तु गाजी और शहीदों को तत्काल जन्नत नसीब होती है। उनको कयामत तक का इंतजार नहीं करना पडता। इस सबक को मनोवैज्ञानिक ढंग से इबादत के दौर में समझाया जाता है। दुनिया भर में क्रूरता की चरम सीमा पर मुस्लिम युवाओं को बैठाने के लिए तरह-तरह के हथकण्डे अपनाये जा रहे हैं। धनी मुस्लिम देशों से जकात और फितरा के रूप में निकाली जाने वाली भारी भरकम धनराशि का कथित रूप से मदरसों, इस्लाम के प्रचार-प्रसार और मानवता के उपयोग करने का प्राविधान है परन्तु उस पैसे का अधिकांश धरातली उपयोग आज आतंक, अलगाव और आजादी के नाम पर किया जा रहा है।

**■ डा. रवीन्द्र अरजरिया**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लि.)प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड में मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-240042/ 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नयी दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com, (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

## न्यूज गैलरी

### ललन सिंह ने सुशील मोदी पर साधा निशाना

**पटना (एजेंसी)।** बिहार में जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह और भाजपा सांसद सुशील कुमार मोदी के बीच वार-पलटवार का सिलसिला बढ़ता ही जा रहा है। ललन सिंह ने सुशील मोदी पर हमला करते हुए सोशल मीडिया पर एक पोस्टर किया है। उन्होंने कहा है कि हम चाहते थे कि आपकी कुछ प्रोन्नति हो जाए लेकिन आपकी पदावनति हो रही है। आपको फिर से प्रदेश अध्यक्ष बनाया जा रहा है। ललन सिंह ने सोशल मीडिया के माध्यम से कहा है-सुशील मोदी, आपकी खबर मैंने देखी, जिसमें आप बता रहे हैं कि नीतीश को सोनिया गांधी जी छोड़ने आयीं या नहीं, उनके साथ फोटो शेयर किया या नहीं। लगता है आज तक आप छात्र नेता से राजनेता बन ही नहीं पाए। खैर हम लोग तो चाहते थे कि तिरस्कृत के बजाय आपकी कुछ प्रोन्नति हो जाए लेकिन सुन रहें हैं कि आपकी पदावनति हो रही है, फिर से आपको प्रदेश अध्यक्ष बनाया जा रहा है जो कि आप 15 साल पहले थे। वाकई आप दया के ही पात्र हैं!

### पति ने पत्नी की धारदार हथियार से गर्दन काट कर की हत्या

**फरुर्खाबाद (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश में फरुर्खाबाद जिले के शहर कोतवाली क्षेत्र में, पत्नी से किसी विवाद को लेकर पति ने धारदार हथियार से गर्दन काट कर पत्नी की हत्या कर दी। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि शहर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खानपुर नगला निवासी सुनील कठेरिया (40 वर्ष) ने बीती मध्य रात्रि में किसी बात को लेकर पत्नी से विवाद इतना बढ़ गया था, सुनील कठेरिया ने अपनी पत्नी की धारदार हथियार से गर्दन पर प्रहार करके उसकी हत्या कर दी। जनपद शाहजहांपुर के थाना मदनापुर के ग्राम गुलाब की निवासी किरन (38 वर्ष) का दूसरा विवाह सुनील कठेरिया के साथ हुआ हुआ था। उसका एक पुत्र पुत्री है। पुलिस को घटना की जानकारी आज तड़के हुई। इसके बाद दल बल के साथ मौके पर पहुंची पुलिस ने हत्यारोपी पति सुनील कठेरिया को गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद मृतका के शव को कब्जे में लेकर, पंचनामा भरकर, पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल फतेहगढ़ को भिजवाया गया।

### भागलपुर में ई-रिक्शा चालक की गला रेत कर हत्या

**भागलपुर (एजेंसी)।** बिहार में भागलपुर जिले के सबौर थाना क्षेत्र में अपराधियों ने ई-रिक्शा चालक की गला रेत कर हत्या कर दी। पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को यहां बताया कि धनकर गांव के समीप सोमवार की देर रात को अपराधियों ने ई- रिक्शा चालक देव कुमार (32) की गला रेत कर हत्या कर दी और शव को बगल के बगीचे में फेंक दिया। इसके बाद अपराधी, ई-रिक्शा लेकर फरार हो गए। सूत्रों ने बताया कि मृतक जिले के तातारपुर क्षेत्र के गोला घाटइला का निवासी था। संभवत: लूटपाट का विरोध करने पर अपराधियों ने उसकी हत्या कर दी है। इस सिलसिले में मृतक के परिजनों के बयान पर पुलिस ने संबंधित थाना में प्राथमिकी दर्ज मामले की जांच शुरू कर दी है।

### करंट लगने से एक किशोर की मौत, लोगों में आक्रोश, सड़क जाम

**सुपौल (निर्मली)।** जिले में मरौना नदी थाना क्षेत्र के मुंगराहा वार्ड संख्या -14 में मंगलवार को करंट लगने से एक किशोर की मौत हो गई और एक किशोरी झुलस कर गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना को लेकर गुस्साए ग्रामीणों ने मरौना-निर्मली मुख्य सड़क पर मूंगराहा पुल के पास शव को रखकर बांस बल्ला लगाकर 4 घंटे तक सड़क जाम कर दिया। और बिजली विभाग के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी आक्रोशित ग्रामीणों का कहना है कि मुंगराहा पुल के पास सड़क किनारे बिजली विभाग के एक कर्मी द्वारा घर बनाया है। और घर के चारो तरफ तार लगाकर घेरा बंदी कर दिया है। मंगलवार की सुबह करीब 5 बजे मुंगराहा वार्ड 14 निवासी लालदेव मंडल के पुत्र घूर्णन कुमार(15) और रामदत्त मंडल के पुत्री लक्ष्मी कुमारी (10) फूल तोड़ने के लिए अंदर प्रवेश करने लगा। जैसे ही घेराबंदी वाली तार पकड़ा की अचानक से दोनो बच्चे करंट के चपेट में आ गया। घुर्ण कुमार की मौत घटना स्थल पर ही हो गई। घायल लक्ष्मी को ग्रामीणों के सहयोग से निर्मली अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। और डॉक्टरों ने इलाज के कर लक्ष्मी की जान बचाने में कामयाब रहे। घटना को लेकर सीओ निरंजन सुमन और थानाध्यक्ष राजीव कुमार पुलिस बल के साथ पंहुचा। लोगो को समझा बुझाकर शांत कर जाम हटाने की काफी प्रयास किया। लेकिन आक्रोशित ग्रामीणों ने शांत नही हुआ।और पीड़ित परिवारों को मुवाजा देने और दोनो व्यक्ति के विरुद्ध कार्यवाई करने की मांग को लेकर प्रदर्शन करते रहे।एसडीपीओ पंकज कुमार ने घटना स्थल पर पंहुचकर आक्रोशित लोगों की मांग को सुना।और दोषी व्यक्ति के विरुद्ध करवाई करने और पीड़ित परिवारों को उचित मुवाजा दिलाने का आश्वासन दिया। इसके बाद लोगो का गुस्सा शांत हुआ।और सड़क जाम हटाया। थनाध्यक्ष राजीव कुमार ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

### मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग की बैठक, कहा

# मरीजों के बेहतर इलाज के लिए राज्य सरकार प्रयासरत



**पटना (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक हुई। समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में कई कार्य किए गए हैं। अस्पताल में इलाज की बेहतर व्यवस्था की गई है। सरकारी अस्पतालों में मरीजों के लिए मुफ्त दवा का इंतजाम किया गया है। सभी का बेहतर तरीके से इलाज हो सके, लोग स्वस्थ रहें इसके लिए हमलोग पूरी तरह प्रयासरत हैं। सीएम ने कहा कि पटना स्थित पीएमसीएच अस्पताल को राष्ट्रीय स्तर पर सबसे ज्यादा बेड वाले अस्पताल के रूप में निर्मित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लक्ष्य के अनुरूप इसका निर्माण कार्य भी तेजी से कराएं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी अस्पतालों में साफ-सफाई की पूरी व्यवस्था रखें। इसमें किसी प्रकार की कोताही नहीं होनी चाहिए। सतरंगी चादरों को भी हमेशा साफ रखना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि अस्पतालों में साफ-सफाई की जिनकी भी जिम्मेवारी है, अगर वे अपने काम को बेहतर ढंग से नहीं करते हैं तो उन पर कार्रवाई करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिक से अधिक अस्पताल बनवाए जा रहे हैं ताकि इलाज कराने में किसी को किसी प्रकार की परेशानी न हो। सभी अस्पतालों के भवनों का मेंटेनेंस ठीक ढंग से हो, इसका ख्याल रखें। उन्होंने कहा कि चिकित्सा कार्य से जुड़े हुए लोग बेहतर चिकित्सा के लिए कार्य करें और चिकित्सा सुविधाओं की पूरी व्यवस्था रखें। इससे पहले सीएम ने मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता कोष' के तहत जेनेटिक मस्कुलर डिस्ट्रॉफी की बीमारी से ग्रसित 75 बच्चों के खाते में डायरेक्ट बेनीफिट ट्रांसफर के माध्यम से राशि का स्थानांतरण किया। इसके माध्यम से प्रति लाभार्थी को छह लाख रुपये की एकमुश्त सहायता राशि प्रदान की गई। इसके पश्चात समीक्षा बैठक में स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने प्रस्तुतिकरण के माध्यम से विभाग के अद्यतन कार्यों एवं उपलब्धियों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

### नीतीश कैबिनेट में कुल 16 एजेंडों पर लगी मुहर, 6,300 अमीनों के पद भरे जाएंगे

**मुख्यमंत्री** नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार दोपहर संपन्न हुई मंत्रिमंडल की बैठक में कुल 16 एजेंडों पर मुहर लगाई गई। बैठक में 6,300 अमीनों के पदों को भरा जाएगा। साथ ही कई अन्य विभागों में बहाली निकाली जाएगी। नीतीश सरकार ने फार्मेसी और नर्सिंग की पढ़ाई कर रहे छात्रों को भी दुर्गा पूजा और दीपावली का तोहफा दिया है। मेडिकल छात्रों के तर्ज पर फार्मेसी और नर्सिंग छात्र-छात्राओं को इंटर्नशिप दिया जाएगा। इन छात्रों को 1500 रुपये छात्रवृत्ति के तौर पर दिया जाएगा। आज हुई कैबिनेट की बैठक में इस पर मुहर लगाई गयी है। बिहार वक्फ न्यायाधिकरण पटना के लिए एक ड्राइवर के पद का सृजन किया गया है। वैशाली में बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय सह स्मृति स्तूप की स्थापना और इसके संचालन के लिए विभिन्न कोटि के कुल 27 पदों के सृजन की स्वीकृति दी गयी है। अरवल मंडल कारा में 102 पद और पालीगंज उपकारा के विभिन्न कोटि के 98 पदों के सृजन की स्वीकृति दी गयी है। कैबिनेट की बैठक में गृह विभाग के कुल 200 पदों को स्वीकृति दी गयी है। राज्य के जलाशयों में समग्र मात्स्यिकी विकास के लिए बिहार राज्य जलाशय मात्स्यिकी नीति 2020 की स्वीकृति दी गयी है। वित्तीय वर्ष 2022-23 अंतर्गत आकस्मिकता निधि से 43 करोड़ 93 लाख 85 हजार अग्रिम की स्वीकृति दी गयी है। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के क्रियान्वयन के लिए ग्रामीण विकास विभाग की मांग संख्या-42 के अंतर्गत राज्यांश मद में तीन सौ चालीस करोड़ रुपये की राशि की आकस्मिकता निधि से अग्रिम की स्वीकृति दी गयी है। नगरपालिका चुनाव और मतगणना प्रक्रिया का लाइव वेबकास्टिंग कराये जाने का फैसला लिया गया है। इसके लिए आईटीआई लिमिटेड को एजेंसी के रूप में काम करने की स्वीकृति दी गयी है। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अंतर्गत बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त कार्यक्रम निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति के लिए राज्य योजना मद से 363 करोड़ 26 लाख 85 हजार रुपये खर्च किया जाएगा और संविदा के आधार पर 7,595 पदों के सृजन की स्वीकृति दी गयी है। इसके तहत विशेष सर्वेक्षण सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी के 259, विशेष सर्वेक्षण कानूनगो के 518, विशेष सर्वेक्षण अमीन के 6300 एवं विशेष सर्वेक्षण लिपिक के 518 पदों के सृजन की स्वीकृति दी गयी है। बिहार विधान मंडल (सदस्यों के वेतन, भत्ता और पेंशन) नियमावली, 2006 के नियम 15 में संशोधन की स्वीकृति दी गयी है। बिहार विधान परिषद के कार्यकारी सचिव के पद पर अनुभवी पदाधिकारी विनोद कुमार निदेशक सह कार्यकारी सचिव की सेवानिवृति के बाद संविदा के आधार पर 01 अक्टूबर, 2022 से एक वर्ष के लिए नियोजन किया गया है जबकि बिहार न्यायिक सेवा के पदाधिकारियों का 01 जनवरी, 2016 से वेतन पुनरीक्षण को कैबिनेट ने स्वीकृति दे दी है।

### औरंगाबाद में भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद

**औरंगाबाद (एजेंसी)।** बिहार में नक्सल प्रभावित औरंगाबाद जिले से पुलिस ने भारी मात्रा में विस्फोटक तथा कारतूस बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक कांतेश कुमार मिश्रा ने मंगलवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में बताया कि अपर पुलिस अधीक्षक अभियान मुकेश कुमार एवं 205 कोबरा वाहिनी उप समादेष्टा वाई.ए.डाखोले तथा सहायक समादेष्टा अजीत बी.नायर, रामवीर, सहायक समादेष्टा, 29वी वाहिनी एस.एसःबी० के संयुक्त नेतृत्व में जिला अंतर्गत कार्यरत 205 कोबरा वाहिनी, 29वीं वाहिनी एस.एस.डी० एवं स्थानीय पुलिस प्रशासन के संयुक्त टीम ने छापेमारी कर 1500 किलोग्राम यूरिया, 1068 कारतूस, 13 पीस 315 बोल्टस, 05 एसएलआर मैगजीन, 23 पीस मैगजीन, 1000 पीस इलेक्ट्रिक डेटोनेटर, 35 किलोग्राम अल्मुनियम पाउडर समेत कई अन्य अवैध सामग्रियां बरामद की है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि यह सर्च ऑपरेशन मदनपुर थाना अंतर्गत चकरबंधा, लडुईयां तथा बांसडीह एवं इसके आस-पास क्षेत्रों में की गई। उन्होंने बताया कि सूचना मिली थी कि नक्सलियों द्वारा सुरक्षा बलों पर हमला करने की तैयारी की जा रही हैं जिसके आलोक में यह कार्यवाई की गई।

### हत्या या आत्महत्या में उलझी पुलिस ने पति को भेजा जेल

**बेगूसराय (एजेंसी)।** बेगूसराय में जुआ खेलने और जमीन बेचने से रोके जाने पर नाराज पति द्वारा पत्नी की हत्या करने का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। घटना छौड़ाही सहायक थाना क्षेत्र के ऐजनी गांव की है तथा मृतका रामप्रसाद साह की पत्नी मीरा देवी है। घटना के संबंध में मृतका के भाई का कहना है कि उसका बहनोई ई-रिक्शा चालक रामप्रसाद साह जमीन बेचकर लगातार शराब पीता था और जुआ खेला करता था, इस बात का विरोध पत्नी पत्नी मीरा देवी लगातार करती थी। शराब पीने और जुआ खेलने के चक्कर में 15 कट्ठा जमीन बिक गया। इसके बाद उसने अपने घर की जमीन बेचने के लिए 54 हजार रुपया ले लिया। इसी को लेकर को लेकर दोनों पति-पत्नी में विवाद हो रहा था तथा सोमवार की रात मारपीट करने के बाद जहर खिलाकर हत्या कर दी गई। मृतका की पुत्री ने भी अपने ननिहाल पक्ष द्वारा लगाए गए आरोप को सही बताया है। जबकि मृतका की सास एवं पति सहित अन्य परिजनों का कहना है कि पति-पत्नी में हुए बहस में मीरा देवी ने जहर खाकर आत्महत्या किया है।

## प्रसिद्ध शक्तिपीठ मां मंगलागौरी में पूरी होती है भक्तों की मनोकामना

**गया (एजेंसी)।** बिहार में गया शहर स्थित मां मंगलागौरी मंदिर में पूजा करने वाले भक्तों की हर मनोकामना पूरी होती है। मां मंगलागौरी शक्ति पीठ में शारदीय नवरात्र को लेकर भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी है।ऐसी मान्यता है कि नवरात्र के महीने में यहां पूजा पाठ करने से भक्तों की मनोकामनाएं पूरी होती है। शक्तिपीठ मां मंगला गौरी का मंदिर में नवरात्र के महीने में दूर-दराज से भक्त आते हैं और अपने परिवार की सुख, समृद्धि, शांति के लिए प्रार्थना करते हैं। पौराणिक कथाओं के अनुसार भगवान शिव जब माता पार्वती के जलते शरीर को लेकर तांडव करते हुए आकाश मार्ग से चल पड़े, तब उनके रौद्र रूप को शांत करने के लिए भगवान



विष्णु ने सुदर्शन चक्र चलाकर मां पार्वती के शरीर के कई टुकड़े कर दिए। जहां-जहां माता पार्वती के शरीर के टुकड़े गिरे, वह स्थल शक्तिपीठ कहलाया। गया शहर के भस्मकुट पर्वत पर माता सती का वक्षस्थल गिरा, जो मंगला गौरी शक्ति पीठ के रूप में जाना जाता है। मंदिर के अंदर कई वर्षों से अखंड ज्योति जल रही है, जिसके दर्शन कर श्रद्धालु पूजा-पाठ करते हैं। ऐसा माना जाता है कि यहां पूजा करने से भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। स्थानीय पुजारी विनय गिरी ने बताया, मां मंगला गौरी शक्ति पीठ देश के मशहूर शक्तिपीठों में से एक है। यहां पूजा-पाठ करने से भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। उन्होंने बताया कि किसी भी व्यक्ति या जीव के लिए जन्म, पालन और संहार तीनों चीजें मायने रखती हैं। मां मंगला गौरी शक्तिपीठ मंदिर में देवी सती का वक्षस्थल गिरा था, इसलिए इसे पालन पीठ भी कहा जाता है। वैसे तो सालों भर भक्त यहां पूजा करने आते हैं, लेकिन शारदीय नवरात्र के दौरान यहां पूजा करने का विशेष महत्व है। नवरात्र के दिनों में यहां काफी भीड़ होती है।

## 2024 में भाजपा एक भी सीट पर जीत जाये तो बड़ी बात होगी : तेजस्वी

**पटना (एजेंसी)।** बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव मंगलवार को दिल्ली से पटना पहुंचे। इस दौरान पटना एयरपोर्ट पर उन्होंने भाजपा पर जमकर हमला बोला। तेजस्वी ने कहा कि पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा नीत एनडीए ने बिहार में 40 में से 39 सीटों पर जीत हासिल की थी लेकिन अगले लोकसभा चुनाव में भाजपा एक सीट भी जीत ले तो बड़ी बात होगी। भाजपा की ओर से हरियाणा में हुए सम्मान रैली को लेकर उठाये गये सवाल पर तेजस्वी ने कहा कि जिसको जो बोलना हैं बोलने दीजिये। वहीं, उन्होंने बीजेपी से एक बड़ी मांग भी की है। पत्रकारों से सवाल पर कि आप बिहार के उपमुख्यमंत्री है, क्या आप कभी पूर्णिया एयरपोर्ट पर गए हैं? इस पर तेजस्वी यादव ने कहा कि टिकट कटवा दीजिए, चले जाएंगे। उन्होंने कहा कि मैं अमित शाह से कहना चाहूंगा कि मैं आपको पैसे दे दूंगा, आप अपना ही टिकट कटा कर चले जाएं। पिछले सप्ताह ही अमित शाह ने पूर्णिया में एक जनसभा में कहा था कि पूर्णिया में हवाई अड्डा शुरू हो गया है, जबकि जमीनी हकीकत यह है कि पूर्णिया में हवाई अड्डा के लिए अभी तक भूमि अधिग्रहण का काम भी नहीं हुआ है। इसी को लेकर राजद और जदयू लगातार भाजपा पर हमलावर है और झूठ एवं जुमलेबाज बता रही है। भाजपा की ओर से दिये गये बयान कि नीतीश कुमार विपक्ष को एकजुट करने का सपना देख रहे हैं पर उन्होंने कहा कि ये सपना है या हकीकत है वो चुनाव के बाद ही पता चल जाएगा। बिहार में क्या होने वाला है, ये सबको पता है। भाजपा की बेचैनी भी सब समझ रहे हैं। भाजपा ने 40 में से 39 सातों पर जीत हासिल की थी, लेकिन अब 40 में से एक भी सीट पर जीत जाएं तो बहुत बड़ी बात होगी।



## ग्रामीणों के हमले में पंजाब पुलिस घायल

**बगहा (एजेंसी)।** बथवरिया थाना क्षेत्र के चन्द्रहा रुपवलिया गांव में पंजाब की अपहता को बरामद करने आई पंजाब पुलिस पर ग्रामीणों ने हमला कर जख्मी कर दिया। इस मामले में पंजाब पुलिस के एएसआई पृथ्वी राज सिंह ने 8 लोग को नामजद करते हुए अज्ञात 15 से 20 लोग के विरुद्ध बथुवरिया थाना में एफआईआर दर्ज करायी है। एएसआई ने आरोप लगाते हुए कहा है कि वे पंजाब के बस्सी पठाना थाना कांड संख्या 73/22 के नामजद अभियुक्त संदेश यादव पिता भुखल यादव ग्राम चन्द्रहा रुपवलिया.थाना बथवरिया जिला पश्चिम चम्पारण को गिरफ्तार और मुकदमा न.73 की पीड़िता चन्द्रमा कुमारी की बरामदगी करने के लिए सोमवार को पुलिस बल के साथ आया। अभियुक्त की गिरफ्तारी और पीड़िता की बरामदगी के लिए बथवरिया थाना के एएसआई रविंद्र कुमार दुबे की नेतृत्व में पुलिस जवानों के साथ अभियुक्त के घर पहुंच कर छापेमारी कर पीड़िता को बरामद की गई। पीड़िता को कई पुलिस जिप्सी में बैठा दी गई। ज्योंहि पुलिस जिप्सी से थाना के लिए बढी, तभी सरिता देवी , वृजेश यादव, राजेन्द्र यादव, शांति देवी , रीता देवी , अजय लाल यादव , लालसा देवी समेत 15 से 20 अज्ञात महिला और पुरुष अपनी अपनी हाथों में लाठी, डंडा, टांगी लेकर पुलिस जिप्सी को चारों तरफ से घेर कर हमलाकर दिया।

हमले में पुलिस बल और पीड़िता के भाई को चोटें आईं और गंभीर रूप से जख्मी हो गये। इसी क्रम में समय का लाभ लेते हुए पुलिस अभिरक्षा में बरामद पीड़िता को जान मारने की नियत से छीन कर लेकर भाग गए। भीड़ में शामिल उक्त सभी लोगों के द्वारा पुलिस की कार्य में बाधा डालने, अभियुक्त संदेश यादव की गिरफ्तारी में बाधा उत्पन्न करने तथा पंजाब पुलिस को घमकी देने के आरोप में एफआईआर दर्ज कराई गई है।

## पीएम ने अयोध्या की रामलीला को भेजा शुभकामनाएं पत्र

### लक्ष्मण किला मैदान में फिल्मी सितारे कर रहे अयोध्या की रामलीला का मंचन

**अयोध्या (एजेंसी)।** राम नगरी के लक्ष्मण किला मैदान में फिल्मी सितारों के द्वारा राम लीला का प्रस्तुति करण अयोध्या की रामलीला के नाम से तीसरा संस्करण चल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फिल्मी जगत की अयोध्या की रामलीला को शुभकामनाएं पत्र लिखकर भेजा है। उन्होंने अयोध्या की रामलीला के मंचन और दशहरे के पर्व की बधाइयां प्रेषित की हैं। प्रधानमंत्री मोदी के पत्र में लिखा है कि सत्य की असत्य पर विजय के प्रतीक दशहरा पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं। इस पावन अवसर पर अयोध्या की रामलीला, अयोध्या द्वारा रामलीला मंचन कार्यक्रम के आयोजन के बारे में जानकर प्रसन्नता हुई। भारत की भावना, दर्शन और आदर्शों में प्रभु राम रचे-बसे हैं। श्री राम का विराट व्यक्तित्व, उनकी दृढ़ता, उदारता और कल्याणकारी विचार, हर क्षण हमारा मार्ग प्रशस्त करते हैं। रामायण के विभिन्न पात्र हमें जीवन की विविध परिस्थितियों को समझने और समयानुकूल अपने प्रयासों को दिशा देने का संदेश देते हैं। हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के प्रतीक रामायण में संपूर्ण मानवता के लिए सन्देश समाहित है। रामलीला मंचन केवल कथा वाचन या भक्ति भाव को अभिव्यक्त करने का मंच मात्र नहीं है, बल्कि उत्साह और उमंग की यह स्वस्थ परंपरा देशवासियों और विशेष रूप से युवा पीढ़ी को हमारी संस्कृति से जोड़ने में सशक्त भूमिका निभा रही है। रामायण में निहित आशा और सकारात्मकता हमें यह सन्देश देती है कि सामूहिकता एवं जन-भागीदारी के जरिए बड़े से बड़े लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। आजादी के अमृत कालखंड में देशवासियों के सामर्थ्य से ऊर्जित देश, आत्मनिर्भर व भव्य भारत के निर्माण की दिशा में तेजी से अग्रसर है। प्रभु श्री राम के आदर्श जीवन और संस्कारों से जन-जन का जीवन आलोकित हो, इसी कामना के साथ एक बार पुनः दशहरा पर्व और रामलीला मंचन कार्यक्रम के सफल आयोजन की हार्दिक शुभकामनाएं।

### ट्रेलर की चपेट में आने से युवक की मौत, गुस्साए ग्रामीणों ने किया चकाजाम

**रायगढ़ (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले के तमनार थाना क्षेत्र के धौराभांठा में ट्रेलर (ट्रक) की चपेट में आने से आज एक युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। इस दुर्घटना से गुस्साए ग्रामीणों के द्वारा मौके पर चकाजाम कर दिया। पुलिस समझाइश देने में जुटी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार जिले के तमनार ब्लाक के अंतर्गत आने वाले ग्राम कोंडकेल निवासी अनिल यादव (18) अपने साथी अघन चौहान और नरेश यादव के साथ किसी काम के सिलसिले में स्कूटी में सवार होकर धौराभांठा आ रहे थे। इसी दौरान धौराभांठा की तरफ से आ रहे ट्रेलर चालक ने तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए उन्हें अपनी चपेट में ले लिया।

## उप्र में लंपी वायरस से संक्रमित पशुओं के ठीक होने की दर 64 फीसदी

**लखनऊ (एजेंसी)।** भारत सरकार के आंकड़ों की मानें तो उत्तर प्रदेश में योगी सरकार ने लंपी वायरस के प्रकोप से गोवंश को प्रभावी रूप से सुरक्षित बचाने में कामयाबी पायी है। राज्य में लंपी वायरस के संक्रमण से पशुओं के स्वस्थ होने की दर 64 फीसदी है वहीं मृत्यु दर घटकर मात्र एक फीसदी रह गयी है। योगी सरकार का दावा है कि इस वायरस के संक्रमण को रोकने में प्रशासन की मुस्तैद रणनीति कारगर साबित हुयी है। केन्द्रीय पशु पालन और डेयरी विभाग के आंकड़ों के मुताबिक देश के 14 राज्यों में अपने पैर पसार चुके इस वायरस से सर्वाधिक प्रभावित 06 बड़े राज्यों में उत्तर प्रदेश भी शामिल था। इनमें राजस्थान एवं पंजाब के आंकड़े बेहद चिंताजनक हालात की ओर इशारा कर रहे हैं। जबकि



इन आंकड़ों के मुताबिक उत्तर प्रदेश में स्थिति काबू में है।

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार राजस्थान में 11.34 लाख पशु लंपी वायरस से संक्रमित हुए हैं। इनमें 50,366 की मृत्यु हुई है। वहीं, पंजाब में संक्रमित हुए पशुओं की संख्या 1,73,159 है, जिनमें 17,200 पशुओं की मृत्यु हुई है। गुजरात में 1,56,236 पशु इस वायरस से प्रभावित हुए हैं, जिनमें 5,544 की मृत्यु हुई है।

इसके अलावा हिमाचल प्रदेश में 66,333 पशु संक्रमित हुए हैं, जिनमें 2,993 मृत्यु हुई है। हरियाणा में 97,821 पशु प्रभावित हुए हैं, जिनमें मृत्यु हुई 1,941 है। जम्मू-कश्मीर में संक्रमित हुए पशुओं का आंकड़ा 32,391 है, जिनमें 333 पशुओं की मृत्यु हुई है। वहीं उत्तर प्रदेश में अब तक 26,024 पशु इस वायरस से प्रभावित हुए हैं, जिनमें में 273 पशुओं की मृत्यु दर्ज हुई है। उप्र में पशुओं के संक्रमण से ठीक होने का प्रतिशत 64 प्रतिशत है और मृत्युदर मात्र 01 प्रतिशत है।

उत्तर प्रदेश के पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर हम कोरोना की तर्ज पर लंपी वायरस के लिये भी 'टीम 9' बनाकर नियमित समीक्षा कर रहे हैं। हमने इलाज और वैक्सिनेशन का वृहद अभियान चलाया है। इस पर काबू करने में हमें सफलता मिली है। गौरतलब है कि पश्चिमी प्रदेश के 26 जनपद लंपी स्किन रोग से प्रभावित हैं। योगी सरकार पशुओं को इस वायरस से बचाने के लिए रिंग एवं बेल्ट फामूर्ले के माध्यम से टीकाकरण लगातार टीकाकरण अभियान चला रही है। यह रोग अन्य क्षेत्रों में न फैले इसलिए सरकार ने एक रणनीति बनाई, जिसके तहत सुरक्षा कवच को सुदृढ़ करते हुए रिंग एवं बेल्ट के माध्यम से सघन टीकाकरण किया जा रहा है। पहली बेल्ट नेपाल से मध्यप्रदेश तक 320 किमी की, दूसरी बेल्ट में बुन्देलखण्ड क्षेत्र में 155 किमी तक सुरक्षा घेरा तैयार किया गया है। यह घेरा 10 किमी चौड़ा है। अंतरराज्यीय एवं अंतरजनपदीय सीमा से लगे जिलों में सीमावर्ती विकासखण्ड एवं ग्रामों को टीकाकरण में प्राथमिकता दी जा रही है। इसके लिए, प्रदेश में 1126 टीमें टीकाकरण के लिए गठित की गयी हैं। इन टीमों ने प्रदेश में 26 लाख 04 हजार 500 पशुओं को गोटपॉक्स का टीका लगाया है। गोवंशीय पशुओं को बचाने के लिए टीकाकरण की कार्यवाही की जा रही है। इसके लिए प्रदेश में 82.50 लाख वैक्सीन उपलब्ध है।

सरकार ने इस रोग पर नियंत्रण पाने के लिए टीम-9 का शुरूआत में ही गठन कर दिया था। इसके अतिरिक्त जनपद एवं विकास खण्ड स्तर पर कर्मियों को प्रशिक्षित किया गया है। इसके अतिरिक्त संक्रमित गोवंश को स्वस्थ पशुओं से अलग किया जा रहा है।

सरकार का दावा है कि पशुओं को तत्काल उपचार की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश में 127 मोबाइल वेटेनरी यूनिट संचालित की जा रही हैं। गोआश्रय स्थलों के प्रवेशद्वार पर पशुओं को अलग रखने के लिए 76 आइसोलेशन सेंटर स्थापित किये गये हैं। बीमारी से बचाव के लिए सभी जनपदों में पर्याप्त दवाएं उपलब्ध हैं।

## जदयू ने निकाली सतर्कता व जागरूकता मार्च



**नवादा (एजेंसी)।** नवादा जिले के कौआकोल में जदयू ने विकास एवं जन विरोधी भाजपा को सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की साजिश का आरोप लगाते हुए तथ्यों को पदार्फाश करने के उद्देश्य से जदयू के प्रदेश आलाकमान के निर्देश पर मंगलवार को कौआकोल में जनता दल यूनाइटेड के कार्यकर्ताओं ने सतर्कता एवं जागरूकता मार्च निकाला। जोगाचक-आश्रम मुख्य पथ पर अवस्थित जदयू कार्यालय से प्रखंड अध्यक्ष रामाश्रय सिंह एवं जदयू के जिला महासचिव व प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि संजय यादव के नेतृत्व में निकाली गई मार्च में जदयू कार्यकर्ताओं ने केंद्र की बीजेपी सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए अविलंब महंगाई पर रोक लगाने तथा केंद्रीय एजेंसियों के गलत इस्तेमाल करने पर रोक लगाने की मांग की है। जदयू के जिला महासचिव संजय यादव ने कहा कि महागठबंधन सरकार बनने के बाद भाजपा बिहार व देश में अकेले रह गई है। कोई पार्टी इनके साथ जाने को तैयार नहीं है। इसलिए आने वाले चुनाव में भाजपा का सफाया होना तय है। इस कारण भाजपा देश के अंदर सामाजिक सद्भाव बिगाड़ने की कोशिश कर रहे हैं। इसके साथ ही संवैधानिक संस्थाओं को तहस-नहस किया जा रहा है।

# कोलकाता पहुंचने पर झूलन गोस्वामी का भव्य स्वागत

## महिला आईपीएल को लेकर बताया अपना प्लान



**कोलकाता (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम की पूर्व तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी का इंग्लैंड से आगमन के दौरान जोरदार स्वागत किया गया। कोलकाता हवाई अड्डे से बाहर निकलने के दौरान वरिष्ठ महिला तेज गेंदबाज का युवा क्रिकेटरों द्वारा फूलों से स्वागत किया गया। झूलन ने अपना आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स लंदन में खेला था। दाएं हाथ की तेज गेंदबाज ने अपने अंतिम मैच में एक शानदार स्पेल फेंका, क्योंकि उन्होंने अपनी टीम के लिए दो महत्वपूर्ण विकेट झटके और अपने दस ओवर के कोटे में सिर्फ 30 रन दिये। 19 साल की उम्र में अपनी शुरूआत करते हुए झूलन ने 20 से अधिक वर्षों तक भारत का प्रतिनिधित्व किया। 39 वर्षीय ने 2002 में चेन्नई में इंग्लैंड के खिलाफ पदार्पण किया और लॉर्ड्स लंदन में इंग्लैंड के खिलाफ ही अपना आखिरी मैच भी खेला। अपने आखिरी मैच के बाद दाएं हाथ की तेज गेंदबाज ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) को उनके निरंतर समर्थन और प्रेरणा के लिए धन्यवाद दिया। भारत वापसी पर झूलन ने मीडियाकर्मियों से बात की और इस तथ्य पर जोर दिया कि महिला क्रिकेटरों को बेहतर बुनियादी ढांचे और जोखिम की आवश्यकता है ताकि वे अंतर्राष्ट्रीय मैचों में अधिक दक्षता से प्रतिस्पर्धा कर सकें। झूलन ने कहा कि भारत में महिला क्रिकेट को बुनियादी ढांचे के समर्थन और अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट के लिए अधिक जोखिम के मामले में एक छोटे से धक्का की जरूरत है। अनुभवी तेज गेंदबाज ने यह भी कहा कि अगले साल से शुरू होने वाला महिला आईपीएल महिला क्रिकेटरों के लिए दुनिया भर के कुछ सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ खेलने और एक आदर्श मंच होगा। हालांकि, उन्होंने टूर्नामेंट में भाग लेने पर कोई टिप्पणी नहीं की। पूर्व भारतीय क्रिकेटर ने कहा, महिला आईपीएल भारतीय क्रिकेटरों को बहुत जरूरी एक्सपोजर और बढ़ावा देगा। मैंने अभी तक यह तय नहीं किया है कि मुझे महिला आईपीएल खेलना है या नहीं। मैंने अभी तक अपने करियर में अपने अगले कदम के बारे में फैसला नहीं किया है। मुझे एक ब्रेक की जरूरत है, मैं इसका आनंद लेना चाहती हूं।

> ■ झूलन ने अपना आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स लंदन में खेला था

## पुरुष हॉकी विश्व कप 2023 : भारत का स्पेन से होगा पहला मुकाबला

**लुसाने/स्विट्जरलैंड (एजेंसी)।** हॉकी पुरुष विश्व कप ओडिशा 2023 में भारत का पहला मैच 13 जनवरी 2023 को स्पेन के खिलाफ होगा। अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) ने मंगलवार को यह जानकारी दी। एफआईएच ने बताया कि यह मैच राउरकेला के नवनिर्मित बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में खेला जाएगा। टूर्नामेंट की शुरूआत 13 जनवरी को ही ओलंपिक 2016 की स्वर्ण पदक विजेता अर्जेंटीना और अफ्रीका की सर्वोच्च रैंकिंग वाली टीम दक्षिण अफ्रीका के बीच उद्घाटन मैच के साथ होगी, जो भुवनेश्वर के कलिंग स्टेडियम में खेला जाएगा।

# टी-20 क्रिकेट : भारत की बादशाहत बरकरार



**दुबई (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया को तीन मैच की टी-20 सीरीज में भारत ने 2-1 से हराकर आईसीसी रैंकिंग में अपनी बादशाहत को बरकरार रखा है। रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम इंडिया अब 268 प्वाइंट्स के साथ पहले पायदान पर है, भारत ने दूसरे स्थान पर मौजूद इंग्लैंड पर सात अंकों की बढ़त बना ली है। इंग्लैंड को हार ही में पाकिस्तान के खिलाफ चौथे टी-20 मैच में हार का सामना करना पड़ा था। इंग्लिश टीम 261 प्वाइंट्स के साथ दूसरे पायदान पर है। वहीं, बात ऑस्ट्रेलियाई टीम की करें तो भारत के खिलाफ सीरीज गंवाने के बाद टीम को एक ही प्वाइंट का नुकसान हुआ है और वह 250 अंकों के साथ 6ठे पायदान पर है। आईसीसी रैंकिंग में इंग्लैंड के पास वर्ल्ड कप से पहले भारत के करीब पहुंचने का शानदार मौका है। पाकिस्तान के खिलाफ जारी सात मैचों की सीरीज अभी 2-2 की बराबरी पर है, सीरीज के अलगे तीन मैच लाहौर में खेला जाने हैं और इंग्लिश टीम सीरीज जीतने के साथ भारत के करीब पहुंचना चाहेगी। पाकिस्तान इस समय दक्षिण अफ्रीका के साथ टीम रैंकिंग में 258 अंकों के साथ तीसरे स्थान के लिए बराबरी पर है, लेकिन इंग्लैंड के खिलाफ शेष तीन मैच जीतकर वह दूसरे स्थान पर पहुंच सकता है। वहीं, इंग्लैंड अगर इनमें से एक भी मैच में जीत हासिल करता है तो वह रैंकिंग में दूसरे स्थान पर बना रहेगा, जबकि दक्षिण अफ्रीका को बुधवार से शुरू होनेवाली तीन मैचों की सीरीज में भारत के खिलाफ अपना दावा पेश करने का मौका मिलेगा। बात अन्य टीमों की करें तो केन विलियमसन की अगुवाई वाली न्यूजीलैंड टीम 5वें पायदान पर है, जबकि वेस्टइंडीज, श्रीलंका, बांग्लादेश और अफगानिस्तान क्रमशः 7वें, 8वें, 9वें और 10वें स्थान पर हैं।

## रोहित ने शुरू की नयी प्रथा, अब तक धोनी के नक्शेकदम पर चल रही थी टीम इंडिया

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय टीम के कप्तान के तौर पर एमएस धोनी ने एक प्रथा चलायी थी कि जब भी टीम इंडिया कोई ट्रॉफी जीतती थी, तो उस ट्रॉफी को टीम के सबसे युवा और सबसे नये खिलाड़ी को सौंपा जाता है। इसके बाद टीम इंडिया अपना फोटो सेशन ट्रॉफी के साथ कराती थी। इस प्रथा को कप्तान विराट कोहली के बाद रोहित शर्मा ने भी जारी रखा था, लेकिन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी-20 सीरीज जीतने का बाद कुछ अलग दिखा। दरअसल, टीम इंडिया हैदराबाद में ऑस्ट्रेलिया को हराकर टी-20 सीरीज जीती। कप्तान रोहित शर्मा ने ट्रॉफी को कलेक्ट किया और उसे टीम के सबसे सीनियर और उम्रदराज खिलाड़ी दिनेश कार्तिक को सौंप दिया। इस तरह रोहित ने एक नयी प्रथा को शुरू किया है। विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक टी-20 इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे पहले भारत के लिए डेब्यू करनेवाले खिलाड़ी हैं, जो इस समय टीम इंडिया का हिस्सा हैं। कार्तिक इस समय भारतीय टीम के सबसे उम्रदराज खिलाड़ी भी हैं। उनकी उम्र इस समय 37 साल है। इसके अलावा वे साल 2006 में पहला टी-20 इंटरनेशनल मैच खेलने उतरे थे। उस टीम की प्लेइंग इलेवन का जो हिस्सा थे, उनमें से दिनेश कार्तिक ही एकमात्र खिलाड़ी हैं, जो अभी इंटरनेशनल क्रिकेट खेल रहे हैं।

### ऑस्ट्रेलिया को रौंदने के बाद बोले रोहित -

# इस जीत का स्वाद ही अलग पर एक कमी अभी भी बाकी

**हैदराबाद (एजेंसी)।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने रविवार को तीसरे और अंतिम टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में ऑस्ट्रेलिया को हराकर श्रृंखला 2-1 से जीतने के बाद कहा कि सीरीज के दौरान गेंद और बल्ले से अलग-अलग खिलाड़ियों का योगदान सकारात्मक पक्ष रहा। रोहित ने तीसरे और अंतिम मैच में छह विकेट की जीत दर्ज करने के बाद कहा, यह शानदार लम्हा था। हम अच्छा प्रदर्शन करना चाहते थे और हमने ऐसा किया। सबसे बड़ी सकारात्मक बात यह थी कि अलग-अलग खिलाड़ियों ने गेंद और बल्ले के साथ योगदान दिया। जब आप बैठकर यह सब होते हुए देख रहे होते हैं तो आप टीम प्रबंधन के रूप में अच्छा महसूस करते हैं। रोहित ने कहा कि कभी कभी आप गलती भी करते हैं, लेकिन टी-20 क्रिकेट में ऐसा होता है क्योंकि गलती की गुंजाइश काफी कम होती है। उन्होंने कहा, कई बार आप बहुत कुछ करने में गलती करते हैं। यह टी-20 क्रिकेट है और इसमें गलती की गुंजाइश बहुत कम होती है। मुझे लगा कि हमने मौके का फायदा उठाया। कभी-कभी ऐसा नहीं होता लेकिन यह एक सीख है जिसे हम अपनायेंगे। रोहित ने कहा कि कई विभागों में सुधार की गुंजाइश है विशेषकर डेथ ओवरों की गेंदबाजी में। भारतीय कप्तान ने कहा, बहुत सारे विभाग हैं (जिनमें सुधार की गुंजाइश है), खासकर हमारी डेथ ओवरों की गेंदबाजी। वे दोनों (हर्षल और बुमराह) काफी समय बाद खेल रहे हैं। उनके (ऑस्ट्रेलिया के) मध्य और निचले क्रम को गेंदबाजी करना काफी मुश्किल है। इस पर ध्यान नहीं देना चाहते। वे ब्रेक के बाद आ रहे हैं और उन्हें लय में आने में समय लगेगा।

ऑस्ट्रेलिया के कप्तान आरोन फिंच ने कहा कि उन्होंने अच्छा स्कोर खड़ा किया था, लेकिन विकेट नहीं चटका पाने के कारण हार का सामना करना पड़ा। फिंच ने कहा, यह काफी अच्छी श्रृंखला रही। हमारे लिए इस श्रृंखला की खोज कैमरन ग्रीन रहा। हमने सोचा था कि हमने ठीक-ठाक स्कोर खड़ा किया है। थोड़ी ओस थी और हमें पता था कि हमें विकेट हासिल करने होंगे। आप भारतीय बल्लेबाजों को रन बनाने से रोककर जीत दर्ज नहीं कर सकते।

# इटली नेशंस लीग फाइनल्स में पहुंचा, इंग्लैंड-जर्मनी ने ड्रॉ खेला



**लंदन (एजेंसी)।** लगातार दूसरी बार विश्व कप के लिए क्वालीफाई नहीं कर सकी इटली फुटबॉल टीम ने हंगरी को 2.0 से हराकर नेशंस लीग फाइनल्स में जगह बना ली है। इटली के लिए जियाकोमो रासपाडोरी और फेडरिको डिमार्को ने गोल दागे। इटली, नीदरलैंड और क्रोएशिया ने अगले साल जून में नीदरलैंड में होनेवाले फाइनल्स के लिए अंतिम चार में जगह बना ली है। पुर्तगाल और स्पेन में से भी एक टीम इसमें शामिल होगी जिन्हें मंगलवार को आपस में खेलना है। इंग्लैंड और जर्मनी ने वेंबले स्टेडियम पर 3.3 से ड्रॉ खेला। इंग्लैंड पिछले छह मैचों में से एक भी जीत नहीं सका है और नेशंस लीग में निचले चरण में खिसक गया। वहीं, जर्मनी ने सात में से एक ही मैच जीता है। इटली ग्रुप ए3 में 11 अंक लेकर शीर्ष पर रहा।

### दुर्गा पूजा की बधाई पर भड़के कट्टरपंथी

# बांग्लादेश में हिंदू क्रिकेटर लिटन दास को धर्म परिवर्तन को कहा




**ढाका (एजेंसी)।** नवरात्रि का पर्व शुरू हो चुका है। दुनियाभर में हिंदू धर्म के लोगों में ये नौ दिन और दशहरा काफी मायने रखता है। स्पोर्ट्स स्टार्स भी सोशल मीडिया पर अपने चाहनेवालों के लिए शुभकामनाएं लिखीं। इस क्रम में बांग्लादेश में हिंदू क्रिकेटर लिटन दास ने भी फेसबुक पर दुर्गा पूजा की शुभकामनाएं दीं, लेकिन यह कट्टरपंथियों को पसंद नहीं आया। उनकी पोस्ट पर ढेरों लोगों ने कॉमेंट करते हुए धर्म परिवर्तन करने को कहा। दरअसल, नवरात्रि के पहले महालया पर क्रिकेटर लिटन दास ने फेसबुक पोस्ट कर नवरात्रि की बधाई दी थी। उनकी पोस्ट पर कई लोगों के कॉमेंट तो धमकी देने की तरह हैं। कई लोगों ने क्रिकेटर के लिए अपशब्दों का इस्तेमाल किया है। लिटन की पोस्ट पर हालांकि बधाई देने वालों में कई मुस्लिम भी हैं। ऐसा नहीं है कि यह पहली बार हुआ है। उन्होंने इससे पहले कृष्ण जन्माष्टमी पर भी बधाई दी थी, तब भी उन्हें ट्रोल किया गया था और धमकी दी गई थी। उनके पोस्ट पर उल-जुलूल लिखे गये थे। यहां तक कि एक बच्चे का वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें उससे पूछा गया फेवरिट खिलाड़ी तो उसने कहा कि सौम्य सरकार को पसंद नहीं करता, क्योंकि वह हिंदू क्रिकेटर है। दूसरी ओर, बांग्लोदश में हिंदूओं के साथ ज्यादती की खबरें अक्सर आया करती हैं। कभी घर जला दिये जाते हैं तो कभी खिलाड़ी के साथ इस तरह का व्यवहार होता है। उल्लेखनीय है कि लिटन दास और सौम्य सरकार बांग्लादेश की इंटरनेशनल क्रिकेट टीम में खेलने वाले नियमित प्लेयर्स में शामिल हैं।

# अफ्रीका के खिलाफ सीरीज से पहले टीम इंडिया को लगा तगड़ा झटका

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी-20 सीरीज से पहले भारतीय टीम को बड़ा झटका लगा है। पीटीआई के मुताबिक टीम के दो स्टार प्लेयर्स दीपक हुड्डा और मोहम्मद शमी इंजरी के चलते इस सीरीज से बाहर हुए हैं। इसके साथ ही हार्दिक पंड्या को बीसीसीआई ने रेस्ट दिया था। इन तीन खिलाडियों के ना होने से भारत के लिए सीरीज में मुश्किलें खड़ी हो सकती हैं।

**इन तीन खिलाडियों को मिला मौका :** अब हार्दिक पंड्या की जगह स्पिन ऑलराउंडर शाहबाज अहमद को टीम में जगह मिली है। वहीं, दीपक हुड्डा की जगह श्रेयस अय्यर और मोहम्मद शमी की जगह उमेश यादव को शामिल किया गया है। उमेश यादव तो टीम के साथ तिरूवनंतपुरम पहुंच चुके हैं। गौरतलब है कि शमी की जगह उमेश यादव को ऑस्ट्रेलिया सीरीज में मौका मिला था। साउथ अफ्रीकी टीम रविवार से ही केरल की राजधानी में है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक वरिष्ठ सूत्र ने बताया, शमी कोविड-19 से उबर नहीं पाये हैं। उन्हें और समय की जरूरत है और इसलिए वह दक्षिण अफ्रीका श्रृंखला से बाहर हो जायेंगे। उमेश यादव साउथ अफ्रीका सीरीज के लिए शमी के विकल्प के तौर पर टीम में बने रहेंगे। हालांकि, यह पूछे जाने पर कि हार्दिक पंड्या के स्थान पर शाहबाज को क्यों चुना गया है, सूत्र ने कहा, क्या कोई तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर है जो हार्दिक की जगह ले सकता है। राज बावा को बहुत कम अनुभव है और इसलिए हमने उन्हें अनुभव दिलाने के लिए भारत ए टीम में रखा। उसे निखरने के लिए समय की जरूत है।

**बीसीसीआई ने दिया था हुड्डा को लेकर अपडेट :** दीपक हुड्डा को पीठ में चोट लग गयी थी, जिसे लेकर बीसीसीआई ने रविवार को बयान जारी किया था। बीसीसीआई ने कहा था, दीपक हुड्डा पीठ की चोट के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे टी-20 में चयन के लिए उपलब्ध नहीं थे। अब यह पता चला है कि दीपक हुड्डा को एनसीए में रिहैब करना पड़ सकता है।

## टीम इंडिया का कार्यक्रम

- पहला टी-20- 28 सितंबर (तिरूवनंतपुरम)
- दूसरा टी-20- 2 अक्टूबर (गुवाहाटी)
- तीसरा टी-20- 4 अक्टूबर (इंदौर)
- पहला वनडे- 6 अक्टूबर (लखनऊ)
- दूसरा वनडे- 9 अक्टूबर (रांची)
- तीसरा वनडे- 11 अक्टूबर (दिल्ली)

**भारतीय टीम :** रोहित शर्मा (कप्तान), केएल राहुल (उप-कप्तान), विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), दिनेश कार्तिक (विकेटकीपर), आर अश्विन, युजवेंद्र चहल, अक्षर पटेल, अर्शदीप सिंह, हर्षल पटेल, दीपक चाहर, जसप्रीत बुमराह, उमेश यादव, श्रेयस अय्यर।

## विराट कर रहे थे आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी फिर डगआउट से रोहित-द्रविड़ ने भेजा मैसेज

**हैदराबाद (एजेंसी)।** रविवार रात भारत ने ऑस्ट्रेलिया को तीसरे और निर्णायक मुकाबले में पांच विकेट से धूल चटाकर 2-1 से सीरीज अपने नाम की। भारत की इस जीत के हीरो सूर्यकुमार यादव और विराट कोहली रहे जिन्होंने अर्धशतक जड़े। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिए शतकीय साझेदरी भी हुई थी। फॉर्म में लौट चुके किंग कोहली ने अपनी पारी का आगाज आक्रामक अंदाज में किया था। वह शुरुआती कुछ गेंदों से ही बाउंड्री बटोर रहे थे, लेकिन जब सूर्यकुमार यादव ने तेजी से खेलने शुरू किया तो कोहली रूक कर खेलने लगे, क्योंकि कप्तान रोहित शर्मा और कोच राहुल द्रविड़ ने उन्हें डगआउट से यह मैसेज भेजा था। जी हां, मैच के बाद खुद विराट कोहली ने इसके बारे में बताया। किंग कोहली ने मैच के बाद कहा, जब सूर्या ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करना शुरू किया तो मैंने भी डगआउट की तरफ देखा। रोहित और राहुल भाई दोनों ने मुझसे कहा, आप बस बल्लेबाजी करते रहें क्योंकि सूर्या इसे अच्छी तरह से मार रहा था। यह सिर्फ एक साझेदारी बनाने के बारे में था। मैंने अभी अपने अनुभव का थोड़ा सा उपयोग किया है।




## न्यूज गैलरी

### विश्व चैम्पियन मेगनस कार्लसन ने जीता जनरेशन कप शतरंज




**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के अर्जुन एरिगासी को जूलियस बेर जनरेशन कप शतरंज टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में दूसरे दिन भी विश्व चैम्पियन नॉर्वे के मेगनस कार्लसन के हाथों हार का सामना करना पड़ा और इसके साथ ही कार्लसन विजेता बन गये हैं। जोरदार लय में नजर आये कार्लसन नें बेस्ट ऑफ 2 फाइनल के पहले दिन अर्जुन को 2.5-0.5 से मात देते हुए 1-0 की बढ़त हासिल कर ली थी और दूसरे दिन जीत के लिए जरूरी दो अंक कार्लसन नें पहले दो मुकाबलों मे ही हासिल करते हुए खिताब जीत लिये। दूसरे दिन सफेद मोहरो से खेल रहे अर्जुन ने पहले मुकाबले में पिर्क ओपनिंग में वापसी की कोशिश की पर कार्लसन ने शानदार एंडगेम में उन्हे 43 चालों में पराजित कर दिया दूसरे मुकाबले में अर्जुन के पास जीतने के अलावा कोई विकल्प नहीं था पर कार्लसन नें सफेद मोहरो से मोर्डन बेनोनी के खिलाफ कोई मौका ना देते हुए 52 चालों में बाजी अपने नाम कर ली और खिताब भी जीत लिया।

### सोशल मीडिया पर छाया मनिंदर..मनिंदर..का शोर




**कोलकाता (एजेंसी)।** प्रो कबड्डी लीग के सीजन सात की विजेता बंगाल वरियर्स ने सीजन 9 के ऑक्शन के साथ ही मजबूत टीम को तैयार करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। वहीं, बंगाल वॉरियर्स को अपनी कप्तानी में चैम्पियन का खिताब दिलाने वाले मनिंदर सिंह ने भी टीम का साथ नहीं छोड़ा है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि मनिंदर पिछले सीजन में अकेले ही सब पर भारी थे। इस सीजन में भी फैंस उनसे काफी उम्मीद लिए बैठे हैं। देश के अपने सोशल मीडिया कू ऐप पर स्टार स्पोर्ट्स इंडिया ने डिफेंडर्स के लिए मनिंदर सिंह को कड़ी चुनौती करार देते हुए लिखा, इस शेर के पंजे से बचना डिफेंडर्स के लिए मुश्किल ही नहीं नामुमकिन है! क्या मनिंदर सिंह की कप्तानी बंगाल वरियर्स को एक और प्रो कबड्डी खिताब की ओर ले जाएगी? मनिंदर सिंह की कप्तानी की बदौलत ही सातवें सीजन में बंगाल वॉरियर्स ने खिताब जीता था। आठवें सीजन में भी मनिंदर ने धुआंधार प्रदर्शन किया था। 262 प्वाइंट्स लेकर मनिंदर इस सीजन के तीसरे बेस्ट रेडर रहे थे। सुपर मन्नी का प्रदर्शन हर सीजन में बेहतर होता जा रहा है। बंगाल वरियर्स के सबसे भरोसेमंद रेडर्स में शुमार मनिंदर सिंह ने सीजन 8 में कुल 22 मैच खेले, जिसमें उनका रेड स्ट्राइक रेट 65 का रहा। उन्होंने कुल 262 रेड प्वाइंट्स और 2 टैकल पॉइंट्स अपने नाम किए। इसमें 16 सुपर 10 और 11 सुपर रेड शामिल हैं।


**बंगाल वरियर्स :** - कप्तान मनिंदर सिंह, आकाश पिकलमुंडे, मनोज गौड़ा, प्रशांत कुमार, आर गुहान, सुयोग बबन, वैभव गर्जे, विनोद कुमार, सुरेंद्र नाडा, सोलेमन पहलवानी, शुभम शिंदे, श्रीकांत जाधव, सकथीवेल आर, रोहित, परवीन सतपाल, गिरीश मारूती एर्नाक, दीपक निवास हूडा, बालाजी डी, असलम थंबी, आशीष सांगवान, अमित शेरॉन और अजिंक्य कापरे।

# न्यूज गैलरी

## मंदी और महंगाई के बावजूद 2023 में डबल डिजिट में बढ़ेगी आपकी सैलरी

नई दिल्ली। नौकरीपेशा वालों के लिए गुड न्यूज है। अगले साल कर्मचारियों की सैलरी में डबल डिजिट में बढ़ोतरी हो सकती है। ऐसा ग्लोबल प्रोफेशनल सर्विस कंपनी एओन ने अपनी रिपोर्ट में लिखा है। एओन के अनुसार, कंपनी कोविड महामारी के बाद तेजी से वापसी कर रही है। ऐसे में साल 2023 कारोबार दृष्टिकोण से उत्साही हो सकता है और डबल डिजिट में वेतन बढ़ सकती है। एक सर्वे के मुताबिक, देश में कंपनियां अपने कारोबार में मजबूत प्रदर्शन की उम्मीद के बीच वर्ष 2023 में कर्मचारियों के वेतन में 10 .4 प्रतिशत की वृद्धि कर सकती हैं। वैश्विक पेशेवर सेवा कंपनी एओएन पीएलसी के भारत में वेतन वृद्धि के ताजा सर्वेक्षण के अनुसार वेतन में 2023 के दौरान 10 .4 प्रतिशत की वृद्धि होने की उम्मीद है। यह आंकड़ा फरवरी के वेतन में 9 .9 प्रतिशत की वृद्धि के अनुमान से अधिक है। वहीं, 2022 के दौरान वेतन में 10 .6 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी।

## कच्चा तेल 85 डॉलर प्रति बैरल के नीचे, पेट्रोल-डीजल के दाम स्थिर




नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में गिरावट का सिलसिला जारी है। डॉलर में मजबूती और रूस पर नए प्रतिबंध के बाद कच्चा तेल 85 डॉलर प्रति बैरल के नीचे आ गया है, जो पिछले 9 महीने का निचला स्तर है। इसके बावजूद सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों ने घरेलू बाजार में पेट्रोल-डीजल के दाम में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक मंगलवार को दिल्ली में पेट्रोल 96 .72 रुपये और डीजल 89 .62 रुपये प्रति लीटर पर टिका रहा। मुंबई में पेट्रोल 106 .31 रुपये प्रति लीटर और डीजल 94 .27 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है। कोलकाता में पेट्रोल 106 .03 रुपये प्रति लीटर और डीजल का भाव 92 .76 रुपये प्रति लीटर है। इसी तरह चेन्नई में पेट्रोल 102 .63 रुपये प्रति लीटर और डीजल 94 .24 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है। उल्लेखनीय है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में डॉलर की मजबूती और वैश्विक मंदी की आहट के बीच ब्रेंट क्रूट ब्रेंट क्रूड 0 .63 फीसदी यानी 0 .53 डॉलर की गिरावट के साथ 84 .59 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेड कर रहा है, जबकि यूएस वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी 0 .64 फीसदी यानी 0 .49 डॉलर लुढ़क कर 77 .20 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। कच्चे तेल का यह 14 जनवरी के बाद इसका न्यूनतम स्तर है। इस बीच जानकारों का कहना है कि कच्चे तेल का भाव 80 डॉलर प्रति बैरल के नीचे आने के बाद ही भारत में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बदलाव की उम्मीद की जा सकती है।

## एडीबी एशिया-प्रशांत क्षेत्र में खाद्य संकट से निपटने के लिए 14 अरब डॉलर देगा

नई दिल्ली (एजेंसी)। एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने मंगलवार को कहा कि वह एशिया-प्रशांत क्षेत्र में गहराते खाद्य संकट से पार पाने में मदद के लिए 2025 तक संबंधित परियोजनाओं के लिए 14 अरब डॉलर देगा। एडीबी ने कहा कि क्षेत्र में गरीबी और खाने के सामान के बढ़ते दामों के कारण स्वास्थ्य के लिहाज से अच्छा खाना खाने से वंचित 1.1 अरब लोगों की मदद के लिए उसने व्यापक कार्यक्रम की योजना बनायी है। फिलिपीन स्थित बहुपक्षीय संस्थान ने सालाना बैठक के दौरान यह घोषणा की। एडीबी के अध्यक्ष मासत्सुगु असाकावा ने कहा, ह्यह्ययह खाद्य संकट से पार पाने के लिए समय पर उठाया गया ऐसा कदम है जिसकी तत्काल जरूरत थी। इस संकट से एशिया में बहुत से गरीब परिवार खाने से वंचित हो रहे हैं और गरीबी में फंसते जा रहे हैं।" योजना में जलवायु परिवर्तन और जैवविविधता के नुकसान से पार पाने को लेकर खेती और खाद्य आपूर्ति को मजबूत करके दीर्घकालिक खाद्य सुरक्षा व्यवस्था में सुधार पर भी जोर दिया गया है। एडीबी ने कहा कि कोष का उपयोग खेती, खाद्य उत्पादन और वितरण, जल संसाधन प्रबंधन तथा सामाजिक समर्थन से संबंधित मौजूदा और नई परियोजनाओं में किया जाएगा। असाकावा ने कहा कि अल्पकाल में समर्थन का लक्ष्य संकट से सबसे ज्यादा प्रभावित लोग यानी महिलाएं हैं। उन्होंने बैठक में अपने संबोधन में कहा कि रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण आर्थिक परिदृश्य बदतर हुआ है।

# स्टॉक्स का तगड़ा रिटर्न, फिर भी अडानी ग्रुप पर दांव लगाने से हिचक रहे म्यूचुअल



नई दिल्ली (एजेंसी)। बीते 3 साल में गौतम अडानी समूह की कंपनियों के स्टॉक्स ने बंपर रिटर्न दिया है लेकिन इसी दौरान म्यूचुअल फंड्स ने दूरी बनाई है। मिंट की रिपोर्ट के मुताबिक अडानी समूह में म्यूचुअल फंड्स का निवेश कम हुआ है और वह दांव लगाने से बचते नजर आए हैं। मिंट द्वारा दिए गए आंकड़ों के मुताबिक, म्यूचुअल फंड्स के पास अडानी समूह के मार्केट कैपिटल का सिर्फ 0.76% हिस्सा है। अडानी एंटरप्राइजेज और अडानी पोर्ट्स को छोड़कर केवल कुछ फंड हाउसों ने अदानी समूह की अन्य कंपनियों में सक्रिय निवेश किया है। कुछ फंड मैनेजर्स का कहना है कि अडानी समूह की कंपनियों के भारी वैल्यूएशन की वजह ने उन्हें दूर होना पड़ा है। स्टॉक्स ने दिया है बंपर रिटर्नः पिछले तीन वर्षों में अडानी समूह की कंपनियों का मार्केट कैपिटल 1.6 ट्रिलियन रुपये से 20 ट्रिलियन रुपये के स्तर को छु लिया है। समूह के छह शेयरों में से चार ने इस अवधि में 18-46 गुना के दायरे में रिटर्न दिया है। अडानी समूह की कंपनियों के शेयर रिटर्न की बदौलत ही गौतम अडानी ने दुनिया के दूसरे सबसे रईस अरबपति तक के मुकाम को हासिल किया है। अकसर म्यूचुअल फंड ?्स ऐसे स्टॉक्स की तलाश में रहते हैं जिनका फ्यूचर सही हो और रिटर्न सही मिल रहा हो। हालांकि, यह ऐसा मामला है जहां स्टॉक्स ने तो बेहतरीन प्रदर्शन दिया है लेकिन म्यूचुअल फंड ?्स ने शेयरों से दूरी बनाई है। आपको बता दें कि बीते कुछ माह में कई ऐसी रिपोर्ट आई हैं, जिसमें दावा किया गया है कि अडानी समूह की कंपनियों पर भारी भरकम कर्ज है।

## साल 2048 तक कर्जमुक्त हो जाएगा श्रीलंका

नई दिल्ली। श्रीलंका सरकार की मानें तो यह देश तेजी से आर्थिक संकट के साये से निकल रहा है। वहां सब कुछ सामान्य हो रहा है। अब उसे उम्मीद है तो भारत से। श्रीलांका चाहता है कि अब भारतीय पर्यटक पहले की तरह वहां सैर-सपाटे को जाएं और कम खर्च में बेहतर पर्यटन का आनंद लें। भारतीय पर्यटकों को श्रीलंका में आमंत्रित करने के लए वहां के पर्यटन मंत्री हरीन फर्नांडो की अगुवाई में एक प्रतिनिधिमंडल इन दिनों भारत आया हुआ है। इसमें वहां के टूर ऑपरेटर, होटल इंडस्ट्री के प्रतिनिधि और सरकारी अधिकारी शामिल हैं। वे यहां के विभिन्न शहरों में रोडशो कर रहे हैं। इस दौरान फर्नांडो ने पर्यटन क्षेत्र के लिए सरकार की बड़ी योजना का जिक्र कर रहे हैं। उनका कहना है कि श्रीलंका अब आर्थिक संकट से तेजी से उबर रहा है। अब सबकुछ सामान्य हो रहा है।

## वर्तमान विदेश व्यापार नीति मार्च 2023 तक के लिए और बढ़ाई गयी



नयी दिल्ली (एजेंसी)। सरकार ने इस समय लागू विदेश व्यापार नीति (2015-20)को और छह महीने के लिए बढ़ा दी है। यह नीति अब आगामी पहली अक्टूबर से छह माह तक जारी रहेगी। इस नीति की विस्तारित अवधि 30 सितंबर को समाप्त हो रही थी। अब यह मार्च,2023 तक जारी रहेगी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने शुक्रवार को एक विज्ञप्ति में इसकी घोषणा करते हुए बताया कि यह निर्णय निर्यातकों की मांग पर किया गया है। बयान में कहा गया है, ह्यसरकार को निर्यात संवर्धन परिषदों और प्रमुख निर्यातकों से अनुरोध प्राप्त हुए थे कि हमें वर्तमान विदेश व्यापार नीति (2015-20) को अभी जारी रखना चाहिए। इस नीति को कोविड19 महामारी के प्रकोप के बीच पहले भी समय-समय पर बढ़ाया गया था। मंत्रालय ने कहा है कि हाल के दिनों में, निर्यातकों और उद्योग निकायों ने सरकार से गहन आग्रह किया था कि इस समय अस्थिर वैश्विक आर्थिक और भू-राजनीतिक स्थिति को देखते हुए, वर्तमान नीति को कुछ समय के लिए और जारी रखा जाना चाहिए। उनका यह भी कहना है कि इसके साथ ही नयी नीति इसके लिए अभी और अधिक परामर्श करना उचित होगा। मंत्रालय का कहना है कि सरकार नीतिगत निर्णयों में हमेशा ही यथा संभव सभी हितधारकों के साथ परामर्श करती रही है। बयान में कहा गया है कि अब यह नीति पहली अक्टूबर 2022 से छह महीने तक और लागू रहेगी।

# दिवाली त्योहार पर व्यापारियों को बड़े व्यापार की उम्मीद



नयी दिल्ली (एजेंसी)। देश भर में व्यापारियों विगत सोमवार को नवरात्र के पहले दिन से शुरू हुए इस वर्ष के दिवाली त्योहारी सीजन को लेकर इस बार व्यापारियों की उम्मीदें ऊंची हैं और उनका मानना है कि इस दिवाली सीजन में चीन की जगह देश में बने सामानों का बोलबाला होगा। परंपारगत व्यापारियों के एक शीर्ष संगठन ने कहा है है भारत में देश में बने सामानों पर जोर से चीन के व्यापार को सीजन में 75 हजार करोड़ रुपये तक का झटका लग सकता है। कोरोना के कारण पिछले दो साल दिवाली सीजन बुरी तरह प्रभावित रहा। व्यापारियों के संगठन कॉन्फेडरेशन ऑफ आल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने सोमवार को एक विज्ञप्ति में कहा, इस वर्ष सामानों की बढ़ती मांग की सम्भावना के मद्देनजर देश भर में व्यापारियों ने अपने यहाँ पर्याप्त स्टॉक और विभिन्न प्रकार के उत्पादों का व्यापक प्रबंध किए हैं, खास बात यह है की बाजारों में मौटे तौर पर इस बार चीनी सामान नदारद होगा और जिसके विकल्प के रूप में भारतीय सामान बाजारों में मिलेगा। विशेष बात यह है की पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी ग्राहकों का खरीदी व्यवहार पूर्ण रूप से चीनी सामानों के जगह भारतीय सामानों पर रहने वाला है। कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी सी भरतिया एवं राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने आज एक संयुक्त वक्तव्य में देश भर के व्यापारियों से आग्रह किया है की आजादी के अमृत महोत्सव काल में इस वर्ष की दिवाली को विशुद्ध रूप से भारतीय दिवाली- लोकल दिवाली के रूप में मनाया जाए तथा देश भर में व्यापारी अपने घरों एवं दुकानों में वैदिक रीति से दिवाली पूजन करें और अपने ग्राहकों को भी इसके लिए प्रेरित करें।

## एक साल के निचले स्तर पर पाम ऑयल, त्योहारी सीजन में सस्ता होगा खाने का तेल

नई दिल्ली। बढ़ती महंगाई के त्योहारी सीजन में आम आदमी के लिए एक बड़ी खुशखबरी आ रही है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पाम ऑयल की कीमत में गिरावट दर्ज आ रही है और यह गिरकर एक साल के निचले स्तर पर आ गया है। लेकिन एफएमसीजी कंपनियां पॉम ऑयल के रेट में आई गिरावट को ग्राहकों को देने से कतरा रही हैं और कीमत में कटौती नहीं कर रहीं। आपको बता दें इंडोनेशिया के प्रतिबंधों के बाद पाम ऑयल की कीमत में तेजी देखने को मिली थी। जिसके बाद सरकार के स्तर पर हुई पहल से कीमत में गिरावट आई थी। इकोनॉमिक टाइम्स में प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार एफसीजी कंपनियां पाम ऑयल में कमी आने के बावजूद राहत देने के लिए तैयार नहीं हैं। कंपनियों का कहना है कच्चा माल महंगा होने से कीमत में कटौती संभव नहीं है।

# बेल व्यू क्लिनिक ने पूर्वी भारत में डायबिटिक पैर अल्सर सर्जरी के लिए एआई-सक्षम ऊतक पुनर्जनन पेश किया

नवीन मेल संवाददाता

रांची। कोलकाता के बेल व्यू क्लिनिक ने पूर्वी भारत में पहली बार डायबिटिक फुट अल्सर को ठीक करने में मदद करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस-सक्षम ऊतक पुनर्जनन बायो-पैच पेश किया है। मधुमेह में पैर के अल्सर को उसकी पुनरावृत्ति होने देरी से ठीक होने के लिए खतरनाक माना जाता है। पैर के अल्सर से पीड़ित मधुमेह रोगियों के अंगों में अपर्याप्त रक्त की आपूर्ति होती है और उनके लिए सर्जरी जोखिम भरा होता है जबकि सफलता दर कम होती है। बेल व्यू क्लिनिक के सीईओ प्रदीप टंडन ने कहा कि क्लिनिक पूर्वी भारत का पहला स्वास्थ्य संस्थान है जिसने एआई-सक्षम ऊतक पुनर्जनन डायबिटिक फुट अल्सर सर्जरी शुरू की है, जिससे मधुमेह रोगियों और उनके परिवार के सदस्यों को काफी

> बेल व्यू क्लिनिक के सीईओ प्रदीप टंडन ने कहा कि क्लिनिक पूर्वी भारत का पहला स्वास्थ्य संस्थान है जिसने एआई-सक्षम ऊतक पुनर्जनन डायबिटिक फुट अल्सर सर्जरी शुरू की है।

राहत मिली है। उन्होंने ऊतक पुनर्जनन विशेषज्ञों की कोरियाई टीम का स्वागत किया जो इस विषय पर काफी अत्याधुनिक शोध कर रहे हैं। प्रख्यात प्लास्टिक सर्जन और परियोजना की अगुवाई करने वाले डॉ. राजन टंडन ने कहा कि 4डी बायो-प्रिंटिंग (शरीर में प्राकृतिक ऊतकों का उपयोग करना और रोगी की वसा कोशिकाओं के साथ 3 डी प्रिंटिंग का संयोजन) पारंपरिक पुनर्निर्माण प्रक्रियाओं से परहेज करते हुए, मधुमेह के पैर के अल्सर जैसे पुराने घावों के इलाज में एक वास्तविकता है। पारंपरिक प्रक्रियाओं में लंबे समय तक अस्पताल में भर्ती रहने और कई सर्जिकल हस्तक्षेप की आवश्यकता होती है। नैनोफैट (रोगी के फैट ग्राफ्ट से तैयार) और बायो-इंक को मिलाकर ईसीएम बायोपैच बनाया जाता है, जिसमें डेरिम किट का उपयोग किया जाता है, जिसे अल्केम मेडटेक द्वारा भारत में पेश किया गया है। एक्स्ट्रा-सेलुलर मैट्रिक्स (ईसीएम) एक जटिल नेटवर्क है जो एक सेल / ऊतक-विशिष्ट तरीके से व्यवस्थित बहु-डोमेन मैक्रोमोलेक्यूल्स से बना है। ईसीएम के घटक एक साथ मिलकर एक संरचनात्मक रूप से स्थिर समग्र बनाते हैं, जो ऊतकों के यांत्रिक गुणों में योगदान करते हैं।डॉ टंडन ने कहा भविष्य में, हम आघात, कैंसर और जन्म दोषों की जरूरतों को पूरा करने के लिए अनुकूलित समग्र ऊतक पुनर्जनन पर विचार कर सकते हैं, डॉ टंडन ने कहा।

## ब्लैकस्टोन ने एम्बैसी रीट में अपनी हिस्सेदारी बेचकर 2,650 करोड़ रुपये जुटाए

नयी दिल्ली। वैश्विक कोष ब्लैकस्टोन ने एम्बैसी ऑफिस पार्क्स आरईआईटी (रीट) में अपनी हिस्सेदारी बेचकर करीब 32.5 करोड़ डॉलर (2,650 करोड़ रुपये) जुटाए हैं। सूत्रों ने यह जानकारी दी। एम्बैसी ऑफिस पार्क्स रीट देश का पहला रियल एस्टेट निवेश न्यास (रीट) है। इसे पिछले साल रियल्टी कंपनी एम्बैसी ग्रुप और ग्लोबल इन्वेस्टमेंट फर्म ब्लैकस्टोन द्वारा लगभग 5,000 करोड़ रुपये जुटाने के लिए पेश किया गया था। रीट शेयर बाजार में भी सूचीबद्ध है। सूत्रों के अनुसार, ब्लैकस्टोन ने रीट में 7.7 करोड़ शेयर को बड़े सौदे के जरिये 345 रुपये प्रति शेयर के भाव पर बेचकर 32.5 करोड़ डॉलर (2,650 करोड़ रुपये) जुटाए है। इस सौदे के बाद ब्लैकस्टोन की हिस्सेदारी 32 प्रतिशत से घटकर 24 प्रतिशत रह जाएगी। सूत्रों के मुताबिक, अबू धाबी इन्वेस्टमेंट अथॉरिटी (एडीआईए) और कोटक ने इस बड़े सौदे में शेयर खरीदे हैं। अन्य खरीदारों में आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल, एचडीएफसी लाइफ और कोटक म्यूचुअल फंड शामिल हैं। वहीं, एम्बैसी ग्रुप की करीब 15 प्रतिशत हिस्सेदारी है। ब्लैकस्टोन ने इस मामले पर फिलहाल टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है। यह तीसरी बार है जब ब्लैकस्टोन ने एम्बैसी रीट से अपने निवेश को निकाला है।

# अब आईआरसीटीसी कराने जा रही थाईलैंड की यात्रा




नई दिल्ली (एजेंसी)। अगर आप साल के आखिरी महीने में थाईलैंड जाना चाहते हैं तो आईआरसीटीसी आपके लिए एक बेहतरीन एयर टूर पैकेज लॉन्च कर रहा है। पांच रात और छह दिन के इस एयर टूर पैकेज का संचालन 5 दिसंबर को होगा। इस दौरे के दौरान पर्यटकों को थाईलैंड के सभी प्रसिद्ध स्थानों की सैर कराने ले जाया जाएगा। इस पैकेज में आईआरसीटीसी द्वारा पटाया में अलकाजर शो, कोरल आइलैंड और नांग नूच ट्रॉपिकल गार्डन, बैंकॉक में जेम्स गैलरी, बैंकॉक का हाफ डे सिटी टूर, चाओ प्रया क्रूज, सफारी वर्ल्ड और मरीन पार्क आदि का दौरा किया जाएगा। इस टूर पैकेज के यात्रियों के लिए लखनऊ से बैंकॉक (थाईलैंड) होते हुए कोलकाता के लिए फ्लाइट और बैंकॉक (थाईलैंड) से बेंगलुरु होते हुए लखनऊ के लिए वापसी की यात्रा तय की गई है। इस हवाई यात्रा पैकेज में हवाई यात्रा, वीजा शुल्क, तीन सितारा होटलों में ठहरने की व्यवस्था और भारतीय भोजन व्यवस्था (नाश्ता, दोपहर का भोजन और रात का खाना) इस हवाई यात्रा पैकेज में आईआरसीटीसी द्वारा किया जाएगा। थाईलैंड का यह टूर पैकेज 62,900/- रुपये प्रति व्यक्ति और 73,700/- रुपये उनके लिए जो 2-3 लोग एक साथ रह सकते हैं। इस पैकेज की बुकिंग पहले आओ पहले पाओ के आधार पर की जाएगी। इस यात्रा की बुकिंग के लिए लखनऊ स्थित आईआरसीटीसी कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है, साथ ही ऑनलाइन बुकिंग आईआरसीटीसी की वेबसाइट से भी की जा सकती है। अधिक जानकारी और बुकिंग के लिए आप नीचे दिए गए मोबाइल नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं। ये सभी नंबर लखनऊ के हैं। 8287930922/8287930902/8287930911 जारी किये गये हैं।

**बुकिंग के लिए आवश्यक दस्तावेज :** इस टूर पैकेज को बुक करते समय 6 महीने के लिए वैध पासपोर्ट होना बहुत जरूरी है। साथ ही, छह महीने का बैंक स्टेटमेंट होना चाहिए। न्यूनतम शेषराशि 700 अमरीकी डॉलर प्रति व्यक्ति या 1400 अमरीकी डॉलर प्रति परिवार होनी चाहिए। साथ ही आवेदक की दो तस्वीरें (3 महीने से अधिक पुरानी न हों), आकार- 3.5,4.5 सेमी, सफेद बैकग्राउंड और पीछे की तरफ आवेदक के हस्ताक्षर। इस संदर्भ में जानकारी देते हुए आईआरसीटीसी के उत्तरी क्षेत्र के मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक अजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि आईआरसीटीसी लखनऊ से थाईलैंड के लिए हवाई यात्रा पैकेज संचालित कर रहा है।

> इस हवाई यात्रा पैकेज में हवाई यात्रा, वीजा शुल्क, तीन सितारा होटलों में ठहरने की व्यवस्था और भारतीय भोजन व्यवस्था (नाश्ता, दोपहर का भोजन और रात का खाना) इस हवाई यात्रा पैकेज में आईआरसीटीसी द्वारा किया जाएगा।

## मटर-गोभी और आलू-प्याज समेत सभी सब्जियां हुईं महंगी

नई दिल्ली। देशभर में भारी बारिश की वजह से सब्जियों की कीमतों में तेजी देखने को मिल रही है। आम जनता के ऊपर महंगाई की मार पड़ रही है। चावल और गेहूं से लेकर रोजमर्रा के सामान में इस्तेमाल होने वाली चीजों की कीमतों में लगातार इजाफा हो रहा है। इस समय मार्केट में टमाटर, फूलगोभी, लौकी, करेला समेत सभी सब्जियों की कीमतों में करीब 25 से 50 फीसदी तक का इजाफा हो गया है। एक्सपर्ट का कहना गै कि बारिश होने की वजह से हरियाणा, पंजाब, हिमाचल और राजस्थान समेत सभी राज्यों में भारी बारिश की वजह से फसलों को काफी नुकसान हुआ है, जिसका असर सप्लाई पर भी देखने को मिला है। पीटीआई की ओर से मिली जानकारी के मुताबिक, बारिश की वजह से सबसे ज्यादा इजाफा मटर की कीमतों में देखने को मिला है।

# पेज एक के शेष

### राज्यपाल ने रोस्टर...

जैसे विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्ति हेतु 2018 का स्टैच्यूट बनाने व लागू करने की दिशा में तत्परता से कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने झारखंड खुला विश्वविद्यालय और जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय के आधारभूत संरचना के विकास के लिए राशि सुलभ कराने पर भी चर्चा की और उसे शीघ्र सुलभ कराने का निर्देश दिया। राज्यपाल ने उच्च शिक्षा विभाग को शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों के वेतन निर्धारण के कार्यों में गति लाने का निर्देश दिया। इसके लिये उन्होंने आवश्यकतानुसार कुछ कर्मियों को इस कार्य में लगाने की बात कही। बैठक में उन्होंने नीलाम्बर-पीताम्बर विश्वविद्यालय, मेदनीनगर को पुस्तकालय, प्रशासनिक भवन इत्यादि शीघ्र हस्तांतरित करने की दिशा में कार्य करने हेतु कहा। राज्यपाल ने झारखंड खुला विश्वविद्यालय को पृथक भवन सुलभ कराने की दिशा में कार्य के लिए कहा। उच्च एवं तकनीकी शिक्षा सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के समीप लगभग सात एकड़ भूमि देखा गया है। बैठक में यह भी कहा गया कि प्रत्येक विश्वविद्यालय शीघ्र ही बीएड पाठ्यक्रम का शुल्क निर्धारण करें। उक्त अवसर पर कहा गया कि हर विश्वविद्यालय में एक पदाधिकारी ऐसे हों, जिनके पास विश्वविद्यालय की संरचना संबंधी कार्यों की जानकारी हो।

### क्या कहा नेताओं...

चुके हैं, लेकिन इतने बड़े पैमाने पर अवैध खनन बिना अधिकारियों के मिली भगत के संभव नहीं है, राज्य के सभी प्रशाशनिक अधिकारियों की भूमिका की भी जांच होनी चाहिए।

**हेमंत, रघुवर दो समन करे ईडी :** जमशेदपुर पूर्वी विधायक सरयू राय ने कहा है कि अवैध खनन के मामले में ईडी हेमंत सोरेन व रघुवर दास दोनों को ही समन करे, पूछताछ करे। अवैध वसूली में प्रेम प्रकाश दोनों का एजेंट है। सरयू राय ने कहा कि कोर्ट में ईडी के आरोप पत्र के अनुसार 2015-19 के बीच 237 रेक और 2020-22 के बीच 117 रेक खनिज की बिना चालान ढुलाई हुई है। दोनों मुख्यमंत्री खान मंत्री भी रहे हैं। राय ने कहा कि प्रेम प्रकाश, प्रेम के पार्टनर पुनीत भार्गव की नयी ईनोवा का उपयोग साहब और परिवार द्वारा 2020 से अवैध संबंध का सबूत है, क्या कोई स्पष्टीकरण है।

### अक्टूबर से बदल...

10 करोड़ रु. से अधिक के कारोबारवाले व्यापारियों के लिए ई-चालान काटना अनिवार्य : एक अक्टूबर से वस्तु और सेवा कर या जीएसटी के तहत 10 करोड़ रुपये और उससे अधिक के कुल कारोबार वाले व्यापारियों के लिए ई-चालान काटना अनिवार्य होगा। सरकार ने राजस्व घाटे से निपटने और व्यापार जगत से अधिक टैक्स कलेक्शन के मकसद से इसकी सीमा को 20 करोड़ रुपये से घटाकर 10 करोड़ रुपये कर दिया है। इस संबंध में जारी घोषणा में कहा गया है कि नियमों को जीएसटी परिषद की सिफारिशों के आधार पर अधिसूचित किया गया है। रसोई गैस हो सकती है महंगी : हर महीने की शुरुआत में केंद्र सरकार की ओर से रसोई गैस की कीमतों की समीक्षा की जाती है। माना जा रहा है कि 30 सितम्बर को होनेवाली समीक्षा बैठक के बाद सरकार एलपीजी, पीएनजी और सीएनजी जैसे गैस की कीमतों में बढ़ोत्तरी करने का फैसला ले सकती है। यह हुआ तो घरेलू और कॉमर्शियल रसोई गैस सिलेंडरों की कीमतों में एक अक्टूबर से वृद्धि हो सकती है।

### किसानों के लिए...

पर उपलब्ध होता है, जिसे समय सीमा के अंदर वापस करने पर तीन प्रतिशत ब्याज भारत सरकार द्वारा माफ किया जाता है। इस दिशा में राज्य सरकार द्वारा यहां के किसानों की आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त तीन प्रतिशत ब्याज में मदद की जा रही है। इस प्रकार समय सीमा के अंदर किसान द्वारा ऋण वापस किये जाने पर किसान को मात्र एक प्रतिशत ब्याज का बोझ पड़ता है। अबतक राज्य सरकार के प्रयास से 8,96,108 किसानों का केसीसी आवेदन पत्र पंचायत स्तर पर कैंप लगाकर अभियान स्वरूप सृजित किया गया।

**किसान भाई-बहन योजना का लाभ लें :** मुख्यमंत्री के निदेश पर जल्द सरकार आपके द्वार कार्यक्रम शुरू किया जायेगा। इसके तहत छुटे हुए किसानों को केसीसी का लाभ दिया जायेगा। फिलहाल घर-घर अभियान चलाकर एवं केसीसी शिविर लगाकर केसीसी से वंचित किसानों को आच्छादित करने की प्रक्रिया चल रही है। मालूम हो कि 23 जून 2022 को राज्य के सभी प्रखंडों में मेगा किसान क्रेडिट कार्ड वितरण कैंप का आयोजन किया गया ताकि ज्यादा से ज्यादा किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड से आच्छादित किया जा सके। इससे पहले भी 08 जून 2022 को राज्य के सभी जिलों में जिला स्तर मेगा किसान क्रेडिट कार्ड वितरण कैम्प का आयोजन किया गया था।

# जनरल वीके सिंह ने दिल्ली-शिमला सीधी उड़ान सेवा का किया उद्घाटन

> हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कहा कि राज्य सरकार नागरिक उड्डयन मंत्रालय के सहयोग से राज्य में और अधिक हवाई संपर्क बनाने की दिशा में काम कर रही है।



नयी दिल्ली (एजेंसी)। नागर विमानन राज्य मंत्री जनरल डॉ. वी.के. सिंह (सेवानिवृत्त) और हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर ने सोमवार को क्षेत्रीय वायुसेवा सम्पर्क बढ़ाने की उड़ान योजना के तहत दिल्ली से शिमला के लिए पुनः शुरू की गयी सीधी उड़ान सेवा का उद्घाटन किया। गाजियाबाद के हिंडन हवाई अड्डे पर इसके लिए आयोजित विशेष समारोह में उड्डयन मंत्रालय के सचिव राजीव बंसल, उप सचिव उषा पाधी, सुरेश कश्यप, सांसद (लोकसभा), हिमाचल सरकार के प्रधान सचिव देवेश कुमार, एयर इंडिया एसेट होल्डिंग कंपनी (एआईएएचएल) के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक विक्रम दत्त और एलायंस एयर के सीईओ विनीत सूद तथा अन्य अधिकारी तथा गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। जनरल सिंह ने कहा कि यह उड़ान शिमला और दिल्ली एनसीआर के लोगों के लिए सुविधा प्रदान करेगी। मंत्रालय इस एटीआर कनेक्टिविटी को शिमला से कुल्लू और शिमला से धर्मशाला तक बढ़ाने के लिए काम कर रहा है। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कहा कि राज्य सरकार नागरिक उड्डुयन मंत्रालय के सहयोग से राज्य में और अधिक हवाई संपर्क बनाने की दिशा में काम कर रही है। दिल्ली और हिमाचल प्रदेश के बीच हवाई सम्पर्क बढ़ाने के लिए नागरिक उड्डयन मंत्रालय और एलायंस एयर ने दिल्ली-शिमला-दिल्ली उड़ान को फिर शुरू किया है। सोमवार से यह सेवा पुन चालू हो गयी है और दैनिक रूप से परिचालित की जाएगी।





## न्यूज गैलरी

### संजय राउत की जमानत पर सुनवाई 10 अक्टूबर तक स्थगित

**मुंबई (एजेंसी)।** धनशोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) की विशेष अदालत ने मंगलवार को शिवसेना नेता एवं सांसद संजय राउत की जमानत याचिका पर सुनवाई 10 अक्टूबर तक के लिए स्थगित कर दी। न्यायाधीश एमजी देशपांडे 10 अक्टूबर को संबंधित मामले की सुनवाई करेंगे। श्री राउत ने अपनी जमानत याचिका में तर्क दिया कि उनसे अब पूछताछ की आवश्यकता नहीं है और इसलिए उन्हें जमानत पर रिहा किया जाना चाहिए। उन्होंने किसी भी तरह की गड़बड़ी से इनकार किया है। श्री राउत को प्रवर्तन निदेशालय ने अगस्त में पीएमएलए के तहत उपनगरीय गोरेगांव में पात्रा 'चॉल' (पुरानी पंक्ति के मकान) के पुनर्विकास से संबंधित वित्तीय अनियमितताओं में उनकी कथित भूमिका के लिए गिरफ्तार किया है। वह अभी आर्थर रोड जेल में हैं।

### नेपाल में हिमस्खलन की घटना, 15 पर्वतारोही घायल

**काठमांडू (एजेंसी)।** नेपाल में मानस्लू पर्वत के आधार शिविर में हिमस्खलन से 15 पर्वतारोही घायल हो गये। नेपाल पर्यटन विभाग ने यह जानकारी दी। विभाग के पर्वतारोहण कक्ष के निदेशक युबराज खाटीवाड़ा ने कहा कि घायलों में ज्यादातर पर्वतारोही गाइड है जो स्थानीय समयानुसार सुबह साढ़े ग्यारह बजे आये हिमस्खलन में बह गये थे। उन्होंने शिन्हुआ से कहा कि घायलों में पांच की हालत गंभीर है। तीन हेलीकाप्टर स्टैंडबाई में है, लेकिन खराब मौसम के कारण घायलों को एयरलिफ्ट नहीं किया जा सका। उन्होंने कहा कि उस समय 40 से अधिक विदेशी पर्वतारोही थे। यह सब आधार शिविर के अंदर होने के कारण हिमस्खलन से अप्रभावित रहे।

### मुंबई में बुर्का नहीं पहनने पर पत्नी की हत्या

**मुंबई (एजेंसी)।** मुंबई में एक मुस्लिम युवक ने अपनी हिंदू पत्नी की गला रेतकर हत्या कर दी। शुरूआती जांच में पता चला है कि पत्नी ने अपने ससुराल में मुस्लिम रीति-रिवाज मानने और बुर्का पहनने से मना कर दिया था। मुंबई के तिलक नगर इलाके के रहनेवाले इकबाल मोहम्मद शेख ने तीन साल पहले 23 साल की रूपाली नाम की हिन्दू लड़की से लव मैरिज की थी। दोनों का दो साल का बेटा भी है। शादी के बाद रूपाली पर ससुराल में मुस्लिम रीति-रिवाज को मानने और बुर्का पहनने का दबाव बनाया जा रहा था। इसे लेकर इकबाल और रूपाली में झगड़ा होने लगा था। दोनों पिछले कुछ महीने से अलग रह रहे थे। दोनों के बीच फोन पर ही बात होती थी। इस दौरान भी अक्सर झगड़ा ही होता था।

# अशोक गहलोत ने बगावत को बताया गलती, माफी भी मांगी



## गहलोत के हाथ से अब सीएम की कुर्सी भी जाने का मंडरा रहा खतरा

**राजस्थान** की राजनीति में जादूगर कहे जानेवाले अशोक गहलोत ने हाल के दिनों तक जब जो दांव चला, सब उनके पक्ष में जाता रहा। लेकिन सचिन पायलट को रोकने के लिए इस बार जो पासा उन्होंने फेंका वह कामयाब नहीं होता दिख रहा है। उलटे गहलोत ही चौतरफा घिर गये हैं। एक तरफ कांग्रेस अध्यक्ष बनाये जाने की संभावनाओं पर विराम लगता दिख रहा है तो दूसरी तरफ अब राजस्थान में भी उनकी मुश्किलें बढ़ने लगी हैं। हाईकमान का मूड भांपते हुए विधायकों ने पलटी मारना शुरू कर दिया है। पिछले 24 घंटे में कई विधायक सामने आ चुके हैं, जिन्होंने खुलकर मीडिया के सामने कहा है कि पार्टी आलाकमान का हर फैसला उन्हें मंजूर है और पायलट को सीएम बनाये जाने से उन्हें कोई दिक्कत नहीं है। कल तक गहलोत कैंप में शामिल विधायक खुशवीर सिंह जोजावर ने मंगलवार को सुबह एक न्यूज एजेंसी से बातचीत में कहा कि वह आलाकमान के साथ हैं और जो भी फैसला किया जायेगा वह उन्हें मंजूर है। उन्होंने कहा है कि वह राजनीति में रहें या ना रहें, लेकिन आलाकमान के फैसले को सहर्ष स्वीकार करेंगे। उन्होंने यह भी माना कि हस्ताक्षर करनेवालों में वह भी शामिल थे। जोजावर ने कहा कि उन्हें सोनिया गांधी जी ने ही टिकट दिया था, इसलिए वह उनके खिलाफ इस जन्म में तो नहीं जा सकते हैं। बताया जा रहा है कि गहलोत कैंप के विधायकों ने आलाकमान का मूड भांप लिया है। जिस तरह पार्टी नेतृत्व के दूत अजय माकन ने धारीवाल के घर हुई बैठक को अनुशासनहीनता बताते हुए ऐक्शन का संकेत दिया उसके बाद विधायकों ने पाला बदलना शुरू कर दिया है। करीब आधे दर्जन विधायक खुलकर सामने आ चुके हैं तो कई इसकी तैयारी में हैं। अगले एक-दो दिन में बड़ी संख्या में विधायक गहलोत कैंप का साथ छोड़कर पार्टी नेतृत्व के फैसले के साथ रहने का ऐलान करनेवाले हैं।

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के समर्थक विधायकों और कांग्रेस अलाकामान के बीच तनातनी जारी है। खबर है कि गहलोत ने इस मामले को लेकर पार्टी नेतृत्व से माफी मांग ली है, लेकिन कथित तौर पर गांधी परिवार राजस्थान में बने सियासी तनाव से खासा नाराज है। दरअसल, कहा जा रहा है कि राज्य में तनाव मुख्यमंत्री की कुर्सी को लेकर है। रविवार रात करीब 80 विधायकों ने पायलट के सीएम बनने के खिलाफ एक सुर मिलाये थे। कांग्रेस को 'अपमानित' करने को लेकर गांधी परिवार गहलोत से कथित तौर पर नाराज है। बताया जा रहा है कि राजस्थान सीएम ने केंद्रीय पर्यवेक्षक मल्लिकार्जुन खड़गे से माफी मांग ली है। साथ ही उन्होंने विधायक दल की बैठक के साथ ही विधायकों की अलग मीटिंग

> ■ राजस्थान में बने सियासी तनाव से गांधी परिवार खासा नाराज, खुद को अपमानित महसूस कर रहा

बुलाने और उसके बाद हुई बगावत को 'गलती' बताया है। खबर है कि गहलोत का कहना है, 'ऐसा नहीं होना चाहिए था।' साथ ही उन्होंने पूरे सियासी घटनाक्रम से पल्ला झाड़ लिया है। उन्होंने जानकारी दी कि खड़गे का मानना है कि गहलोत के मामले में शामिल नहीं होने के दावे के बावजूद उनकी सहमति के बगैर ऐसी बगावत नहीं हो सकती थी।

**राजस्थान में कैसे फूटा सियासी बम :** रविवार को गहलोत समर्थक विधायकों ने इस्तीफे की धमकी दी। साथ ही उन्होंने साफ कर दिया कि पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट के सीएम के तौर पर स्वीकार नहीं करेंगे। ये विधायक कांग्रेस नेता खड़गे और अजय माकन की तरफ से बुलायी गयी बैठक से भी गायब रहे और जोशी के आवास पर पहुंच गये।

**केंद्रीय नेतृत्व पर सवाल :** माकन ने इसे 'अनुशासनहीनता' बताया है और माना जा रहा है कि केंद्रीय नेता 'नाराजगी और अपमानित' महसूस कर रहे हैं। साथ ही इस घटना को गांधी परिवार की पार्टी से छूटती पकड़ के संकेत के तौर पर भी देखा जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, गहलोत कांग्रेस अध्यक्ष के पद की रेस से बाहर नजर आ रहे हैं।

### उद्धव ठाकरे को सुप्रीम कोर्ट से झटका, कोर्ट ने कहा -

# चुनाव आयोग तय करेगा कौन है असली शिवसेना



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** शिवसेना विवाद में मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट से एकनाथ शिंदे गुट को बड़ी राहत मिली है। जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली संवैधानिक बेंच ने पार्टी पर शिंदे गुट के दावे को लेकर चुनाव आयोग की कार्यवाही पर लगी रोक हटा दी है। अब आयोग शिवसेना के चुनाव चिह्न पर फैसला कर सकता है। यह उद्धव ठाकरे के लिए बड़ा झटका है, क्योंकि उद्धव ने इस मामले में विधायकों की योग्यता का फैसला होने तक इलेक्शन कमीशन की कार्यवाही पर रोक लगाने की मांग की थी।

उद्धव की याचिका पर सुनवाई करते हुए 23 अगस्त को जस्टिस एनवी रमना की बेंच ने केस संवैधानिक बेंच को ट्रांसफर करते हुए चुनाव आयोग की कार्यवाही पर रोक लगा दी थी। जस्टिस रमना ने कहा था कि संवैधानिक बेंच यह तय करेगी कि आयोग की कार्यवाही जारी रहेगी या नहीं। इससे पहले चुनाव आयोग ने सिंबल को लेकर शिंदे गुट की याचिका पर सभी पक्षों को नोटिस भेजकर जवाब देने के लिए कहा था।

**20 जून से शुरू हुआ था शिवसेना का विवाद :** शिवसेना का विवाद 20 जून से शुरू हुआ था, जब शिंदे के नेतृत्व में 20 विधायक सूरत होते हुए गुवाहाटी चले गये थे। इसके बाद शिंदे गुट ने शिवसेना के 55 में से 39 विधायक के साथ होने का दावा किया, जिसके बाद उद्धव ठाकरे ने इस्तीफा दे दिया था। पिछली सुनवाई के दौरान मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा था कि हमारे ऊपर अयोग्यता का आरोप गलत लगाया गया है। हम अभी भी शिवसैनिक हैं।

## आशा पारेख को फाल्के पुरस्कार, राष्ट्रपति करेंगी सम्मानित




**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** कटी पतंग, मेरा गांव मेरा देश और लव इन टोक्यो जैसी यादगार फिल्मों में भूमिका निभानेवाली हिंदी रजतपटल की अपने समय की महान अभिनेत्री आशा पारेख को वर्ष 2020 के लिए दादा साहब फाल्के पुरस्कार प्रदान किया जायेगा। राष्ट्रपति मुर्मू सुश्री पारेख को यह पुरस्कार नयी दिल्ली में 68वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार वितरण समारोह में 30 सितम्बर को प्रदान करेंगी। 52वें दादासाहेब फाल्के पुरस्कार के निर्णायक मंडल के इस निर्णय की घोषणा करते हुए केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने मंगलवार को कहा कि मुझे यह घोषणा करते हुए सम्मानित महसूस हो रहा है कि दादासाहेब फाल्के चयन जूरी ने आशा पारेख जी को भारतीय सिनेमा में उनके अनुकरणीय जीवनभर के योगदान के लिए मान्यता और पुरस्कार देने का निर्णय लिया है। श्री ठाकुर ने यह भी घोषणा की कि 68वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार 30 सितम्बर को नयी दिल्ली में आयोजित किये जायेंगे और इसकी अध्यक्षता भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू करेंगी। सुश्री आशा पारेख ने फिल्मों में अभिनय के अलावा निर्देशक और निर्माता की भूमिका में भी भारतीय सिनेमा को समृद्ध किया। उन्होंने सिनेमा और नृत्यकला प्रेमियों के मन पर एक कुशल भारतीय शास्त्रीय नृत्यांगना के रूप में भी अपनी अमिट डाली है।

## सीरिया के तट पर जहाज के डूबने की घटना में मृतकों का आंकड़ा 100 हुआ



**काहिरा (एजेंसी)।** सीरिया में टार्टस प्रांत के तट पर एक प्रवासी जहाज के दुर्घटनाग्रस्त होने से मृतकों की संख्या बढ़कर 100 हो गयी है। सीरियाई बंदरगाह प्राधिकरण के प्रमुख समीर कब्रासली ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सरकारी समाचार एजेंसी सना ने श्री कब्रासली के हवाले से अपनी रिपोर्ट में बताया कि आपातकालीन सेवाओं को टार्टस तट के पास जहाज के मलबे से 100 शव बरामद हो चुके हैं। श्री कब्रासली ने कहा कि लेबनानी अधिकारियों ने प्रवासियों के साथ लापता हुए जहाज के बारे में दमिश्क को चेतावनी नहीं दी थी और दुर्घटना होने के बाद ही सीरियाई अधिकारियों से संपर्क किया था। यह जहाज पिछले हफ्ते लेबनान से साइप्रस के लिए रवाना हुआ था, जिसमें सीरियाई, लेबनानी और फिलिस्तीनी नागरिकों के साथ-साथ अज्ञात नागरिकता वाले लोग भी शामिल थे। एक जीवित बचाये गये व्यक्ति के अनुसार जहाज में लगभग 150 यात्री सवार थे। लेबनान की सेना ने कहा कि उसने एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया है जो इस परिवहन का आयोजक था और उसने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। राहत अभियान 22 सितम्बर को शुरू हुआ था।

## राजस्थान में लंपी वायरस से 25 हिरणों की मौत

**बाड़मेर (एजेंसी)।** राजस्थान में गौवंश के लिए काल बनकर आया लंपी वायरस अब हिरणों में फैल रहा है। पिछले डेढ़ महीने में इस बीमारी से 35 हिरण संक्रमित हुए, जिसमें से 25 की मौत हो चुकी है। इस खबर के बाद से पशुपालन विभाग में खलबली मच गयी है। आनन-फानन में मौके पर टीम भेजी गई है। सैंपल लिए जा रहे हैं। अमृता देवी वन्य जीव संरक्षण संस्थान के संचालक किशोर भादू कहते हैं- हिरणों के अलावा रेस्क्यू सेंटर में कबूतर, नीलगाय, खरगोश, मोर भी हैं। पिछले डेढ़ महीने से हिरणों में लंपी स्किन के लक्षण दिख रहे हैं। हमारे रेस्क्यू सेंटर में 135 हिरण थे, जिसमें 35 हिरणों में इस बीमारी के लक्षण पाये गये थे। एक माह में 25 हिरणों की मौत हो चुकी है। अब भी 7-8 हिरण अभी भी लंपी से संक्रमित हैं। संस्थान के संचालक किशोर भादू की मानें तो हिरणों में लंपी के लक्षण दिखने के बाद भी सरकारी मदद नहीं मिल रही है। वर्तमान में 110 के आसपास हिरण बचे हैं। रेस्क्यू सेंटर में संस्थान अपने स्तर पर ही संक्रमित हिरणों का इलाज करवा रहा है।

# नासा ने रचा इतिहास, एस्टेरॉइड से टकराया डार्ट स्पेसक्राफ्ट

### वैज्ञानिकों को उम्मीद ○ धरती की तरफ आ रहे ऐस्टरॉइड की दिशा और गति दोनों बदल जायेगी

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** नासा ने मंगलवार सुबह-सुबह इतिहास रच दिया। 4 बजकर 45 मिनट के करीब पृथ्वी को ऐस्टरॉइड के खतरे से बचाने के अभ्यास के तहत अपने डार्ट मिशन को अंजाम दिया। ऐस्टरॉइड से टकराकर उसकी दिशा बदलना था जो सफल रहा। नासा की यह बड़ी सफलता है। भविष्य में ऐसे किसी भी खतरे को रोका जा सकेगा। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा का अंतरिक्ष में बहुत बड़ा प्रयोग था। नासा पृथ्वी को ऐस्टरॉइड के खतरे से बचाने के अभ्यास के तहत अपने डार्ट मिशन को अंजाम दिया। अंतरिक्ष यान डिमोर्फोस नामक एक छोटे ऐस्टरॉइड से टकराया। यह एक बड़े ऐस्टरॉइड डिडिमोस की परिक्रमा कर रहा था डार्ट के टरकानेवाले ऐस्टरॉइड की लंबाई 169 मीटर के आसपास थी। वैज्ञानिकों को पहले से ही उम्मीद थी कि टक्कर से ऐस्टरॉइड की दिशा और गति दोनों बदल जायेगी। नासा ने धरती के चारों ओर आठ हजार से अधिक नीयर अर्थ ऑब्जेक्ट्स रिकॉर्ड किये हैं। इनमें कई ऐसी चीजें हैं जो धरती से टकरा गयी तो काफी नुकसान हो सकता है।

> ■ नासा का प्रयोग सफल, मंगलवार सुबह 4.45 बजे डार्ट मिशन रहा सफल



नासा का यह मिशन सफल रहा और भविष्य में ऐसे खतरों से निपटने में मदद मिलेगी। नासा यह परीक्षण करना चाहता था कि यदि धरती की तरफ आ रहे किसी खतरनाक ऐस्टरॉइड की दिशा में परिवर्तन किया जा सकता है। ऐसा करने के लिए नासा की ओर से इस प्रकार का पहला टेस्ट किया गया। हर दिन रेफ्रिजरेटर से लेकर कार तक के छोटे-बड़े कई ऐस्टरॉइड हमारी धरती की कक्षा में प्रवेश करते हैं। इनमें से अधिकतर वायुमंडल के घर्षण के कारण नष्ट हो जाते हैं। हालांकि, अंतरिक्ष में कई ऐसे ऐस्टरॉइड अब भी मौजूद हैं, जिनसे धरती को खतरा हो सकता है।